राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267 आपकी आवाज को करें बुलन्द...



06 ऋचा चड्ढा लेकर आई नया...



केंद्र सरकार ने 12 वर्षों में लोकतंत्र की ... 10

गाजियाबाद, गुरुवार 01 अक्टूबर 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 13 अंक: 206, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### उमर खालिद और शरजील इमाम को दिल्ली हाईकोर्ट से झटका, जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** 2020 के दिल्ली दंगा मामले से जुड़ी बड़ी साजिश के आरोप में गिरफ्तार उमर खालिद और शरजील इमाम को दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को दोनों की जमानत याचिका खारिज कर दी है। दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के



पिछले आदेश को देखते हुए वह अभी जमानत नहीं दे सकते। जस्टिस प्रतिभा एम. सिंह और जस्टिस दिनेश भट्ट की बेंच ने उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिका पर सुनवाई की। दरअसल, उमर खालिद और शरजील इमाम ने कड़कड़डूमा ट्रायल कोर्ट के 4 जुलाई 2026 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उनकी जमानत याचिका तीसरी बार खारिज कर दी गई थी। ट्रायल कोर्ट ने अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट के जनवरी 2026 के उस आदेश का हवाला दिया था, जिसमें इन्हें तत्काल नियमित जमानत देने से इनकार किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने इन दोनों की जमानत याचिका खारिज करते हुए यह छूट दी थी कि यदि मामले के सुरक्षित और गोपनीय गवाहों के बयान दर्ज हो जाते हैं या फिर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के एक साल पूरे हो जाते हैं और ट्रायल में देरी होती है, तो वे निचली अदालत में दोबारा जमानत के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में भीषण आग, कई घर और गौशालाएं जलकर खाक

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के दूरदराज वारवान क्षेत्र के मुंगली गांव में मंगलवार देर रात भीषण आग लगने से करीब 10 घर तबाह हो गए। आग की चपेट में आने से कई गौशालाएं और मवेशियों के बाड़े भी जलकर खाक हो गए। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है और मामले की जांच जारी है।

जानकारी के अनुसार, आधी रात के कुछ देर बाद गांव के एक घर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने आसपास के घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज लपटों के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल रहा।

### देशभर में बदला मौसम का मिजाज, पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत में भारी बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देशभर में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी के बीच भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार, 30 सितंबर को देश के कई हिस्सों में बारिश, आंधी-तूफान और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण भारत, पूर्वोत्तर राज्यों और द्वीपीय क्षेत्रों में कई स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। वहीं, मध्य, पूर्वी और पश्चिमी भारत के कुछ हिस्सों में भी



बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर-पश्चिम भारत में मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहने की संभावना है।

हालांकि, बुधवार को पूर्वी राजस्थान और पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर बारिश हो सकती है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और उत्तराखंड में भी आने वाले दिनों में बारिश का दौर देखने को मिल सकता है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में अगले पांच दिनों तक कहीं-कहीं बारिश की संभावना है। उत्तराखंड में 30 सितंबर से 2 अक्टूबर तक बारिश हो सकती है, जबकि 5 और 6 अक्टूबर को भी कुछ इलाकों में बारिश होने का अनुमान है। दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी की रेखा लगातार आगे बढ़ रही है।

# पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र का विकल्प तलाश रहा भारत, चीन के हॉटन मार्ग पर बातचीत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पाकिस्तान की ओर से भारतीय विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध लगातार बढ़ाए जाने के बीच भारत वैकल्पिक हवाई मार्ग तलाश रहा है। इसी क्रम में भारत चीन के साथ शिनजियांग क्षेत्र के ऊपर से भारतीय विमानों के लिए वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराने को लेकर बातचीत कर रहा है। प्रस्तावित मार्ग चीन के पश्चिमी शिनजियांग क्षेत्र में स्थित हॉटन के आसपास से गुजर सकता है। दोनों देशों के बीच इस विषय पर करीब एक वर्ष से बातचीत चल रही है, लेकिन अभी तक कोई औपचारिक समझौता नहीं हुआ है। नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने भी मंगलवार को बताया कि भारत पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र के बंद रहने से उत्पन्न समस्या को कम करने के लिए चीन के साथ हॉटन मार्ग को

> ● दोनों देशों के बीच इस विषय पर करीब एक वर्ष से बातचीत चल रही है, लेकिन अभी तक कोई औपचारिक समझौता नहीं हुआ है



लेकर बातचीत कर रहा है। विदेश मंत्रालय इस संबंध में चीनी अधिकारियों के संपर्क में है। प्रस्तावित मार्ग को लेकर अंतिम निर्णय चीन की अनुमति और संबंधित हवाई यातायात व्यवस्थाओं पर निर्भर करेगा। पाकिस्तान के हवाई अड्डा प्राधिकरण ने भारतीय विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र पर लागू प्रतिबंध को एक बार फिर बढ़ा दिया है। विमान परिचालन संबंधी सूचना (नोटम) के अनुसार, प्रतिबंध अब 24 अक्टूबर 2026 को सुबह 4 बजकर 59 मिनट तक प्रभावी रहेगा। इससे पहले यह प्रतिबंध 24 सितंबर को समाप्त होना था। यह प्रतिबंध भारतीय पंजीकृत विमानों के साथ-साथ भारतीय विमानन कंपनियों द्वारा संचालित, स्वामित्व वाले या पट्टे पर लिए गए विमानों तथा सैन्य उड़ानों पर भी लागू है। भारत और पाकिस्तान के बीच हवाई क्षेत्र से जुड़ी यह पाबंदी अप्रैल 2025 से चली आ रही है।

## नामांकन पत्र दाखिल किया



समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार राम गोपाल यादव और धनराज परमल नाथवानी ने लखनऊ के विधान भवन में पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश से राज्यसभा सीटों के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

## प्रधानमंत्री 1 अक्टूबर को भारत मंडपम में यूपीएससी के शताब्दी समारोह में होंगे शामिल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1 अक्टूबर 2026 को सुबह 11 बजे नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के शताब्दी समारोह में शामिल होंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री समारोह को

> ● शताब्दी के अवसर पर स्मारक सिक्का, डाक टिकट और ऐतिहासिक निर्णयों पर पुस्तक का करेंगे विमोचन

संबोधित भी करेंगे। यूपीएससी की स्थापना वर्ष 1926 में हुई थी। आयोग के गठन के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पिछले वर्ष 1 अक्टूबर से वर्षभर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 1 अक्टूबर को होने वाला यह समारोह इन शताब्दी आयोजनों का समापन कार्यक्रम होगा। शताब्दी समारोह के अवसर पर प्रधानमंत्री यूपीएससी शताब्दी स्मारक सिक्का और स्मारक डाक टिकट जारी करेंगे। इसके साथ ही वे 'भारत



में यूपीएससी और लोक सेवा आयोगों की नीतियों को आकार देने वाले-100 ऐतिहासिक निर्णयइ शीर्षक वाली पुस्तक का भी विमोचन करेंगे। समारोह में देश के विभिन्न राज्यों के लोक सेवा आयोगों के अध्यक्ष एवं सदस्य, भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षाविद, यूपीएससी के अधिकारी तथा देशभर से जुड़े अन्य हितधारक शामिल होंगे।

यह समारोह यूपीएससी द्वारा 30 सितंबर और 1 अक्टूबर 2026 को आयोजित किए जा रहे दो दिवसीय कार्यक्रम का हिस्सा है। कार्यक्रम के पहले दिन 30 सितंबर को भारत मंडपम में 'शताब्दी समारोह-मंथनइ का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रख्यात वक्ताओं के संबोधन के साथ विभिन्न विषयों पर पैनल चचाएं आयोजित की जाएंगी।

## एशियाई खेलों में महिला कंपाउंड टीम ने जीता स्वर्ण, प्रधानमंत्री ने दी बधाई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2026 एशियाई खेलों की महिला कंपाउंड टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम, प्रथिका प्रदीप और चिकिता तनिपार्थी को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने भारतीय टीम के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए इसे तीरंदाजी के क्षेत्र में ऐतिहासिक सफलता बताया।

> ● भारतीय तीरंदाजों ने विश्व रिकॉर्ड की बराबरी कर रचा इतिहास

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय महिला कंपाउंड टीम का प्रदर्शन विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करने वाला रहा, जिसने इस उपलब्धि को और भी खास बना दिया। उन्होंने तीनों खिलाड़ियों को स्वर्ण पदक जीतने पर शुभकामनाएं देते हुए उनके भविष्य के प्रयासों के लिए सफलता की कामना की।



प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्सइ पर पोस्ट में कहा, "भारत के लिए स्वर्ण पदक!" पोस्ट में ज्योति सुरेखा वेन्नम, प्रथिका प्रदीप और चिकिता तनिपार्थी को 2026 एशियाई खेलों में महिला कंपाउंड टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर हार्दिक बधाई दी गई।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि भारतीय तीरंदाजों की यह उपलब्धि इसलिए और विशिष्ट है, क्योंकि टीम ने विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की है। इसे भारतीय तीरंदाजों के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए पूरी टीम को भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दी गईं।










# जीएनआईओटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान के विद्यार्थियों ने मलेशिया में अर्जित किया वैश्विक अनुभव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** जीएनआईओटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान, ग्रेटर नोएडा/दिल्ली-एनसीआर के पीजीडीएम बैच २०२५-२७ के विद्यार्थियों के लिए आयोजित अंतरराष्ट्रीय अनुभव कार्यक्रमझ२०२६ विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक और यादगार अनुभव साबित हुआ । मलेशिया में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय

### अंतरराष्ट्रीय अनुभव कार्यक्रम में शिक्षा, उद्योग, संस्कृति और रोमांच का अनूठा संगम

शैक्षणिक वातावरण, औद्योगिक गतिविधियों, वैश्विक व्यापारिक प्रक्रियाओं, सांस्कृतिक विविधता और स्थानीय जीवनशैली को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर प्राप्त हुआ।

इस अंतरराष्ट्रीय यात्रा में ५१६ से अधिक विद्यार्थी, शिक्षक एवं संस्थान के कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय एवं कक्षा आधारित शिक्षा से आगे ले जाकर वास्तविक अंतरराष्ट्रीय वातावरण में सीखने, समझने और अनुभव प्राप्त करने का अवसर प्रदान करना था।

जीआईएमएस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री स्वदेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को वैश्विक दृष्टिकोण विकसित करने, विभिन्न संस्कृतियों को समझने तथा अंतरराष्ट्रीय व्यावसायिक वातावरण से परिचित होने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया।

**अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक वातावरण से हुआ परिचय**

अंतरराष्ट्रीय अनुभव कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने यूनिवर्सिटी सेंस मलेशिया एवं यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी, कुआलालंपुर का भ्रमण किया।

यहां विद्यार्थियों ने दो विशेष शैक्षणिक सत्रों में भाग लिया। इन सत्रों के माध्यम से






विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय शिक्षा व्यवस्था, वैश्विक व्यापारिक वातावरण, आधुनिक प्रबंधन पद्धतियों तथा विभिन्न देशों के बीच ज्ञान के आदान-प्रदान के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई।

इन शैक्षणिक गतिविधियों ने विद्यार्थियों को यह समझने का अवसर दिया कि वास्तविक शिक्षा केवल कक्षा और पुस्तकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि विभिन्न देशों, संस्कृतियों, विचारों, संवादों और अनुभवों से भी निरंतर विकसित होती है।

शैक्षणिक गतिविधियों के अंत में मलेशिया के दोनों संस्थानों द्वारा समस्त विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

इस दौरान जीआईएमएस संस्थान के शिक्षकों द्वारा भी उपरोक्त दोनों विश्वविद्यालयों के छात्रों को आधुनिक प्रबंधन विषयों पर व्याख्यान दिया गया।

**औद्योगिक भ्रमण से मिला व्यावहारिक ज्ञान**

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने रॉयल सेलांगोर का औद्योगिक भ्रमण किया। यहां विद्यार्थियों ने मलेशिया के प्रसिद्ध पीटर उद्योग की निर्माण प्रक्रिया, पारंपरिक शिल्पकला, उत्पादन प्रणाली, गुणवत्ता प्रबंधन तथा वैश्विक बाजार में उसकी उपस्थिति को करीब से समझा।

इस औद्योगिक भ्रमण ने विद्यार्थियों को यह समझने में सहायता की कि किस प्रकार पारंपरिक कौशल, आधुनिक तकनीक, गुणवत्ता और प्रभावी व्यवसाय प्रबंधन के समन्वय से किसी उद्योग को वैश्विक पहचान प्राप्त होती है।

इसके बाद विद्यार्थियों ने मलेशियाई पाम तेल बोर्ड का भ्रमण किया। इस दौरान उन्हें मलेशिया के महत्वपूर्ण पाम तेल उद्योग की उत्पादन व्यवस्था , औद्योगिक महत्व, आर्थिक योगदान और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में उसकी भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई। विद्यार्थियों ने कृषि आधारित उद्योग के प्रबंधन, प्रसंस्करण और वैश्विक बाजार से जुड़े विभिन्न पहलुओं को समझा।

घड़ी निर्माण की दुनिया को करीब से जाना विद्यार्थियों ने जिनेवा घड़ी कारखाने का भी भ्रमण किया। यहां उन्हें घड़ी निर्माण की प्रक्रिया, तकनीकी बारीकियों, शिल्पकला, गुणवत्ता नियंत्रण और उत्पादन प्रणाली को समझने का अवसर मिला।

इस अनुभव के माध्यम से विद्यार्थियों ने जाना कि किसी उत्पाद की वैश्विक पहचान बनाने में गुणवत्ता, सूक्ष्मता, नवाचार, तकनीक और ग्राहक की अपेक्षाओं को समझना कितना महत्वपूर्ण होता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने चॉकलेट कारखाने का भी भ्रमण किया। यहां विद्यार्थियों ने चॉकलेट के निर्माण, प्रसंस्करण, पैकेजिंग और बाजार तक पहुंचने की प्रक्रिया को समझा। यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए उद्योग की वास्तविक कार्यप्रणाली को समझने का एक रोचक और ज्ञानवर्धक अवसर रहा।

## गैराज से दो बैटरी और सामान चोरी, सीसीटीवी में कैद हुआ चोर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ।** मवाना रोड स्थित कार संर्जन के नाम से गैराज में चोर ने अंदर घुसकर दो बैटरी और अन्य सामान चोरी कर लिया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर देकर मामले में जांच और एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। तहरीर के अनुसार 29 सितंबर की रात करीब सात बजे



कर्मचारियों ने काम खत्म करने के बाद गैराज बंद कर दिया था। रात करीब 11:30 बजे एक चोर गैराज में घुसा और वहां से दो बैटरी समेत अन्य सामान चोरी कर ले गया। घटना के बाद पीड़ित ने गैराज में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी। जिसमें चोरी की वारदात कैद होने की बात सामने आई।

पीड़ित सुधीर सिंह बालियान ने 30 सितंबर को थाना पुलिस को तहरीर देकर घटना की जांच कराने और मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नगर पंचायत जहाँगीरपुर कार्यालय में स्वच्छता ही सेवा 2026 कार्यक्रम के अंतर्गत सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य की हुई जांच

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जहाँगीरपुर।** नगर पंचायत जहाँगीरपुर कार्यालय परिसर में ह्रस्वच्छता ही सेवा 2026 कार्यक्रम के अंतर्गत सफाई कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया! शिविर का उद्देश्य नगर पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच करना तथा उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा!स्वास्थ्य जांच शिविर के दौरान सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य की विभिन्न जांचें की गईं!

चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने कर्मचारियों को उनके स्वास्थ्य से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं परामर्श दिया! वहीं डॉ. के.पी. सिंह ने बताया की शिविर मे लगभग 29 कर्मचारियों की जाँच के साथ उनके स्वास्थ्य से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं परामर्श दिया! साथ ही, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने,



साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने तथा कार्य के दौरान आवश्यक सावधानियां बरतने के बारे में भी जागरूक किया गया! सफाई कर्मचारी नगर पंचायत क्षेत्र को स्वच्छ एवं साफ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं! जिन्दगी प्रतिदिन कड़ी मेहनत कर सफाई व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने वाले इन कर्मचारियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आयोजित यह शिविर ह्रस्वच्छता ही सेवाह्न अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा! कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे!

सफाई कर्मचारियों ने स्वास्थ्य जांच शिविर के आयोजन को उपयोगी बताते हुए कहा कि समय-समय पर इस प्रकार के स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम आयोजित होने से कर्मचारियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने में मदद मिलती है! नगर पंचायत की ओर से स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ-साथ स्वच्छता कार्य में लगे कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा पर भी ध्यान देने की बात कही गई! कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता कर्मियों को स्वस्थ रहने और सुरक्षित तरीके से अपने कार्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष गजेंद्र मीणा, बनवारी लाल शर्मा, शकीला, कुंवर सैन, गौरव कुमार,डॉ. के.पी सिंह, सोमपाल शर्मा,अशोक कुमार आदि मौजूद रहे!

# लॉयड कॉलेज पर छात्र ने लगाया हैरेसमेंट का आरोप

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

### छात्र का आरोप कॉलेज वापस नहीं कर रहा है एडमीशन फीस

**ग्रेटर नोएडा।** नॉलेज पार्क स्थित लॉयड बिजनेस स्कूल पर एक छात्र ने हैरेसमेंट का आरोप लगाया है। छात्र का कहना है कि एडमीशन कैंसल करने के बाद भी कॉलेज प्रबंधन के द्वारा फीस वापस नहीं की जा रही है। फीस वापस करने के नाम पर आए दिन कॉलेज बुलाकर परेशान किया जाता है। कॉलेज का चक्कर लगाते कई दिन बीत चुके हैं। परेशान होकर छात्र ने विभिन्न आरोप लगाते हुए वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया है। छात्र ने मांग की है कि उसकी एडमीशन फीस वापस की जाए। कॉलेज द्वारा फीस वापस न करने पर छात्र ने लीगत एक्शन लेने की बात कही है। मामले में कॉलेज का पक्ष जानने के लिए फोन किया गया लेकिन जवाब नहीं मिला।

**छात्र का आरोप**

मूलरूप से रायबरेली के रहने वाले छात्र आदित्य पटेल का कहना है कि उन्होंने लॉयड बिजनेस स्कूल में एडमीशन लिया था। कॉलेज ने एक लाख रुपए फीस जमा करने के लिए कहा था। बाद में कॉलेज ने और पैसे मांगे। जब मैने और पैसा देने से मना किया और अपनी एडमीशन फीस वापस मांगी तो कॉलेज ने कहा कि हमारे यहां पर रिफंड नहीं होता है। छात्र का आरोप है कि बाद में कॉलेज ने उसका एडमीशन कैंसल कर दिया। बाद में कॉलेज ने कहा कि आप ने दो दिन क्लास की है इसलिए फीस वापस नहीं होगी। पीडित छात्र का कहना है कि मैने कॉलेज से कहा कि आप एक माह का पैसा काट लो बाकी फीस वापस कर दो।

आदित्य का कहना है कि फीस वापस पाने के लिए कई दिनों से कॉलेज का चक्कर लगा रहे हैं।

# पीजी से मोबाइल-लैपटॉप चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, एक दबोचा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

### चार बाल अपचारी भी संरक्षण में लिए गए, चोरी की बाइक, मैकबुक, 10 मोबाइल और चाकू बरामद

**नोएडा।** सेक्टर-63 थाना पुलिस ने पीजी और घरों से मोबाइल व लैपटॉप चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चार बाल अपचारियों को भी संरक्षण में लिया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की बाइक, एप्पल मैकबुक प्रो, अलग-अलग कंपनियों के 10 मोबाइल फोन और एक अवैध चाकू बरामद किया गया है।पुलिस के अनुसार, 29 सितंबर को सूचना के आधार पर छिजारसी बारातघर के पास से रोहित उर्फ छंगा उम्र 20 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी रैकी करने के बाद किराये पर रहने वाले लोगों के कमरों और पीजी से मोबाइल व अन्य सामान चोरी करते थे। चोरी का सामान कम कीमत पर राह चलते लोगों को बेचने की बात भी पुलिस ने बताई है। पुलिस के अनुसार बरामद बाइक थाना सेक्टर-49 क्षेत्र से चोरी की गई थी। आरोपी के खिलाफ सेक्टर-63 थाने में चोरी, आर्म्स एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# भाजपा की बैठक में संगठन मजबूती और चुनावी तैयारियों पर मंथन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** भाजपा गौतमबुद्धनगर जिला कार्यालय में बुधवार को जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में

### बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने पर जोर, सेवा संकल्प अभियान को लेकर भी बनी रणनीति

संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, सेवा संकल्प अभियान और आगामी स्नातक व शिक्षक चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर भाजपा पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष नवाब सिंह नागर ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकताओं की सक्रियता और



अनुशासन से होती है। उन्होंने कार्यकताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और चुनावी तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

जिला प्रभारी कांता कर्दम ने कार्यकताओं के बीच आपसी समन्वय और लगातार जनसंपर्क पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने कहा कि गौतमबुद्धनगर में संगठन पूरी सक्रियता के साथ कार्य कर रहा है। कार्यकर्ता सभी अभियानों और कार्यक्रमों को सफल बनाने में जुटे हैं।

दादरी विधायक तेजपाल नागर ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने सेवा कार्यों के साथ आम लोगों से लगातार संपर्क बनाए रखने की अपील की।

बैठक में प्रदेश मंत्री महामेधा नागर, क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर, क्षेत्रीय मंत्री आयुष पंवार, एमएलसी एवं स्नातक प्रत्याशी दिनेश गोयल, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रणीत भाटी समेत पार्टी के जिला व क्षेत्रीय पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बाइक से चेन झपटने वाले दो गिरफ्तार, चोरी की बाइक और 15,500 रुपये बरामद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नोएडा।** सेक्टर-24 थाना पुलिस ने बाइक से चेन झपटने की घटनाओं में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की एक बाइक, पीली धातु की दो टूटी हुई चेन, दो अवैध चाकू और 15,500 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार 29 सितंबर को सूचना के आधार पर जैन पेट्रोल पंप, सेक्टर-54 के पास कच्चे रास्ते से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की पहचान दिल्ली के कल्याणपुरी निवासी विशाल उर्फ



गोल्डी उम्र 30 वर्ष और मोहित उर्फ प्रिंस उम्र 19 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी बाइक से चेन झपटने की घटनाओं को अंजाम देते थे। उनके खिलाफ सेक्टर-24 थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

## चोरी के 70 हजार रुपये बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नोएडा।** सेक्टर-20 थाना पुलिस ने चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी किए गए 70 हजार रुपये और मकान का ताला तोड़ने में इस्तेमाल की गई लोहे की रॉड बरामद की है। पुलिस के अनुसार, 29-30 सितंबर की रात आरोपी फहीम पुत्र वसीम उम्र 24 वर्ष को सेक्टर-21 के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी वर्तमान में लोनी, गाजियाबाद में रह रहा था तथा मूल रूप से सीमापुरी, दिल्ली का निवासी है। पुलिस ने बताया कि बरामद 70 हजार रुपये सेक्टर-20 थाने में दर्ज मुकदमे से संबंधित हैं। बरामदगी के




आधार पर मुकदमे में बीएनएस की धारा 317(2) की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ दिल्ली के विभिन्न थानों में चोरी और झपटमारी समेत कई मामले दर्ज हैं।

# कोतवाली पुलिस ने किए दो वांछित पशु चोर गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रबूपुरा।** बीती रात कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान दो वांछित पशु चोरों को गिरफ्तार किया । जिनके कब्जे से पशु चोरी करने के बाद बेचने में मिलने वाली रकम बरामद हुई।गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक बीती रात कोतवाली पुलिस क्षेत्र अंतर्गत यमुना एक्सप्रेसवे के खेड़ा मोहम्दाबाद अंडरपास पर गश्त कर रही थी। तभी दो संदिग्ध युवक दिखाई दिए। पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा करने पर युवक भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर धर दबोचा। पूछताछ करने पर आरोपियों ने क्षेत्र अंतर्गत पूर्व में हुई पशु चोरी की घटना स्वीकार की। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान आमिर पुत्र ततीर निवासी चिड़ावल



थाना गुलावठी जिला बुलंदशहर व दूसरे अभियुक्त की पहचान नाजिद पुत्र युनुस निवासी मेहरू का नगला थाना हसनपुर जिला पलवल हरियाणा के रूप में हुई। जिनके कब्जे पशुओं को बेचकर रकम बरामद हुई कोतवाली प्रभारी श्यामबाबू शुक्ला ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# नोवरा ने जीएम जल आर.पी. सिंह से की मुलाकात, छलेरा व रोहिल्लापुर की समस्याओं को लेकर सौंपे मांग पत्र

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नोएडा।** नोवरा के प्रतिनिधिमंडल ने आज नोएडा प्राधिकरण के जीएम जल श्री आर. पी. सिंह से मुलाकात कर ग्रामीण क्षेत्रों में जल एवं सीवर से जुड़ी समस्याओं को उनके समक्ष रखा।

इस दौरान ग्राम छलेरा में सीवर संबंधी समस्या के विषय में श्री पवन कुमार राणा द्वारा भेजी गई समस्या को नोवरा द्वारा आगे प्रेषित करते हुए इस संबंध में एक मांग पत्र जीएम जल श्री आर. पी. सिंह को सौंपा गया। मांग पत्र में छलेरा गांव में सीवर व्यवस्था से जुड़ी समस्या का शीघ्र समाधान कराने की मांग की गई।

इसके अलावा ग्राम रोहिल्लापुर की बाहरी पेरीफेरी में जल एवं सीवर लाइन से संबंधित



समस्या को लेकर भी एक अलग मांग पत्र सौंपा गया तथा आवश्यक कार्य जल्द कराने की मांग रखी गई।

जीएम जल श्री आर. पी. सिंह ने दोनों मांगों पर जल्द से जल्द आवश्यक कार्रवाई करने तथा संबंधित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर नोवरा की ओर से अध्यक्ष डॉ. रंजन तोमर एवं उपाध्यक्ष श्री अजय चौहान उपस्थित रहे।

डॉ. रंजन तोमर की ओर से प्राधिकरण के समक्ष मांग रखी गई कि दोनों समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण किया जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को इन समस्याओं से निजात मिल सके तथा जल एवं सीवरेज से संबंधित समस्याओं का शीघ्र समाधान हो सके।

## गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर किसान-मजदूर-नौजवान जनसंवाद कल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** ऑल इंडिया हिन्दुस्तान कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर एक दिवसीय किसान-मजदूर-नौजवान जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन 1 अक्टूबर को सुबह 10:30 बजे प्रदेश कार्यालय परिसर में किया जाएगा।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेशाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा और हापुड़ जिलाध्यक्ष अजय शर्मा द्वारा महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया जाएगा। इस दौरान किसान, मजदूर और नौजवानों की जनसमस्याओं को प्रमुखता से सुना जाएगा तथा विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, भारतीय निर्वाचन



आयोग की एसआईआर प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं तथा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग सहित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा होगी। कार्यक्रम के समापन से पूर्व कूचेसर रोड चौपला स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके बाद राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी गढ़मुक्तेश्वर को सौंपा जाएगा। पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं द्वारा कार्यक्रम को लेकर गांव-गांव जनसंपर्क किया जा रहा है। प्रदेश मीडिया प्रभारी/महासचिव यूपी पंडित आशीष शर्मा ने पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से समय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## आदेश

## सीडीओ ने दिए रेस्टोरेंट, ढाबों और कैंटीनों के निरीक्षण के आदेश

# खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए सैंपलिंग बढ़ाने पर जोर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी भाल चंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई। बैठक में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और लोगों को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने को लेकर चर्चा की गई।

इस मौके पर सीडीओ ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य पदार्थों की सैंपलिंग बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि जांच में मिलावट मिलने पर संबंधित प्रतिष्ठान के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

इसके अलावा रेस्टोरेंट, ढाबों, स्कूल-कॉलेजों और छात्रावासों की कैंटीनों का




नियमित और औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए। बैठक में दवाओं की गुणवत्ता की भी समीक्षा की गई। सीडीओ ने कहा कि ब्लड बैंक, मेडिकल स्टोर, दवा निर्माण इकाइयों और कॉस्मेटिक उत्पादों की नियमित जांच की जाए। इस मौके पर बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, औषधि निरीक्षक और खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# नगर निगम लगाएगा गुलमोहर एन्क्लेव सोसायटी में पालतू कुत्तों के पंजीकरण के लिए विशेष कैंप

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसायटी में नगर निगम की ओर से पालतू कुत्तों के पंजीकरण के लिए गुरुवार, 1 अक्टूबर को विशेष कैंप लगाया जाएगा। कैंप सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक सोसायटी के कम्युनिटी हॉल में आयोजित होगा। इसका उद्देश्य सोसायटी में रहने वाले पालतू कुत्तों का पंजीकरण सुनिश्चित करना और निवासियों को इस प्रक्रिया में सुविधा उपलब्ध कराना है।

गुलमोहर एन्क्लेव रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) की ओर से सभी पालतू कुत्ता पालने वाले निवासियों से अपील की गई है कि जिन लोगों ने अभी तक अपने पालतू कुत्तों का पंजीकरण नहीं कराया है, वे निर्धारित समय पर कैंप में पहुंचकर आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराएं। नगर निगम की टीम कैंप




में पंजीकरण संबंधी कार्य करेगी।पंजीकरण के लिए निवासियों को डॉग का रेबीज वैक्सीनेशन कार्ड, मालिक का आधार कार्ड, मालिक के साथ डॉग की फोटो, डॉग की एकल फोटो, मालिक की एकल फोटो तथा मालिक के हस्ताक्षर की फोटो साथ लानी होगी। आरडब्ल्यूए ने संबंधित निवासियों से अपील की है कि वे सभी आवश्यक दस्तावेज पहले से तैयार रखें, ताकि पंजीकरण प्रक्रिया में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

आरडब्ल्यूए के सचिव ए के दोहरे के अनुसार, जिन निवासियों ने पहले ही अपने पालतू कुत्तों का पंजीकरण करा लिया है, वे भी अपने पंजीकरण संबंधी दस्तावेज तैयार रखें और आवश्यकता पड़ने पर नगर निगम की टीम को उपलब्ध कराएं।

# सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण कर बांटी पीपीई किट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद।** बुधवार को नगर आयुक्त हिमांशु कौशिक के निर्देशानुसार नगर निगम मुरादाबाद की ओर से स्वच्छता ही सेवा अभियान-2026 के अंतर्गत शहर में चार स्थानों पर सफाईमित्र

**सेवा अभियान-2026 के अंतर्गत शहर में चार स्थानों पर सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान शिविरों का आयोजन**

सुरक्षा एवं सम्मान शिविरों का आयोजन किया गया। सिविल लाइंस स्थित पंचायत भवन सभागार, टाउन हॉल, मानसरोवर और गुलाब बाड़ी में आयोजित शिविरों का उद्देश्य सफाई मित्रों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ कार्य के दौरान सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करना और उन्हें जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना रहा।

कार्यक्रम स्थलों पर नगर निगम की अनुबंधित स्वच्छता जागरूकता टीम ने रंगोली बनाकर आकर्षक सजावट की। सफाई मित्रों को सुरक्षा उपकरणों के नियमित उपयोग के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से विभिन्न सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए। सभी कार्यक्रमों का आयोजन जीरो वेस्ट पद्धति से किया गया।चारों स्थानों पर राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया।

इसके माध्यम से सफाई मित्रों को भारत सरकार की नमस्ते योजना की जानकारी दी गई,योजना का उद्देश्य सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई से जुड़े श्रमिकों की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करना तथा जोखिमपूर्ण सफाई के स्थान पर सुरक्षित मशीन आधारित व्यवस्था को बढ़ावा देना है। योजना में कचरा बीनने वाले श्रमिकों को भी शामिल किया गया है। इसके तहत श्रमिकों की पहचान व सत्यापन, सुरक्षा उपकरण एवं प्रशिक्षण, पात्रता के अनुसार आयुष्मान भारत-पीएम जेएवाई से जुड़ाव तथा सफाई या कचरा संग्रहण से संबंधित वाहन और उपकरणों के लिए पूंजीगत सब्सिडी का प्रावधान है। लाइव प्रसारण के बाद सफाई



सिविल लाइंस स्थित पंचायत भवन सभागार टाउन हॉल में सफाई मित्रों को दी गई किट।

मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकों ने उन्हें स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों और दैनिक दिनचर्या में उपयोगी बदलावों के बारे में परामर्श दिया,शिविरों में आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। पात्र सफाई मित्रों और उनके परिवार जनों को आवश्यक दस्तावेजों तथा योजनाओं से जुड़ने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया।

पंचायत भवन परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में हुआ। टाउन हॉल में सहायक नगर आयुक्त विशाल सिंह, मानसरोवर में सहायक नगर आयुक्त प्रज्ञा सिंह तथा गुलाबबाड़ी में नगर स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया,कार्यक्रम के अंत में सफाई मित्रों को पीपीई किट वितरित कर कार्य के दौरान सुरक्षा उपकरणों का नियमित उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

**कार्यक्रम में यह रहे मौजूद**

कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, आईएएस आशुतोष कुमार राय, अजीत कुमार सिंह, संयुक्त नगर आयुक्त निशा मिश्रा, एमएलसी गोपाल अंजान, भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा, पार्षद विशाल सिंह उर्फ गोलू नानी, पार्षद रवि सैनी, पार्षद उदय भान सिंह, पार्षद पति सोनू सैनी सहित नगर निगम के क्षेत्रीय एवं सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। नगर निगम की ओर से बताया गया कि अभियान के तहत सफाईमित्रों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान से जुड़ी गतिविधियां आगे भी जारी रहेंगी।

## गड्ढे में पहिया जाने से बाइक पलटी, नर्सिंग छात्र की मौत, पिता घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद।** मैनाठेर थाना क्षेत्र में मंगलवार की देर रात सड़क के गड्ढे में बाइक का पहिया जाने से बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बाइक सवार नर्सिंग छात्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। बुधवार को नम आंखों के बीच मृतक को सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

कुंदरकी नगर के मोहल्ला नुरुल्लाह पूर्वी निवासी शमसुल हसन (22) मंगलवार रात करीब अपने पिता शफी अहमद के साथ बाइक से महमूदपुर माफी में रिश्तेदारी में हुई मौत के बाद दफन में शामिल होने जा रहा था।बताया गया कि समय से पहुंचने के प्रयास में बाइक की गति तेज थी। महमूदपुर माफी के पास सड़क पर गड्ढे में बाइक का पहिया चला गया, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। शमसुल के सिर में गंभीर चोट लगने से काफी रक्तस्राव हुआ और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं शफी अहमद को परिजनों ने मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है।



मृतक का फाइल फोटो

हादसे की खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घर में कोहराम मच गया।

शमसुल दो भाइयों में छोटा था और नर्सिंग की पढ़ाई कर रहा था। बेटे की मौत से परिवार में गम का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बुधवार को गमगीन माहौल में शमसुल को सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

## बरसात के बाद लेटर का प्लास्टर टूट कर गिरा बाल बाल बचा परिवार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हसनपुर।** नगर के एक मोहल्ले में बरसात बंद होने के बाद सिद्ध आने के कारण लेटर का प्लास्टर अचानक टूट कर कमरे में गिर गया।

**गनीमत रही कि घटना के समय कमरे में नहीं था कोई सदस्य**

गनीमत रही कि जिस समय प्लास्टर टूट कर गिरा उसे समय परिवार का कोई भी सदस्य कमरे में नहीं था। अन्यथा कोई अनहोनी हो सकती थी। नगर के मोहल्ला कोट पूर्वी कुम्हारान रहरा अड्डा निवासी चंद पुत्र फूल कुंवर का कहना है कि बुधवार की देर शाम सभी बच्चे व परिजन मकान के बरामदे में बैठे हुए थे।अचानक एक कमरे का लेटर का प्लास्टर बरसात बंद होने के बाद सीलन आने के कारण अचानक टूट कर गिर गया। कमरे में रखे बर्तन चारपाई डबल बेड कपड़े आदि प्लास्टर में दब गए पीड़ित ने प्रशासन से मदद की वह लगाई है।



कमरे में नीचे गिरा छत का प्लास्टर।

## पालिका प्रांगण में स्वच्छता मित्र सम्मान एवं सहभोज का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हसनपुर।** देश के प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत नगर पालिका अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी के द्वारा स्वच्छता मित्र सम्मान समारोह एवं सह भोज का आयोजन किया गया। नगर पालिका के

**चेयरमैन, ईओ ने फूलमाला पहनकर किया स्वच्छता मित्रों का सम्मान**

सभी सफाई कर्मचारियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है, इस अभियान के अंतर्गत पालिका द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। बुधवार को इस अभियान के अंतर्गत नगर पालिका प्रांगण में स्वच्छता मित्र सम्मान समारोह एवं सहभोज का आयोजन किया गया।



पालिका में आयोजित स्वच्छता मित्रों को सहभोज देते अतिथि।

कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी एवं अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह के द्वारा सभी सफाई कर्मचारियों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया और उसके बाद सह भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान पालिका के द्वारा सफाई कर्मचारियों को किटों का भी वितरण किया गया। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी विजय पाल सिंह, करन सिंह, दिनेश कुमार, कौशल कुमार, मनी कुमार, सभासद मुन्ना चौहान, हम्जा अली, शाहनवाज अंसारी, पंकज भटनागर,अजय पाल, ज्योति गर्ग, पप्पू वाल्मीकि, सचिन गुप्ता, संजय सहदेव, विक्रांत शर्मा, बबीता सैनी, दीपमाला वर्मा, ममता शर्मा, कृष्ण वाल्मीकि, रविंद्र चौहान, शेर मोहम्मद सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## ग्राम प्रधान पर जमीन पर अवैध कब्जे और 46 लाख रुपये के गबन का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रूखालू निवासी विवेक कुमार ने मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र भेजकर ग्राम प्रधान पर अपनी पैतृक जमीन पर अवैध कब्जा करने और लाइब्रेरी निर्माण की निधि से भारी गबन करने का गंभीर आरोप लगाया है।

**पीडित ने मुख्यमंत्री से की शिकायत**

पीड़ित के अनुसार, वर्ष 2024-2025 में ग्राम प्रधान सोनाली ने चुनावी रंजिश के तहत सरकारी अधिकारियों के साथ सांठगांठ कर उनकी पैतृक भूमि पर अवैध रूप से पंचायत भवन का निर्माण करा दिया। आरोप है कि शासन द्वारा लाइब्रेरी निर्माण के लिए स्वीकृत 46 लाख रुपये की राशि को पंचायत भवन की इमारत दिखाकर हड़प लिया गया। पीड़ित ने बताया कि सरकारी अभिलेखों में दर्ज भूमि वास्तव में सतपाल नामक व्यक्ति के खेत में स्थित है, न कि उनकी जमीन पर। पीड़ित ने मुख्यमंत्री से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने, आरोपी ग्राम प्रधान के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने, अवैध निर्माण हटवाने तथा उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## अलीगढ़ मार्ग पर रुस्तमपुर में गड्ढे में बाइक गिरने से हादसा,चालक घायल

बुलनद संदेश ब्यूरो

**हसनपुर।** अलीगढ़ मार्ग पर गांव रुस्तमपुर में बने गड्ढे में मंगलवार रात बाइक गिरने से आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव ढेकला निवासी

**घायल को कराया निजी चिकित्सक ने किया हायर सेंटर रेफर**

नंदराम बुरी तरह घायल हो गया। घायल को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया, जहां से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

बताया जा रहा है कि नंदराम बाइक लेकर नगर से घर लौट रहा था। बरसात का पानी भरा होने से उसे रात में गड्ढे की गहराई का अंदाजा नहीं हुआ। जैसे ही पहिया गड्ढे में गिरा, बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। नंदराम बुरी तरह घायल हो गया। तीन पूर्व हिंदुस्तान ने इस समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया था। रुस्तमपुर में मार्ग पर बने गड्ढों से आशंका जताई थी। एसडीएम हिमांशु उपाध्याय ने जल्द समस्या समाधान का भरोसा दिया था।



घायल चालक।

## मंडल के बरेली स्टेशन पर यात्रियों को मिलेगा स्वच्छ पेयजल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद।** स्वच्छता ही सेवा अभियान-2026 के तहत मुरादाबाद रेल मंडल के बरेली रेलवे स्टेशन पर स्टेशन परिसर की सफाई के साथ पेयजल व्यवस्था को भी दुरुस्त

**स्वच्छता ही सेवा अभियान में पानी की टंकियों, नलों और पेयजल स्थलों की विशेष सफाई, जलभराव रोकने पर भी जोर**

किया जा रहा है। यात्रियों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पानी की टंकियों, नलों, जल बूथ और अन्य पेयजल स्थलों की विशेष सफाई कराई जा रही है।

अभियान के तहत स्टेशन परिसर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। पानी की टंकियों और पेयजल आपूर्ति से जुड़े स्थानों की नियमित सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नलों और उनके आसपास के क्षेत्रों को भी साफ कराया जा रहा है, ताकि यात्रियों को पानी भरने के दौरान गंदगी का सामना न करना पड़े। पेयजल स्थलों के आसपास जलभराव और गंदगी रोकने के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। संबंधित कर्मचारियों को पेयजल स्थलों का नियमित निरीक्षण करने और सफाई व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक महेश यादव ने बताया कि मुरादाबाद मंडल के बरेली समेत सभी रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छ परिसर के साथ स्वच्छ जल और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने यात्रियों से स्टेशन और पेयजल स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने तथा कूड़ा निर्धारित कूड़ेदान में डालने की अपील की।




**ज्ञापन सौंपा** | राष्ट्रपति, पीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

# सवर्ण समाज का फूटा गुस्सा,सड़कों पर उतरे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव करनपुर माफी में स्वर्ण समाज के काफी लोग इकट्ठा हुए उनके द्वारा एक बैठक प्राइमरी स्कूल के सामने आयोजित की गई। बैठक के बाद स्वर्ण समाज के लोगों के द्वारा पैदल मार्च निकालकर राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिला अधिकारी को सौंपा।

बुधवार की दोपहर सवर्ण समाज के लोगों ने विभिन्न मांगों को लेकर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए उप जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से सवर्ण समाज ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि भारत का संविधान सभी को समानता का अधिकार देता है, लेकिन कुछ नियमों से समाज उपेक्षित महसूस कर रहा है। प्रदर्शन कारियों ने यूजीसी द्वारा लागू नियमों को समानता के मौलिक अधिकार के खिलाफ बताते हुए इसे तत्काल वापिस लेने की मांग की। इसके साथ ही एससी-एसटी अधिनियम के हो रहे कथित दुरुपयोग पर चिंता जताते हुए कानून में संशोधन की मांग रखी। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्रवाई से पहले मजिस्ट्रेट स्तर की निष्पक्ष जांच अनिवार्य की जानी चाहिए ताकि निर्दोषों को राहत मिल सके। प्रदर्शनकारी स्वर्ण समाज के युवा वह लोग हाथों में स्लोगन लिखी तरह-तरह की तत्तियां लेकर चल रहे थे।प्रदर्शनकारियों ने देश में आरक्षण व्यवस्था के स्वरूप को बदलने पर जोर दिया। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि आरक्षण का आधार जातिगत न होकर आर्थिक स्थिति होना चाहिए, ताकि किसी भी जाति व धर्म का गरीब व्यक्ति इसका लाभ उठा सके।ज्ञापन सौंपने के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान, सरोत्तम शर्मा, राजपाल सिंह चौहान, आशु ,काले सिंह ,चमन प्रधान राजेंद्र सिंह ,ब्रह्मदेव सिंह, कैप्टन वीर सिंह, मास्टर महेंद्र सिंह ,सीता आर्य, मोहित चौहान, राजपाल सिंह, विशाल, जागेश, सोमपाल सिंह, बृजपाल सिंह, रघुनंदन सिंह ,लोकेश प्रधान ,टेकचंद प्रधान आदि स्वर्ण समाज के लोग मौजूद रहे।





हाथों में तख्तियां लेकर विरोध जताते समाज के लोग। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते सवर्ण समाज के लोग।






## संक्षिप्त समाचार

### कंपोजिट विद्यालय में चोरी: रसोई से सिलेंडर और बर्तन उड़ा ले गए चोर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय रुद्रपुर में अज्ञात चोरों ने रसोईघर को अपना निशाना बनाते हुए हजारों रुपये का सामान साफ कर दिया। चोरी की इस घटना से स्कूल प्रशासन में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कंपोजिट विद्यालय रुद्रपुर के रसोईघर से अज्ञात चोर दो गैस सिलेंडर, दो बड़े भगोने, बाल्टी व अन्य कई महत्वपूर्ण बर्तन चोरी करके फरार हो गए। सुबह स्कूल पहुंचने पर चोरी का पता चला, जिसकी सूचना प्रधानाध्यापक गौरव शर्मा ने तुरंत स्थानीय पुलिस को दी।इसके साथ ही प्रधानाध्यापक द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी हसनपुर को पत्र भेजकर मामले की लिखित जानकारी दी गई है। उन्होंने अधिकारियों से समस्या का तुरंत संज्ञान लेने, समाधान कराने और आगे की कार्रवाई के लिए मार्गदर्शन मांगा है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सरोहा ने बताया कि किसी भी अध्यापक के द्वारा कोई भी सूचना नहीं दी गई है अगर सूचना प्राप्त होती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### आवारा कुत्तों के झुंड ने चार साल की मासूम को नोचा, गंभीर घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद।** थाना सिविल लाइंस क्षेत्र में बुधवार सुबह आवारा कुत्तों के झुंड ने घर के बाहर खेल रही चार वर्षीय मासूम पर हमला कर दिया। कुत्तों ने मासूम के सिर और शरीर को बुरी तरह नोच डाला। हमले में बच्ची गंभीर रूप से घायल होकर लहूलुहान हालत में जमीन पर गिर गई। परिजनों ने किसी तरह कुत्तों को भगाकर बच्ची को बचाया और उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। घटना महल क पुर निजामपुर गांव की है। गांव निवासी भारत की चार वर्षीय बेटी कोमल सुबह घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान अचानक आवारा कुत्तों का झुंड वहां पहुंच गया और बच्ची को घेरकर उस पर हमला कर दिया। कुत्तों ने बच्ची के सिर समेत शरीर के कई हिस्सों को नोच लिया। बच्ची के चीखने की आवाज सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों ने कुत्तों को भगाकर बच्ची को उनके चंगुल से छुड़ाया। घटना के बाद परिजन बच्ची को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां उसका उपचार कराया गया। गांव में मासूम पर कुत्तों के हमले की घटना से लोगों में दहशत है। ग्रामीणों ने आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए संबंधित विभाग से कार्रवाई की मांग की है।

### रामपुर हाईवे पर सवारियों से भरे ई-रिक्शा में डीसीएम ने मारी टक्कर,पांच घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मूंढापांडे।** बुधवार सुबह हाईवे पर सवारियां लेकर जा रहे ई-रिक्शा में तेज रफ्तार डीसीएम ने टक्कर मार दी।टक्कर लगने से ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा चालक समेत पांच लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद डीसीएम चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने घायलों को दूसरे ई-रिक्शा से उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां सभी का उपचार कराया गया। बताया गया कि बुधवार सुबह ई-रिक्शा हाईवे पर सवारियां लेकर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आए डीसीएम ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ई-रिक्शा पलटकर हाईवे किनारे जा गिरा। हादसे में नर खेड़ा निवासी तरन्नुम, उसका बेटा अबुजर और बेटी नूर फातमा घायल हो गए। इसके अलावा ई-रिक्शा चालक कामिल निवासी बीरपुर थाना मूंढापांडे भी घायल हुआ। चालक कामिल टक्कर के बाद हाईवे किनारे बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। हादसे में एक अन्य सवारी भी घायल हुई है। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई। राहगीरों ने घायलों को संभाला और दूसरे ई-रिक्शा से उपचार के लिए सरकारी अस्पताल भिजवाया। सूचना मिलने पर पुलिस ने भी घटना की जानकारी जुटाई। पुलिस डीसीएम और उसके चालक के बारे में जानकारी कर रही है।

### निर्माण कार्य के कारण ऋषिकेश-बाड़मेर एक्सप्रेस दो दिन ढाई घंटे देर से चलेगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद।** उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल में निर्माण कार्य के चलते ऋषिकेश-बाड़मेर एक्सप्रेस का संचालन दो दिन प्रभावित रहेगा। ट्रेन संख्या 14887 ऋषिकेश-बाड़मेर एक्सप्रेस तीन और 15 अक्टूबर को अपने प्रारंभिक स्टेशन ऋषिकेश से निर्धारित समय से 150 मिनट यानी ढाई घंटे विलंब से रवाना होगी।रेलवे के अनुसार समदड़ी-लूणी रेलखंड के दुदिया और दुदाड़ा यार्ड में भूमिगत रास्ते के निर्माण तथा समदड़ी यार्ड में पैदल पुल स्थापित करने का कार्य प्रस्तावित है।


**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम SHANNO NAQVI से बदलकर SHANNO NAQVI रख लिया है। भविष्य में नये नाम से जाना जाये।

**SHANNO NAQVI**
**W/O MANZAR ABBAS NAQVI**
**52, लाकड़ीवालान**
**मुगलपुरा 1st**
**मुरादाबाद**

# हाथापाई प्रकरण: जिला अस्पताल में धरने की सूचना पर दौड़े कोतवाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** जिला अस्पताल के चीफ फार्मासिस्ट से बाहरी युवक द्वारा हाथापाई करने पर गिरफ्तारी न होने पर बुधवार को स्टॉफ गुस्सा गया। वह ओपीडी सेवा

### एक घंटे बाद युवक की गिरफ्तारी न होने पर गुस्साया स्टॉफ, एएसपी ने दिया आश्वासन

ठप करने की जिद पर अड़ गए। सुबह 10 बजे दरी बिछाकर धरने की तैयारी करने लगे। उधर धरने की सूचना मिलने पर शहर कोतवाल जिला अस्पताल की ओर दौड़े। उन्होंने सीएमएस डॉ.बीसी सक्सेना से वार्ता की। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक ने सीएमएस को फोन किया। जहां उन्होंने फोन का लाउडस्पीकर ऑन करके स्टॉफ को बताया कि युवक की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द ही युवक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एएसपी, कोतवाल के आश्वासन पर आक्रोश स्टॉफ शांत हुआ।



जिला अस्पताल स्थित चौकी परिसर का घेराव करते स्टॉफ। फाइल फोटो।

मंगलवार को जिला अस्पताल की डिस्पेंसरी में बाहरी युवक द्वारा चीफ फार्मासिस्ट से अभद्र व्यवहार और थप्पड़ मार दिया था। थप्पड़ मारने की सूचना पर अस्पताल प्रशासन में खलबली मच गई थी। उन्होंने युवक की गिरफ्तारी को लेकर चौकी पुलिस का घेराव कर लिया था। कार्रवाई और गिरफ्तारी की जिद पर अड़ गए थे। मौके पर पहुंचे सीओ सिटी, कोतवाल ने स्टाफ को युवक की गिरफ्तारी करने का एक घंटे का आश्वासन दिया था। लेकिन गिरफ्तारी न होने पर बुधवार को जिला अस्पताल में स्टॉफ धरने देने की रणनीति बनाई।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.बीसी सक्सेना ने बताया कि एएसपी ने युवक की गिरफ्तारी करने का आश्वासन दिया कि जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। युवक के घर पर पुलिस ने दबिश दी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रदीप मलिक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है शीघ्र ही निस्तारण किया जाएगा।

# सेवा संकल्प अभियान में विद्यार्थियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शाहबाद।** सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को राजकीय पॉलिटेक्निक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सहयोग से विद्यार्थियों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में चिकित्सक डॉ. आसिफ ने विद्यार्थियों स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें स्वस्थ एवं बेहतर दैनिक जीवनशैली अपनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए।

जांच के दौरान विद्यार्थियों के स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं की जानकारी लेकर उन्हें उचित परामर्श दिया गया। आवश्यकता के अनुसार विद्यार्थियों को निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और समय रहते स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान करना रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### पासिंग प्रतिशत की बाध्यता समाप्त किया जाए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष रवेंद्र गंगवार के नेतृत्व में बीएड ब्रिज कोर्स से संबंधित ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी को सौंपा गया। शिक्षकों की मांग एनआइओएस द्वारा संचालित बीएड ब्रिज कोर्स को विभागीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण के रूप में कराया जाए। प्रशिक्षण अवधि में प्रतिभागी शिक्षकों को 10 दिवस का विशेष अवकाश/कार्य से पूर्णतः मुक्त रखा जाए। साथ ही प्रशिक्षण अवधि में शिक्षकों को बीएलओ जनगणना सहित अन्य गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखने,



बीएसए को ज्ञापन सौंपते शिक्षक।

अनिवार्य पासिंग प्रतिशत की बाध्यता समाप्त करने तथा मातृत्व एवं चिकित्सकीय अवकाश की वास्तविक परिस्थितियों में प्रशिक्षण पूर्ण करने के लिए अतिरिक्त अवसर प्रदान करने की मांग की गई। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से शिक्षक हित में उक्त मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए आवश्यक आदेश एवं दिशा-निर्देश जारी करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में सैय्यद अफाक हुसैन, संगम शुक्ला, शारुल हसन, अंजली सक्सेना, शिप्रा गुप्ता, दिव्या शर्मा, नलिनी, विनोद कुमार, धर्मेंद्र कुमार, हरीश कुमार साक्षी अग्रवाल, उमेश कुमार, रवि शंकर, तानसेन, आलोक भावना, देवेंद्र, अरुण शर्मा, विवेक कुमार, शिवांगी कौशिक, शिप्रा गुप्ता दिव्या और रोहित सहगल मौजूद रहे।

# आजाद समाज पार्टी के नगराध्यक्ष बने फैजान खां

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** आजाद समाज पार्टी कांशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद, प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार चित्तौड़ के निदेर्शानुसार संगठन को मजबूत करने तथा बहुजन समाज को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से फैजान खान निवासी घेर हसन

### कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं ने फूल मालाओं से किया स्वागत

खान पक्का पुल को नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पार्टी द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में कहा गया है कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर, कांशीराम की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने, बहुजन समाज को संगठित एवं मजबूत करने के लिए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति



कचहरी परिसर में नगराध्यक्ष का स्वागत करते अधिवक्ता।

के अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने नवनियुक्त नगर अध्यक्ष को बधाई दी। आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई मजबूती मिलेगी। बुधवार को नगराध्यक्ष का फूल मालाओं से कचहरी परिसर में स्वागत किया गया।

# पुलिस में अभियान चलाकर 5 वारंटी पकड़े, सभी आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सैदनगर।** अजीमनगर पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पांच वारंटी को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस जिले भर में अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चला रही है। अजीमनगर पुलिस भी अपराधियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर के नेतृत्व में बुधवार को पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। पुलिस ने कोर्ट से फरार चल रहे आरोपियों की धरपकड़ को कार्यवाही की। ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए पुलिस ने पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए इमरान खुशहालपुर थाना टांडा, लाल सिंह मुरसैना, प्रदीप कुमार परचई, जाहिद हुसैन नगलिया



थाना अजीमनगर पुलिस की गिरफ्त में वारंटी।

आकिल, रिजवान नगलिया थाना अजीमनगर को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी काफी समय से फरार चल रहे थे और पुलिस उन्हें तलाश रही थी। गिरफ्तार करने वाली टीम में चौकी इंचार्ज मुरसैना अजय कुमार राणा, चौकी इंचार्ज खौद चंद्र विक्रम सिंह शामिल थे। प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर ने बताया पकड़े गए आरोपियों को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### श्री कृष्ण स्वयं रस हैं: व्यास लालजी महाराज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** वृन्दावन की पावन भूमि से पधारे पूज्य व्यास लाल महाराज ने कथा के षष्टम दिवस पर बॉम्बे होटल में कहा कि श्री कृष्ण स्वयं रस हैं किन्तु उन्होंने गोषियों की इच्छा पूर्ण करने के लिए गोपियों के साथ अनेक कृष्ण बनकर रासलीला की। गुरु का मान रखने के लिए भगवान कृष्ण ने गुरु सन्दीपन की सेवा कर ज्ञान प्राप्त किया। व्यास ने कहा- भगवान के भवन का रास्ता भी गुरु के द्वार से ही होकर जाता है। व्यास ने



बॉम्बे पैलेस होटल में आयोजित श्रीमदभागवत कथा में बोलते महाराज।

रुकमणी विवाह का मार्मिक वर्णन करते हुए कहा कि रुकमणी ने भगवान से प्रार्थना की कि मुझमें नारी सुलभ सभी गुण विद्यमान हैं इसलिए आप मन्दिर जाते समय मेरा हरण कर लें तथा मेरा वरण करें। मैं कुलवती, शीलवती, धैर्यवती कुलीन कन्या हूँ। हे नाथ, आप मेरा वरण करें। भगवान भक्त की करुण पुकार को अवश्य सुनते हैं। रुकमणी की करुणा भरी पुकार को स्वीकार कर उनका हरण करके वरण किया। कथा के भक्तिमय वातावरण में मंगल गीत गाकर भक्तों ने नृत्य किया तथा वस्त्र आभूषण आदि शृंगार की अनेक वस्तुओं का दान किया। आरती के पश्चात भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। कथा से पूर्व मुख्य यजमान के रूप में राजेश्वरी देवी व अलका जैन ने सपरिवार श्रीमद भागवत व व्यास पूजन किया। कथा में राधेश्याम यादव, डॉ. ज्ञानेन्द्र, सर्वेश जैन, सीता राम शर्मा, गंगाशरण, मीना राय, वीना अग्रवाल, प्रतिभा शर्मा, नीलम वैश्य, लेखासुरी, सुमित अग्रवाल, कविता, रुचि, श्वेता, अजय, स्वाति वानी, नितिन, पूनम, मधु, विपिन, शुलभ भक्त उपस्थित रहे।

# जनता दर्शन में दिव्यांगजनों को मिली सहारे की सवारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** जनता दर्शन में फरियाद लेकर पहुंचे दिव्यांगजनों के लिए बुधवार का दिन राहत और उम्मीद लेकर आया। दिव्यांगजन एवं सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित योजना के तहत जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने 4 पात्र

### जिलाधिकारी ने 4 लाभार्थियों को वितरित की ट्राई साइकिल

दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल वितरित की।ट्राई साइकिल हाथ में आते ही लाभार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

ट्राई साइकिल प्राप्त करने वालों में ज्वाला नगर के शाहरून, नालापार के बाबू खां, फरसि खान के फरहान, तथा स्वार के मोहम्मद यासीन शामिल रहे।इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि दिव्यांगजनों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रतिभा पाल को निर्देश दिए कि पात्र दिव्यांग जनों को योजनाओं का लाभ समय से मिले और उन्हें सरकारी योजनाओं के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।ट्राई साइकिल मिलने से लाभार्थियों ने प्रसन्नता जताते हुए कहा आवागमन में अब उन्हें काफी सहूलियत होगी।जिला प्रशासन और दिव्यांगजन एवं सशक्तिकरण विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया।प्रशासन की इस पहल से दिव्यांगजनों के जीवन में सुविधा के साथ आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की नई राह खुलने की उम्मीद है।



जिलाधिकारी ने वितरित की ट्राई साइकिल

# आजम खां,अब्दुल्ला आजम से मिलने पहुंची तंजीन फात्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** जिला कारागार में दो पैनकार्ड मामले में सजा काट रहे पूर्व मंत्री मो. आजम खां, पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम खां से पूर्व सांसद डॉ. ताजिन

### अधिवक्ताओं ने कचहरी परिसर में अब्दुल्ला का मनाया जन्मदिन

फात्मा ने अब्दुल्ला के दोस्तों के साथ मुलाकात की। मुलाकात एक घंटे से ज्यादा चली। वहीं दूसरी ओर कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं ने अब्दुल्ला आजम का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। इस दौरान संजीव यादव, काशिफ खां, नासिर सुल्तान, सतनाम सिंह मद्दू आदि मौजूद रहे। मुलाकात करने वालों में जिला अध्यक्ष अजय सागर, अनवार हुसैन, सालिम मौजूद रहे।



कचहरी परिसर में केक काटते अधिवक्ता।



जेल से मिलाई करके बाहर आतीं तंजीन फात्मा।

### सम्मान के साथ किसानों को मिली राहत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शाहबाद।** ब्लॉक परिसर में आंगनबाड़ी एवं स्वयं सहायता समूह से जुड़े कार्यक्रम में 38-मिलक विधानसभा क्षेत्र की विधायक राजबाला पहुंचीं। गोदभराई, चित्रकला सहित विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। विधायक ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया।इसके बाद तहसील में बारिश और बाढ़ से प्रभावित किसानों को राहत राशि के चेक वितरित किए। विधायक ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों तक सरकारी सहायता पहुंचाना प्राथमिकता है। इस दौरान दिलीप लोधी, युवा भाजपा नेता अनुभव शर्मा, सभासद प्रतिनिधि रवि गोला, वरुण बरनवाल, सुरेश गुप्ता, अर्जुन बरनवाल, नामित सभासद अर्पित वशिष्ठ, सुनील ठाकुर, धर्मपाल सिंह, सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



### महिलाओं को किया जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** मिशन शक्ति फेस पांच अभियान के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बुधवार को जनपद स्तरीय महिला सुरक्षा दल द्वारा एवं सभी थानों से महिला सुरक्षा दल द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन,181 महिला हेल्पलाइन,112 आपातकालीन सेवा,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता तथा घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, ऑनलाइन उत्पीड़न तथा इनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया के बारें में बताया।मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं-बालिकाओं को पंपलेट, कॉमिक्स एवं जागरूकता सामग्री वितरित की।ताकि वे अपने अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों को आसानी से समझ सकें।

# चेक पोस्ट से गायब मिले लेखपाल,एक दिन का कटा वेतन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर जनपद में अवैध खनन, खनिजों के अनधिकृत उत्खनन एवं परिवहन तथा ओवरलोडिंग के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। विभिन्न तहसीलों में सामने आए अवैध खनन के मामलों में जांच और स्थलीय निरीक्षण के बाद दोषी पाए गए व्यक्तियों पर कुल

### अवैध खनन पर प्रशासन की सख्ती, लगाया 27.84 लाख का अर्थदंड

27 लाख 84 हजार 60 रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। प्रशासन की इस कार्रवाई में साधारण मिट्टी, साधारण बालू एवं आईबीएम खनिज से जुड़े अवैध खनन के विभिन्न मामले शामिल हैं। संबंधित उप जिलाधिकारियों की आख्या, स्थलीय निरीक्षण और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर मामलों में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए अर्थदंड अधिरोपित किया गया। अवैध खनन और खनिजों के अवैध परिवहन पर निगरानी के लिए बनाए गए चेक पोस्टों पर भी प्रशासन की सख्ती जारी है। इसी क्रम में दढ़ियाल तिराहा चेक पोस्ट के आकस्मिक निरीक्षण में ड्यूटी पर तैनात लेखपाल कुंदन सिंह, तहसील टांडा अनुपस्थित मिले। निरीक्षण के दौरान उनका मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ पाया गया। लेखपाल की ड्यूटी रात्रि दो बजे से सुबह आठ बजे तक निर्धारित थी। निर्धारित समय में ड्यूटी स्थल से अनुपस्थित रहने को गंभीर लापरवाही मानते हुए प्रशासन ने एक दिन का वेतन काटने की कार्रवाई की है। साथ ही भविष्य में ऐसी लापरवाही दोहराए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जनपद में अवैध खनन और खनिजों के अवैध परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए।

# दूसरे दिन विराट किसान मेले में किसानों को ट्रैक्टर की चाबी सौंपी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** सेवा संकल्प अभियान के तहत सद्भावना केंद्र, पनवड़िया में आयोजित तीन दिवसीय विराट किसान मेले के दूसरे दिन करीब 1400 किसानों ने प्रतिभाग किया।

### कृषि वैज्ञानिकों ने दी उन्नत खेती की जानकारी, मेले में उमड़े किसान

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, मिलक विधायक राजबाला सिंह, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष मोहन लाल सैनी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन कर दीप प्रज्वलित किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी ने किसानों को दी जा रही तकनीकी जानकारी की सराहना की। उन्होंने कहा की सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, कृषि यंत्रों एवं बीजों पर अनुदान, सोलर पंप सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है और योजनाओं का लाभ सीधे किसानों के बैंक खाते में पहुंचा जा रहा है। मिलक विधायक राजबाला सिंह ने किसानों से वैज्ञानिक एवं उन्नत तकनीक अपनाकर उत्पादन और आय बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने मिट्टी की जांच और फसल में पोषक तत्वों की कमी दूर करने पर भी जोर दिया।



मेले में किसान को चाभी सौंपतीं विधायक राजबाला।

मेले में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन के तहत कस्टम हायरिंग सेंटर के लिए चार-चार लाख रुपये के अनुदान से लाभान्वित दो किसानों–ववन कौर, ग्राम उस्तौरिया तथा रजविंदर सिंह, ग्राम गदया नसीमगंज–को ट्रैक्टर की चाबी सौंपी गई। किसानों को 10 मटर बीज मिनीकिट भी निःशुल्क वितरित किए गए। कार्यक्रम में जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा, भूमि संरक्षण अधिकारी हर्षित कुमार चौहान सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## निरीक्षण: कारीगरों से जानी उत्पादों की खूबियां और बाजार की संभावनाएं

# जिलाधिकारी पहुंचे पहाड़ी गेट हस्तकला केंद्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने पहाड़ी गेट स्थित हस्तकला केंद्र का निरीक्षण कर रामपुर के पारंपरिक शिल्प और स्थानीय उद्योग और पारंपरिक शिल्प को बढ़ावा देने और कारीगरों से संवाद कर उनके उत्पाद की डिजाइन गुणवत्ता बाजार में मांग और कच्चे माल की संभावनाओं की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने जरी-जरदोजी टोपी और पतंग निर्माण से जुड़े कारीगरों से बातचीत की। कारीगरों ने बताया कि केंद्र में जरी-जरदोजी चट्टा-पट्टी साड़ियों और टोपी का निर्माण किया जा रहा है। पारंपरिक डिजाइन और बुनाई के कारण इन उत्पादों की देश के विभिन्न शहरों के साथ खाड़ी देशों में भी मांग है। जिलाधिकारी ने कारीगरों के प्रयासों की सराहना की। जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव को निर्देश दिए कि एक जनपद एक उत्पाद



पहाड़ी गेट स्थित हस्तकला केंद्र में जानकारी लेते जिलाधिकारी।

योजना के तहत रामपुर की जरी-जरदोजी और पारंपरिक हस्तशिल्प को बड़े बाजारों और डिजिटल मार्केटप्लेस से जोड़ा जाए। उन्होंने बैंक ऑफ बड़ौदा आरसेटी में संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रशिक्षणार्थियों से भी संवाद किया। उन्होंने प्रशिक्षण से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी लेते हुए युवाओं को अपने कौशल का उपयोग रोजगार और स्वरोजगार में करने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान आरसेटी निदेशक देशराज मीणा पुष्पराज और आरसेटी फैकल्टी सरफराज हुसैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआं तीन दिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर के प्रथम दिन छात्राओं को स्काउट-गाइड के नियमों, अनुशासन, सेवा

### शिविर के पहले दिन स्काउट गाइड के नियमों, अनुशासन, सेवा भावना की दी जानकारी

भावना तथा देश एवं समाज के प्रति दायित्वों की जानकारी दी गई। छात्राओं ने टोली बनाकर सुन्दर टेन्ट रंगोली बिना आग और बर्तन के भोजन बनाया। जिसमें रानी लक्ष्मीबाई टोली ने प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान पर कमल टोली और सूरज टोली, तृतीय स्थान पर गुलाब टोली और हार में जीत टोली रही। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वज शिष्टाचार, प्रार्थना एवं झंडा गीत के साथ हुआ। प्रशिक्षक नरवन्त कौर ने छात्राओं को ध्वज शिष्टाचार, स्काउट-गाइड के नियम एवं संक्षिप्त इतिहास की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को सैल्यूट करने और हाथ मिलाने की विधि भी सिखाई। इसके साथ ही स्काउट-गाइड के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को बीपी सिक्स, नियम एवं प्रतिज्ञा कराई गई तथा यूनिफॉर्म के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रधानाचार्या लक्ष्मी यादव एवं जैन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य हरीश डूडेजा ने छात्राओं से सेवा भाव, देश सेवा तथा प्रकृति के प्रति समर्पण के विषय में संवाद किया। उन्होंने छात्राओं को अनुशासन के साथ समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वाहन करने के लिए प्रेरित किया। गाइड कैप्टन हीरा कली ने गाइड दल के गठन के लिए छात्राओं की सूची तैयार करने संबंधी आवश्यक जानकारी एवं चर्चा की।



कन्या इंटर कॉलेज में खड़ी छात्राएं, प्रधानाचार्य व अन्य।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश
https://bulandsandesh.Com
रामपुर 5
गाजियाबाद, गुरुवार, 01 अक्टूबर 2026

# हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा के नारों पर झूमे भक्त

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** ज्वाला नगर स्थित पुरानी कॉलोनी कपड़ा मिल के मैदान में मंगलवार दिन रात युवा कल्याण सेवा समिति के तत्वाधान में बारहवें श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कीर्तन की शुरूआत विष्णु मृदुल शर्मा द्वारा पूजन किया। गया देर रात तक चले इस धार्मिक अनुष्ठान में श्रद्धालुओं ने भक्ति से शरावोर और भजनों का आनंद लिया। और जयकारों से पूरा परिसर झूम उठा। बाहर से सर्वप्रथम किशोरी जी महाराज बाबा के सुंदर-सुंदर भजन गाये। इसके बाद कानपुर से पधारी प्रिया पयार्ची ठाकुर एवं प्रयागराज से पधारी बुलबुल अग्रवाल ने श्याम बाबा के भजन गया,कभी रूठना ना मुझसे तू श्याम सांवरे,, हर नहीं होगी मेरी हार नहीं होगी जब तक श्याम सांवरे मेरे साथ है,, अनेकों भजन गाकर वातावरण भक्ति मय में कर दिया।

**युवा कल्याण सेवा समिति के तत्वाधान में बाबा श्याम का कपड़ा मिल राजा टेक्सटाइल ज्वाला नगर में भव्य कीर्तन**

हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा के नारों पर भक्त झूम उठे। और गया कीर्तन की है रात आज थाणे आंतों है,,जैसे प्रसिद्ध भजनों का गायन शुरू किए गए।

पंडाल में मौजूद श्याम प्रेमी भाव विरोध होकर अपने स्थान पर झूम और नित्य करने लगे। आयोजन स्थल पर बाबा श्याम का अत्यंत दर्शनीय और भव्य दरबार सजाया गया था श्रद्धालुओं ने कतार बंद होकर शीश नवाया और परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के समापन पर सभी भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया समिति के अध्यक्ष अमन गर्ग ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में धार्मिक चेतना व सेवा भाव का विस्तार है। इस मौके पर संगीतन महोत्सव के दौरान बाबा श्याम का अलौकिक और मनमोहक श्रृंगार किया गया था। रंग बिरंगी फूलों और भाव जोत के साथ सजा बाबा का दरबार श्रद्धालुओं के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। युवा कल्याण सेवा समिति के समस्त पदाधिकारी और कार्यकताओं ने पूरे कार्यक्रम के दौरान मुस्तादी से व्यवस्था संभाली। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष अमन गर्ग, पूर्व सांसद घनश्याम लोधी, नगर विधायक आकाश सक्सेना, श्यामसुंदर जैन, कमल कुमार तुरैहा, प्रशांत गुप्ता, प्रियांशु सक्सेना, अयाश, विनीत, सत्यम, विकास, अरविंद सक्सेना, यश, पंकज लोधी, बृजेश शर्मा, अनमोल, शौर्य, आदित्य, मुन्नालाल ,आयुषी पिंकी ,एकता, विष्णु मृदुल शर्मा,सोनू सक्सेना आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते निवर्तमान सासंद घनश्याम सिंह लोधी। पुरानी कॉलोनी में कपड़ा मिल कार्यक्रम के दौरान खड़े शहर विधायक व अन्य।

# लेखपालों ने भारी बारिश से प्रभावित किसानों की फसलों का सर्वे नहीं किया: मुस्तफा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** जिले में हुई अतिवृष्टि से धान की फसल को भारी नुकसान हुआ है। इस संबंध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा सर्वे के निर्देश जारी किए हैं।जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने बैंजना, बैंजनी, सूरत सिंह पुर, प्राणपुर, दलेल नगर, अहमदनगर, सरकड़ी, साराबा, सिंगनी आदि गांवों का भ्रमण कर किसानों से मुलाकात की।किसानों ने बताया कि अभी तक हल्का लेखपाल मौके पर फसलों को देखने नहीं आए हैं। फोन करने पर संपर्क नहीं हो पा रहा है। कहा कि जिलाधिकारी अच्छा कार्य कर रहे हैं, परंतु जमीनी स्तर पर अपेक्षित कार्यवाही नहीं हो रही है, जिससे गरीब किसान को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रभावित फसलों का तत्काल सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने की मांग की है।



किसानों की जन समस्या से रूबरू होते हुए जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन

## मंजूर अली नकवी को बनाया आशुलिपिक प्रथम अध्यक्ष

# पालिकाध्यक्ष ने तीन कर्मचारियों के बदले पटल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सना खानम ने पालिका के तीन कर्मचारियों के पटल बदल दिए हैं। जिसमें समीर पाशा को सहायक लेखाकार से हटाकर सहायक लेखाकार सामान्य एवं स्वास्थ्य, सैयद मंजूर अली नकवी को कार्यालय अधीक्षक एजेंडा लिपिक एवं मांग एवं कर निर्धारण लिपिक जोन संख्या 5 से हटाकर कार्यालय अधीक्षक एजेंडा लिपिक मांग एवं कर निर्धारण लिपिक जोन संख्या 5 आशुलिपिक प्रथम अध्यक्ष, जबकि विलसन कुमार को भविष्य निर्वाह निधि लिपिक स्वास्थय बीमा लिपिक एवं आशुलिपिक अध्यक्ष से हटाकर भविष्य निर्वाह निधि लिपिक स्वास्थ्य बीमा लिपिक एवं आशुलिपिक अध्यक्ष द्वितीय बनाया गया है। जानकारी में आया कि पालिकाध्यक्ष ने मंगलवार को पटल बदले हैं। मालूम हो कि चार पांच माह पहले भी पालिकाध्यक्ष ने कर्मचारियों के पटल बदले थे।



नगर पालिका परिषद।

# रात भर चला वाहनों का सघन चेकिंग अभियान,1.56 लाख का जुर्माना

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के अनुपालन को लेकर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर परिवहन विभाग और रोडवेज की संयुक्त टीम ने रातभर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। एआरटीओ राजेश कुमार श्रीवास्तव एवं एआरएम रोडवेज के नेतृत्व में की संयुक्त कार्रवाई के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 1.56 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।
संयुक्त टीम ने रात 11 बजे से सुबह 4:30 बजे तक विभिन्न मार्गों पर वाहनों की जांच की।इस दौरान तीन बसों के चालान कर 38 हजार रुपये का जुमार्ना वसूल किया गया। इसके अलावा दो डंपरों पर कार्रवाई करते हुए 32 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। जांच के दौरान वाहनों में प्रेशर हॉर्न के प्रयोग तथा रिफ्लेक्टिव टेप न लगे होने जैसी कमियां भी सामने आईं। चेकिंग के दौरान एक डंपर और एक ट्रक को गंभीर अनियमितताओं के चलते अजीत पुर चौकी, थाना सिविल लाइंस में सीज किया। दोनों वाहनों पर टैक्स बकाया, नॉइस पॉल्यूशन संबंधी उल्लंघन, रिफ्लेक्टिव टेप का अभाव, एचएसआरपी न होना तथा अन्य नियमों का उल्लंघन पाया गया। एक वाहन में 27 टन ओवरलोडिंग भी पकड़ी गई।एआरटीओ ने बताया कि सड़क पर सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे। विशेष रूप से ओवरलोडिंग, बिना एचएसआरपी, रिफ्लेक्टिव टेप के अभाव, प्रेशर हॉर्न तथा कर बकाया जैसे मामलों में नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने वाहन चालकों से यातायात एवं परिवहन नियमों का पालन करने की अपील की।

**तीन बसों और दो डंपरों के चालान, एक डंपर व ट्रक सीज, 27 टन ओवरलोडिंग भी पकड़ी**




वाहनों की चेकिंग करते अधिकारी

# विधान परिषद सदस्य निर्वाचन के लिए नामांकन 6 अक्टूबर तक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** विधान परिषद का चुनाव वीडियो निगरानी में छह पोलिंग बूथों पर 23 अक्टूबर को होगा। जोकि सुबह आठ बजे चार बजे तक जारी रहेगा। जनपद में 25 सितंबर तक 3128 मतदाता हे जिनमें महिलाएं 1464, पुरुष 1664 है।
फाइनल वोटर लिस्ट नौ अक्टूबर को चस्पा होगी। चुनाव के लिए दो बिलासपुर, एक मिलक, एक स्वार, दो मुर्तजा इण्टर कालेज कक्ष दो शामिल हैं। पोलिंग के लिए छह वीडियो निगरानी टीमें बनाई गयी। जो पोलिंग बूथों पर मतदान के दिन नजर रखेंगी। नामांकन प्रक्रिया बरेली में होगी। जोकि छह अक्टूबर तक आरंभ, सात को जांच, नौ को नाम वापसी, 23 को सुबह आठ से चार बजे पोलिंग 27 अक्टूबर को मतगणना, 31 अक्टूबर को निर्वाचन प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी।

**कड़ी निगरानी में छह पोलिंग बूथों पर होगा चुनाव**

# नगर पालिका उपचुनाव के लिए जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** नगर पालिका उपचुनाव 13 अक्टूबर को आठ पोलिंग बूथों पर मतदान होगा। जबकि 15 अक्टूबर को तहसील सदर में मतगणना होगी। मतगणना के लिए दो से तीन टेबिल लगेगी। उपचुनाव में जोनल मजिस्ट्रेट एसडीएम सदर, सेक्टर मजिस्ट्रेट तहसीलदार सदर को बनाया गया है। यह जानकारी जिला पंचायत निर्वाचन अधिकारी पंचास्थिनी अनिल कुमार ने दी।
वार्ड नंबर 13 के सभासद स्व.महफूज रहमान खां के निधन के बाद से सीट रिक्त हो गई हैं। सभासद पद के लिए जुनैद खां, मुकर्रम खां, महफूज उर रहमान की बेटी अंदलीब रहमान ने नामांकन किया। अब चुनावी मैदान सिर्फ तीन प्रत्याशी डटे हुए है।
जिसमें जुनैद खां, मुकर्रम खां, महफूज उर रहमान की बेटी अंदलीब रहमान किस्मत अजमा रही हैं। तीनों प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह का आवंटन होंगे। जनपद में बनाए गए 8 पोलिंग बूथों पर 13 अक्टूबर को चुनाव होगा।
उसके बाद 15 अक्टूबर को मतदान होगा। जिला पंचायत निर्वाचन अधिकारी पंचास्थिनी अनिल कुमार ने बताया कि उपचुनाव में जोनल मजिस्ट्रेट एसडीएम सदर, सेक्टर मजिस्ट्रेट तहसीलदार सदर को बनाया गया है।

**15 अक्टूबर को होगी तहसील सदर में मतगणना**

# ब्लॉक स्तरीय सेवा संकल्प अभियान कला प्रतियोगिता संपन्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** ब्लॉक बिलासपुर बीआरसी केंद्र पर ब्लॉक स्तरीय सेवा संकल्प अभियान के तहत होने वाली कला प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसका आयोजन ए आर पी आकांक्षा गौतम द्वारा किया गया। जिसमें न्याय पंचायत स्तर पर प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों ने प्रतिभाग किया।प्रतियोगिता में मेरे सपनों का भारत विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता के लिए चयनित तीन रचनात्मक थीम थीम थी पहले तकनीकी और डिजिटल भारत दूसरी विश्व गुरु भारत तीसरी जल संरक्षण और नदियां इन तीनों थीम के तहत बच्चों को चित्रकला निर्माण करना था।प्रतियोगिता में कक्षा 5 के की दीपिका वह पर गंगापुर ने प्रथम स्थान, कृष्णा प्राथमिक विद्यालय मुल्ला खेड़ा ने द्वितीय स्थान और अर्पित गोकुल नगरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 6 अंशिका कस्बा राज पुर प्रथम ,निशा बहापुर गंगापुर द्वितीय और हर्ष वापुर गंगापुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 7 में अंश कस्बा राजपुर प्रथम नेहा केजीबीवी द्वितीय और राधिका वहां पर गंगापुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 8 अयान कृष्णा नगर ने प्रथम खुशबू केजीबीवी ने द्वितीय रमजा कस्बा राजपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।निर्णायक मंडल में शालु जैन सोनू जैन वरुण अशोक जी द्वारा परिणाम घोषित सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर समस्त ए आर पी एवं विभिन्न स्कूलों से आए शिक्षक रेनू सिंह, सुमन सिंह ,विवेक ,सुभाष, कमल उपस्थित रहे।




पुरस्कार के साथ मौजूद बच्चे

## सहायक उपकरण — बच्चों को दिसंबर में सहायक उपकरण उपलब्ध कराया जाएगा

# परिषदीय विद्यालयों के 124 बच्चों को मिलेगा सहायक उपकरण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग के समग्र शिक्षा अभियान के तहत परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चों के लिए भारत सरकार की एजेंसी कानपुर से आई एलिम्को के द्वारा 124 बच्चों का चयन सहायक उपकरण के लिए किया गया। जिसमें एलिम्को कानपुर से आई टीम जिसमें डॉ. तुषार वर्मा पीओ, डॉ. कृष्णा केसरी ऑडियोलॉजिस्ट, सुन्दरम तिवारी डाटा एंट्री ऑपरेटर, तरुण यादव नवचेतना संस्थान द्वारा जांच कर दिव्यांग बच्चों का चयन किया।
बच्चों को दिसंबर में सहायक उपकरण उपलब्ध कराया जाएगा।। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला समन्वयक समेकित शिक्षा सतेंद्र कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर कहा कि सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को सुविधा जनक स्थिति में स्कूल पहुंचने हेतु सहायक उपकरण प्रदान किया जाता है । उन्होंने कहा इस कैंप का मुख्य उद्देश्य यह है कि स्पेशल बच्चे सम्मानजनक तरीके का जीवन यापन करें। आज चिह्नित किए बच्चों को आगामी दिसंबर में उन्हें आवश्यक कृत्रिम अंग, ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, कैलीपर्स या श्रवण यंत्र , ब्रेल किट जैसे सहायक उपकरण निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ना: इस पहल का मुख्य मकसद विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों को समाज और शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है।
कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शारीरिक दिव्यांगता के विशेषज्ञ डॉ. मोहम्मद रिजवान फिजियो थेरेपिस्ट विशेष शिक्षक नारायण सिंह, नरेंद्र यादव, मनोज कुमार, कपिल कुमार, डॉ आशीष कुमार, नरेंद्र सिंह, रामकिशोर सुशील कुमार पाण्डेय, डॉ. अमरनाथ यादव, प्रमोद कुमार पाण्डेय लक्ष्मण प्रसाद, कमलेश,सहित सैकड़ों दिव्यांग बच्चे एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम का उद्घाटन जिला समन्वयक समेकित शिक्षा सतेंद्र कुमार शर्मा ने किया**



जानकारी हासिल करते डीसी सतेंद्र कुमार शर्मा

## संक्षिप्त समाचार

### आसरा कॉलोनी में उफनाई सीवर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** शहर के पहाड़ी गेट स्थित आसरा कॉलोनी में सीवर टैंकों के ओवरफ्लो होने से गंभीर जलभराव और भयंकर बीमारियों का खतरा पैदा हो गया है।कई दिनों से जारी इस भीषण समस्या के समाधान के लिए रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। नगर पालिका के लापरवाह कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई,तत्काल सफाई की मांग की है। आरपीआई (अठावले) के जिला उपाध्यक्ष जुबैर अहमद सैफी (मुन्ने खान) ने बताया कि 17 सितंबर को भी इस संबंध में एक ज्ञापन दिया गया था। उस समय नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी (ईओ) ने अपने स्टेनो के माध्यम से दो दिन के भीतर मशीन से सफाई कराने का आश्वासन दिया था।जब नगर पालिका के सफाई कर्मचारी से सफाई के लिए कहा गया, तो उसने साफ इंकार कर दिया।सीवर का गंदा पानी जमा होने से पूरी कॉलोनी में बदबू और महामारी फैलने का खतरा मंडरा रहा है।निवासी भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं।आरपीआई नेताओं ने डीएम से अपील की है कि वे अधिकारी होने के नाते इस मामले का संज्ञान लें, लापरवाह कर्मचारियों के विरुद्ध उचित दंडात्मक कार्रवाई करें।ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष जुबैर अहमद सैफी (मुन्ने खान), नगर उपाध्यक्ष आसिम, जुनैद, रईस दादा और अफजल हुसैन शामिल रहे।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग

### सपा नेताओं पर दर्ज मामलों की सुनवाई टली

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** स्पेशल मजिस्ट्रेट कोर्ट एमपी एमएलए में सपा नेताओं के मामलों में बुधवाई सुनवाई नहीं हो सकी। वर्ष 2019 में थाना कोतवाली के पान दरीबा में बिना अनुमति के धरना देने के आरोप मे पूर्व चेयरमैन अजहर खां नगर अध्यक्ष आसिम राजा फरहान अली खान आदि को नामजद किया गया था। इस मामले में सुनवाई 26 अक्टूबर तक, शत्रु सम्पत्ति के छह मुकदमों में सुनवाई 13 अक्टूबर तक टाल दी गयी।

### आपदा पीड़ित के साथ है डबल इंजन की सरकार: शफीक अंसारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**स्वार।** स्वार-टांडा विधायक शफीक अहमद अंसारी ने आपदा से प्रभावित पीड़ित परिवारों को चेक वितरित किए। जिनके मकान हाल ही में हुई भारी बारिश के चलते गिरे थे। विधायक ने पीड़ित परिवारों से मिलकर उनका हाल जाना। आश्वासन दिया कि सरकार हर आपदा पीड़ित के साथ खड़ी है। उन्होंने मौके पर ही तहसील प्रशासन और संबंधित विभाग को निर्देशित किया कि जिन गरीब परिवारों के मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना में शामिल कर प्राथमिकता के आधार पर आवास उपलब्ध कराया जाए। तहसीलदार, लेखपाल और अन्य अधिकारियों ने पीड़ितों की सूची तैयार कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने विधायक के इस कदम की सराहना की। कहा कि बारिश के बाद बेघर हुए परिवारों के लिए यह मदद बड़ी राहत लेकर आई है।



तहसील परिसर में पीड़ित को चेक सौंपते विधायक।

### इंसाफ मिलने में जितनी देर है उतनी खैर है: आसिम खां

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** सपा नेता आसिम खां के आवास पर समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय स्तर पर उभरते नेता पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम का केक काटकर जन्म दिन मनाया गया। इस अवसर पर आसिम खां ने कहा कि इंसाफ मिलने में जितनी देर है उतनी खैर है, देर से आयेंगे दुरुस्त आयेंगे। आते ही प्रदेश में सरकार बनाएंगे। जनता अब ऐसी सरकार चाहती है जो सबको साथ लेकर चले जहां प्यार हो एक दूसरे का आदर और सम्मान हो। आसिम खां ने कहा इस बार प्रदेश में सपा की सरकार में रामपुर से दो केबिनेट मंत्री होंगे। आजम खां और उनके साथ अब्दुल्ला आजम खां भी कैबिनेट का हिस्सा होंगे। उन्होंने आखिर में जन्म दिन की बधाई दी। बेहतर मुस्तकबिल की दुआ भी की साथ ही जल्द ही न्याय मिलने की उम्मीद भी जताई। इस अवसर पर सैय्यद फहद मियां, दानिश आबेदीन एडवोकेट, अर्शी खां, फरमूद अली, मदद मियां ,तंजीम जाकरी, फरहान खां, अदीब मियां, अदनान मियां आदि मौजूद रहे।



घेर सैफुद्दीन खां में अब्दुल्ला आजम का जन्मदिन मनाते सपाई।

### अली यूसुफ अली ने की समाज के लोगों से सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की अपील

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**स्वार।** 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी सिलसिले में चमरौआ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अली यूसुफ अली ने अपने कार्यालय पर प्रेस वार्ता आयोजित कर आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी बात रखी। प्रेस वार्ता के दौरान अली यूसुफ अली ने देश और प्रदेश के मुस्लिम समाज से एकजुट होकर भारतीय जनता पार्टी के समर्थन में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज को विकास,अमन-चैन और राष्ट्रहित को ध्यान में रखते हुए अपने फैसले लेने चाहिए। उन्होंने समाज के लोगों से सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की अपील की। अली यूसुफ अली ने कहा कि भाजपा सरकार की ओर से अलग-अलग योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका फायदा समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों को देखते हुए समाज को आगे की रणनीति पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। विधानसभा चुनाव में चमरौआ विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के टिकट की अपनी दावेदारी भी पेश की। उन्होंने कहा कि वह पार्टी नेतृत्व से चमरौआ सीट से चुनाव लड़ने का मौका देने की मांग कर रहे हैं। कहा कि अगर भाजपा नेतृत्व उन्हें चुनाव लड़ने का अवसर देता है तो वह पूरी निष्ठा और मजबूती के साथ मैदान में उतरेंगे।



कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में बोलते पूर्व विधायक।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय

# एआई से मानव का सर्वनाश



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

एंथ्रोपिक के वर्तमान कर्मचारी इवान हुबिंगर ने यह कह कर सनसनी फैला दी है कि उन्हें यह संभावना 10 प्रतिशत से अधिक लगती है कि अगले दशक में एआई से मानव का सर्वनाश हो सकता है। अमेरिका में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कंपनियों से हाल में हुए इस्तीफों ने मानव समुदाय के सामने मौजूद एक गहरे संकट पर रोशनी डाली है।

एआई की दो बड़ी कंपनियों- ओपन एआई और एंथ्रोपिक में काम करने के बाद 27 वर्षीय रिसर्चर जैकब कॉक्सन ने एंथ्रोपिक से यह कहते हुए इस्तीफा दे दिया कि ये कंपनियां एआई मॉडल्स को उस अवस्था में पहुंचाने पर आमादा हैं, जब वो मानव नियंत्रण से बाहर हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि सुपरइंटेलिजेंस की ओर यह दौड़ किसी एक कंपनी की घटना नहीं, बल्कि पूरे एआई उद्योग की नैतिक विफलता का प्रतीक बन गया है। कॉक्सन के बयान के बाद एआई उद्योग में काम कर चुके कई अन्य विशेषज्ञ भी सामने आए। उन्होंने बताया कि ऐसी ही चिंताओं के कारण उन्होंने भी नौकरी छोड़ी। एंथ्रोपिक के वर्तमान कर्मचारी इवान हुबिंगर ने यह कहकर सनसनी फैला दी है कि उन्हें यह संभावना 10 प्रतिशत से अधिक लगती है कि अगले दशक में एआई से मानव का सर्वनाश हो सकता है। इन बयानों से सवाल उठा है कि जब एआई विकसित करने में जुटे विशेषज्ञ मानते हैं कि उनका उत्पाद मानवता के लिए घातक हो सकता है, तो कंपनियां इसे क्यों विकसित कर रही हैं? एंथ्रोपिक के शोधकर्ता सैमुअल मार्क्स ने कहा है कि इसके पीछे कारण अरबों डॉलर के निवेश से पैदा दबाव और यह भय है कि कहीं कोई दूसरी कंपनी आगे ना निकल जाए। यह अच्छी बात है कि इस चर्चा से अमेरिकी राजनेताओं का एक हिस्सा चिंतित हुआ है। एआई के संचालन को विनियमित करने के लिए विधेयक लाने का इरादा उन्होंने जताया है। हालांकि डॉनल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति रहते ऐसे किसी प्रयास का सफल होना आसान नहीं है, फिर भी उभरी सार्वजनिक चिंता आशाजनक संकेत है। इस सिलसिले में चीन में हुई पहल पर भी गौर करना चाहिए, जहां बीते जुलाई में वर्ल्ड एआई सम्मेलन के दौरान एआई के वैश्विक संचालन संबंधी कुछ महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए। अब ऐसी तमाम कोशिशों के बीच तालमेल बनाना जरूरी हो गया है। तभी नई तकनीक को मानव विवेक के अधीन रखने की कारगर व्यवस्था अस्तित्व में आ सकेगी।




# सत्ता का शुतुरमुर्गी विमर्श: 'रोजगार मांगते युवाओं को रिक्शा थमाती राजनीति'



अशोक भाटिया

लोकतंत्र में जब व्यवस्था जन-आकांक्षाओं के बोझ तले दबने लगती है, तब अक्सर सत्ता के गलियारों से ऐसे विमर्श फूटते हैं जो न केवल आम नागरिक की बुनियादी समझ को चुनौती देते हैं, बल्कि उनके संघर्षों का उपहास भी उड़ाते हैं। हाल ही में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा लखनऊ में एक कमर्शियल टैक्सी सेवा के उद्घाटन के दौरान दिया गया बयान–"नौकरी के चक्कर में मत पड़ो, अपनी गाड़ी (ई-रिक्शा या टैक्सी) चलाओ, चार घंटे सुबह काम करो, दोपहर में बच्चों के साथ खाना खाओ, आराम करो और शाम को फिर निकल जाओ"–इसी शुतुरमुर्गी विमर्श की नवीनतम कड़ी है। एक ऐसे राज्य में जहाँ लाखों युवा डिग्री हाथ में लेकर, अपनी जवानी के सबसे कीमती साल प्रतियोगी परीक्षाओं के फॉर्म भरने, पेपर लीक के दंश झेलने और लाठियां खाने में गुजार देते हैं, वहाँ सत्ता के शीर्ष पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा 'पराधीन सपनेहुं सुख नाहीं' जैसी पवित्र चौपाई का इस्तेमाल नौकरी के खिलाफ और मजबूरी के स्वरोजगार के पक्ष में करना एक गहरे नीतिगत खोखलेपन को दशार्ता है। यह केवल एक आकस्मिक या बेतुका बयान नहीं है, बल्कि यह बेरोजगारी जैसी भीषण राष्ट्रीय समस्या के प्रति राजनीतिक नेतृत्व की संवेदनहीनता, शुतुरमुर्गी रवैये और जवाबदेही से भागने की उस प्रवृत्ति का दस्तावेज है, जिसका शिकार भारतीय युवा दशकों से हो रहा है।

जब कोई राजनेता किसी युवा से कहता है कि वह पारंपरिक नौकरी की तलाश छोड़कर ई-रिक्शा चलाने लगे, तो वह अनजाने में (या शायद जानबूझकर) उस पूरी सामाजिक और आर्थिक प्रक्रिया का अपमान कर रहा होता है जिसके तहत एक परिवार अपने बच्चे को पढ़ाता-लिखाता है। भारत में शिक्षा केवल साक्षरता का साधन नहीं है; यह सामाजिक गतिशीलता और वर्ग-परिवर्तन का एकमात्र जरिया है। एक किसान, एक मजदूर, या एक छोटा दुकानदार अपने पेट पर पट्टी बांधकर, कर्ज लेकर अपने बच्चों को इस उम्मीद में बी.टेक, एम.टेक, बी.एड या प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी करवाता है कि उसकी अगली पीढ़ी उस दलदल से बाहर निकल सके जिसमें वह खुद फंसा रहा।

जब इन उच्च शिक्षित युवाओं को 'आत्मनिर्भरता' और 'समय की आजादी' के रोमानी आवरण में लपेटकर रिक्शा चलाने की सलाह दी जाती है, तो राज्य अपनी उस प्राथमिक जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है जिसे 'सम्मानजनक रोजगार सृजन' कहा जाता है। अर्थशास्त्र की भाषा में इसे 'अंडरइम्प्लॉयमेंट' कहा जाता है। जब एक एम.ए. या बी.टेक पास युवा मजबूरी में ई-रिक्शा चलाता है, तो यह देश के मानव संसाधन की भारी बबार्दी है। उप-मुख्यमंत्री का यह तर्क कि "चार घंटे सुबह गाड़ी चलाओ और दोपहर में आराम करो", जमीनी हकीकत से कोसों दूर है। आज के अत्यधिक प्रतिस्पर्धी और महंगाई के दौर में, ई-रिक्शा या टैक्सी चलाकर परिवार पालने वाले श्रमिक दिन में १२-१४ घंटे हाड़-तोड़ मेहनत करते हैं, तब जाकर उनके घर का चूल्हा जल पाता है। इसमें न तो कोई सामाजिक सुरक्षा होती है, न स्वास्थ्य बीमा, और न ही भविष्य की कोई गारंटी। इसे 'आजादी' का नाम देना श्रम के शोषण को उत्सव की तरह पेश करने जैसा है। ब्रजेश पाठक का यह बयान कोई पहला या अनूठा उदाहरण नहीं है। भारतीय राजनीति का यह एक स्थापित पैटर्न बन चुका है कि जब भी सरकारें रोजगार के मोर्चे पर विफल होती हैं, उनके नीति-निमार्ता युवाओं को ऐसी सलाह देने लगते हैं जो हास्यास्पद भी होती हैं और दर्दनाक भी। इतिहास और समकालीन राजनीति ऐसे बयानों से भरी पड़ी है। साल २०१८ में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक टेलीविजन इंटरव्यू में बेरोजगारी के सवाल पर कहा था कि अगर कोई व्यक्ति पकौड़े तलकर प्रतिदिन २०० रुपये कमाता है, तो उसे भी रोजगार माना जाना चाहिए। इस बयान ने पूरे देश में एक लंबी बहस को जन्म दिया था। आलोचकों का तर्क था कि यदि देश के सर्वोच्च पद से युवाओं को पकौड़े तलने को ही अंतिम लक्ष्य मान लेने की प्रेरणा दी जाएगी, तो फिर देश में आईआईटी, आईआईएम, और विश्वविद्यालयों की विशाल श्रृंखला खड़ी करने का क्या औचित्य है? यह बयान भी युवाओं की अकादमिक योग्यताओं और उनके सम्मानजनक जीवन जीने के अधिकार को सीमित करने का प्रयास था। इसी तरह विज्ञान और तकनीक के मोर्चे पर आत्मनिर्भरता का एक अद्भुत और अवैज्ञानिक दावा करते हुए प्रधानमंत्री ने एक जनसभा में कहा था कि एक चायवाले ने गंदे नाले के ऊपर उलटा बर्तन रखकर वहां से निकलने वाली बायोगैस (मीथेन) से चाय बनाई। यह बयान न केवल वैज्ञानिक दृष्टिकोण का मजाक उड़ाता था, बल्कि यह देश के नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं (जैसे स्वच्छ ईंधन और ड्रेनेज सिस्टम) देने में नाकाम रही व्यवस्था को छिपाने का एक लोक-लुभावन तरीका मात्र था।

त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लव कुमार देव अपने अजीबोगरीब बयानों के लिए विख्यात रहे हैं। उन्होंने युवाओं को सलाह दी थी कि वे सरकारी नौकरियों के पीछे भागने और सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी में सालों बर्बाद करने के बजाय गाय पालें, पान की दुकान खोलें या बकरियां पालें। उन्होंने गणित समझाते हुए कहा था कि एक गाय पालने से युवा कुछ ही सालों में लाखों रुपये कमा सकते हैं। एक मुख्यमंत्री स्तर के व्यक्ति द्वारा युवाओं को आधुनिक तकनीकी युग से पीछे धकेलकर पारंपरिक और असंगठित क्षेत्रों में जबरन धकेलने का यह प्रयास नीतिगत दिवालियेपन का स्पष्ट उदाहरण था। मध्य प्रदेश और बिहार के कई स्थानीय मंत्रियों और जनप्रशसकों ने समय-समय पर युवाओं को यह कहकर हतोत्साहित किया है कि सरकारी नौकरियां अब बची नहीं हैं, इसलिए विवाह करने या जीवन में बसने के लिए निजी क्षेत्र में मजदूरी या खेती को ही अपना मुख्य आधार बनाएं।ये तमाम बयान एक साझी मानसिकता को दशार्ते हैं–"हमारे पास नीति नहीं है, हमारे पास नौकरियां नहीं हैं, इसलिए आप अपनी व्यवस्था खुद कर लीजिए और हमसे सवाल मत पूछिए।"

आधुनिक दौर में सरकारों ने अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए भाषा विज्ञान का सहारा लेना शुरू कर दिया है। 'मजबूरी की बेरोजगारी' को अब 'उद्यमिता' , 'स्टार्टअप कल्चर', और 'गिग इकोनॉमी' जैसे भारी-भरकम और चकाचौंध भरे शब्दों के पीछे छिपाया जा रहा है। जब एक मंत्री डिलीवरी बॉय, जोमैटो-स्विगी के राइडर्स, या ई-रिक्शा चालकों को 'आत्मनिर्भर उद्यमी' बताते हैं, तो वे उस कड़वे सच को कालीन के नीचे सरका रहे होते हैं जिसमें ये युवा बिना किसी पीएफ , ग्रैच्युटी, या तय न्यूनतम मजदूरी के कॉर्पोरेट और बाजार के रहमों-करम पर जीने को मजबूर हैं। क्या ई-रिक्शा चलाना गलत है? बिल्कुल नहीं। श्रम की अपनी गरिमा है और कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता। लेकिन सवाल प्राथमिकता और राज्य के कर्तव्य का है। यदि किसी देश या राज्य का युवा अपनी मर्जी से, व्यावसायिक लाभ के लिए परिवहन क्षेत्र में उतरता है, तो वह उसकी पसंद है। लेकिन जब एक युवा प्रशासनिक सेवा, शिक्षक भर्ती, या पुलिस भर्ती की परीक्षा की तैयारी करते-करते थक जाता है, जब परीक्षाएं बार-बार लीक हो जाती हैं, जब अदालतों में भर्तियां सालों-साल लटकी रहती हैं, और तब थक-हारकर जब वह रिक्शा का हैंडल थामता है–तो वह 'आत्मनिर्भरता' नहीं बल्कि व्यवस्था द्वारा की गई 'आर्थिक हत्या' होती है।

## इंकलाब की गूँज

भगत सिंह की सोच को, रखना दिल के पास।
देशप्रेम की ज्योति से, रोशन हो हर साँस।।

माटी पर कुर्बान थे, लेकर मन में जोश।
भारत माँ की आन पर, छोड़ा ना संतोष।।
हँसकर फाँसी चढ़ गए, अमर हुआ इतिहास।
भगत सिंह की सोच को, रखना दिल के पास।।

इंकलाब की गूँज से, काँपा अत्याचार।
तभी युवाओं में जगा, आजादी का प्यार।।
जीना है बस देशहित, उनका था विश्वास।
भगत सिंह की सोच को, रखना दिल के पास।।

सच, समानता, न्याय का, मन में था उजियार।
भारत का वो चाहते, शोषण से अधिकार।।
उनके सपनों का बने, भारत आज प्रकाश।
भगत सिंह की सोच को, रखना दिल के पास।।

तन मिट जाए देश पर, मिटने देना आज।
मातृभूमि के मान से, बढ़कर क्या है काज।।
वीरों के बलिदान का, रख सदा एहसास।
भगत सिंह की सोच को, रखना दिल के पास।।



डॉ.प्रियंका सौरभ

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# ऋचा चड्ढा लेकर आई नया ट्रैवल शो मुसाफिरी, दिखेगा मुंबई का अनदेखा इतिहास

अभिनेत्री ऋचा चड्ढा की नॉन-फिक्शन ट्रैवल सीरीज मुसाफिरी का पहला एपिसोड रिलीज हो रहा है। इस सीरीज में मुंबई शहर के इतिहास, वहां के समुदायों, छिपी हुई कहानियों और कम चर्चित जगहों को दिखाया जाएगा।

पहले एपिसोड में मुंबई के इतिहास, कल्चर और कुछ सबसे हैरान करने वाले राज दिखाए गए हैं। इस एपिसोड में किम



कार्दशियन और साउथ मुंबई के सबसे मशहूर इलाकों में से एक काला घोड़ा के बीच एक अनोखा कनेक्शन भी बताया गया है। ऋचा ने मुंबई को भी एक्सप्लोर किया है और शहर के देवी-देवताओं से जुड़े दिलचस्प किस्से बताए हैं, जिनमें मां महालक्ष्मी भी शामिल हैं, जिन्हें मुंबई की माता देवी माना जाता है।

अभिनेत्री का मानना है कि मुंबई शहर ऐसी कहानियों से भरा पड़ा है, जिनके बीच लोग बड़े होते हैं लेकिन कभी रुककर उन्हें जानने की कोशिश नहीं करते। अभिनेत्री ने कहा, मुंबई में इतनी सारी कहानियां हैं, जिनके बीच हम बड़े हुए हैं, लेकिन लोगों के साथ मैं इन्हें शेयर करना चाहती थीं।

एपिसोड में दर्शकों को मुंबई के सबसे पुराने आर्मेनियाई चर्चों में से एक में भी ले जाया जाता है और गेटवे ऑफ इंडिया के इतिहास और इसे क्यों बनाया गया था, इसके बारे में भी बताया गया है। अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने कहा, मुझे उम्मीद है कि जो लोग पूरी जिंदगी मुंबई में रहे हैं, वे भी शहर को एक अलग नजर से देखेंगे और उन्हें लगेगा जैसे वे एक नई मुंबई को खोज रहे हैं।

मुसाफिरी का पहला एपिसोड आज शाम उनके यूट्यूब चैनल फुलस्टॉप पर आएगा। एक्टिंग की बात करें तो, वह आखिरी बार संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित हीरामंडी: द डायमंड बाजार में देखी गई थीं। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान लाहौर के हीरा मंडी के रेड-लाइट एरिया पर बनी यह सीरीज ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के तहत तवायफों के जीवन और राजनीतिक और व्यक्तिगत संघर्षों के साथ उनके जुड़ाव को दिखाती है। सीरीज में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख, शर्मिन सहगल और ताहा शाह बदूशा शामिल हैं। सिनेमा में वह आखिरी बार मृगदीप सिंह लांबा द्वारा डायरेक्टेड फुकरे 3 में देखी गई थीं।

# एआई से जुड़े महाविनाश के खतरे: नियंत्रित कमान जरूरी



ललित गर्ग

कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई आज मानव सभ्यता की सबसे प्रभावशाली तकनीकी उपलब्धियों में शामिल है। चिकित्सा, शिक्षा, अंतरिक्ष, विज्ञान, कृषि, उद्योग और प्रशासन से लेकर रोजमर्रा के जीवन तक इसके उपयोग ने विकास की गति को अभूतपूर्व बनाया है। लेकिन जितनी तेजी से एआई की क्षमताएं बढ़ रही हैं, उतनी ही गंभीरता से उसके दुरुपयोग और नियंत्रण से बाहर जाने के जोखिमों पर भी विचार करना होगा। सितंबर 2026 में संयुक्त राष्ट्र के स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक पैनल ने भी चेताया है कि एआई की क्षमताओं की गति के मुकाबले उसके सुरक्षित उपयोग के नियम पीछे छूट रहे हैं और अधिक स्वायत्त एआई एजेंटों के साथ मानव नियंत्रण बनाए रखना एक वास्तविक चुनौती बन रहा है। इसी संदर्भ में माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स की हालिया चेतावनी विशेष महत्व रखती है। उन्होंने कहा है कि एआई गलत हाथों में पड़ने पर अत्यंत व्यापक जनहानि का माध्यम बन सकता है और सरकारों को इसके लिए प्रभावी नियमन की दिशा में काम करना चाहिए। गेट्स की चिंता केवल भविष्य की किसी काल्पनिक आशंका पर आधारित नहीं है, एआई के दुरुपयोग के कुछ ठोस उदाहरण सामने आने लगे हैं।

सबसे महत्वपूर्ण बदलाव एआई एजेंट्स के रूप में दिखाई दे रहा है। पारंपरिक एआई मुख्यतः प्रश्नों के उत्तर देता था, लेकिन एजेंट इंटरनेट पर जा सकता है, वेबसाइट खोल सकता है, कोड लिख सकता है, सूचनाएं खोज सकता है और निर्धारित लक्ष्य पूरा करने के लिए अनेक चरणों में स्वयं कार्रवाई कर सकता है। यही क्षमता उपयोगी होने के साथ जोखिमपूर्ण भी है। सितंबर 2026 में संयुक्त राष्ट्र के वैज्ञानिक पैनल ने ओपेनएआई से संबंधित एक घटना का उल्लेख किया, जिसमें परीक्षण के दौरान एआई एजेंट्स ने नेटवर्क प्रतिबंधों को पार किया, अलग-अलग प्रक्रियाओं के बीच संपर्क किया और ओपेनएआई तथा हुगिंग फेस की प्रणालियों के कुछ हिस्सों से समझौता किया। स्वतंत्र संस्था एमईटीआर की जांच के अनुसार इस घटना में लगभग 1,200 एजेंट्स ने 70,000 से अधिक संदेश और फाइलें साझा कीं तथा लगभग 700 एजेंट्स हुगिंग फेस पर हुए हमले में शामिल हुए। यहां सावधानी जरूरी है। इन घटनाओं को यह प्रमाण मान लेना कि एआई निश्चित रूप से मानव नियंत्रण से बाहर हो गया है, तथ्यात्मक रूप से सही नहीं होगा। ये नियंत्रित परीक्षण और सुरक्षा-मूल्यांकन के दौरान सामने आई घटनाएं थीं। लेकिन इनका महत्व इस बात में है कि अधिक सक्षम एजेंट जब जटिल लक्ष्य प्राप्त करने की कोशिश करते हैं, तो वे उन रास्तों का इस्तेमाल कर सकते हैं जिनकी कल्पना उनके निमार्ताओं ने नहीं की थी। स्वयं ओपेनएआई ने भी एजेंट्स के इंटरनेट उपयोग, बाहरी सामग्री से होने वाले ह्यप्रॉम्प्ट इंजेक्शनह्ल और डेटा चोरी जैसे जोखिमों को लेकर सुरक्षा उपायों की जरूरत स्वीकार की है।




एआई के सैन्य दुरुपयोग की आशंका भी अब केवल सैद्धांतिक नहीं रह गई है। सितंबर 2026 में एंथ्रोपिक ने बताया कि यमन में हूती-नियंत्रित क्षेत्र से जुड़े लोगों ने उसके क्लाउड एआई का इस्तेमाल निर्देशित रॉकेट और मिसाइलों के मार्गदर्शन, नियंत्रण और नेविगेशन से जुड़े सॉफ्टवेयर विकसित करने के प्रयास में किया। कंपनी के अनुसार सुरक्षा उपायों ने अनेक अनुरोधों को रोका, लेकिन उपयोगकताओं ने अपनी मंशा छिपाकर और काम को अलग-अलग सत्रों में बांटकर कुछ सुरक्षा अवरोधों को पार करने की कोशिश की। उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार हथियार-विकास का प्रयास सफल नहीं हुआ, हालांकि एक निर्देशित रॉकेट का परीक्षण विफल हुआ और उसके बाद एआई से उसकी समस्या समझने का प्रयास किया गया। यही वह बिंदु है जहां एआई और पारंपरिक हथियारों के बीच एक महत्वपूर्ण अंतर सामने आता है। एआई स्वयं कोई मिसाइल या बम नहीं है, लेकिन वह ज्ञान, डिजाइन, कोडिंग, विश्लेषण और निर्णय-प्रक्रिया को बहुत तेज कर सकता है। किसी गैर-राज्य संगठन, अपराधी समूह या आतंकवादी संगठन को यदि अत्यंत सक्षम एआई तक पहुंच मिल जाए, तो वह ऐसे तकनीकी कार्यों को अपेक्षाकृत कम समय और कम विशेषज्ञ मानव संसाधन में करने का प्रयास कर सकता है, जिनके लिए पहले बड़ी तकनीकी टीम की आवश्यकता होती थी। इसलिए एआई की सुरक्षा को केवल सॉफ्टवेयर उद्योग का विषय समझना पर्याप्त नहीं है, यह राष्ट्रीय और वैश्विक सुरक्षा का भी विषय बन चुका है। खतरा केवल युद्ध तक सीमित नहीं है। साइबर अपराध, बैंकिंग धोखाधड़ी, पहचान की चोरी, फर्जी आवाज और वीडियो, सामाजिक अभियांत्रिकी तथा बड़े पैमाने पर गलत सूचना फैलाने में एआई का इस्तेमाल संभव है। संयुक्त राष्ट्र के आकलन में भी साइबर हमलों, वित्तीय धोखाधड़ी, सोशल इंजीनियरिंग और डीपफेक को एआई से जुड़े प्रमुख जोखिमों में गिना गया है। आज यदि किसी व्यक्ति की आवाज की हूबहू नकल करके उसके परिजन से पैसे मांगे जा सकते हैं, किसी अधिकारी या संस्था का नकली वीडियो बनाया जा सकता है अथवा बड़े पैमाने पर स्वचालित साइबर हमले किए जा सकते हैं, तो डिजिटल समाज में विश्वास की बुनियाद ही प्रभावित हो सकती है। भारत के लिए यह चिंता और अधिक महत्वपूर्ण है। करोड़ों भारतीय बैंकिंग, डिजिटल भुगतान, सरकारी सेवाओं, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा और व्यापार के लिए डिजिटल प्रणालियों पर निर्भर हैं। इसलिए एआई-आधारित साइबर हमले का प्रभाव किसी एक कंप्यूटर या संस्था तक सीमित नहीं रह सकता। भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने भी साइबर सुरक्षा को उभरती एआई, मशीन लर्निंग और अन्य तकनीकों के साथ जुड़ी चुनौती के रूप में रेखांकित किया है तथा सीईआरटी-इन जैसी संस्थागत व्यवस्थाओं का उल्लेख किया है। भारत को एआई के विकास में पीछे नहीं हटना चाहिए, लेकिन उसके साथ साइबर सुरक्षा, डेटा संरक्षण, महत्वपूर्ण डिजिटल अवसंरचना की सुरक्षा और आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमता को समान गति से मजबूत करना होगा। दूसरी बड़ी चुनौती वैश्विक शक्ति-संतुलन की है।

## गुरुवार का राशिफल

**मेष** – नई जगह तबादला परेशानी देगा, पहले रिटायर्मेंट का भी सोच सकते हैं, टैलेंट का सही उपयोग करेंगे। भाग्य प्रतिशत-82

**वृषभ** – धार्मिक यात्रा सुखद रहेगी, सम्पत्ति बढ़ेगी, सेहत का ध्यान रखें रेडीमेड गारमेंट,फोटोग्राफर, कार्य लाभ देगा, मीठा ज्यादा ना खाए। भाग्य प्रतिशत-75

**मिथुन** – पैसे जोड़ पाएंगे, ससुराल पक्ष से मांग पूरी होगी, मीठा का सेवन कम करें, चांदी, सोना व्यवसाय में मुश्किल होगी, शत्रु पर विजय मिलेगी। भाग्य प्रतिशत-77

**कर्क** – सेहत ठीक हो सकती हैं ध्यान रखें,पैसे आयेंगे लेकिन खर्च बढ़ेगा, प्रोपर्टी से लाभ होगा, दूसरी जाति में प्रेम या विवाह समबन्ध जुड़ सकता है, व्यवसाय में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। भाग्य प्रतिशत-76

**सिंह** – सुख साधन बढ़ेंगे, रूकावटे दूर होगी, मन कठोर हो सकता है, प्रोपर्टी का सौदा फायदेमंद रहेगा, व्यवसाय में उन्नति होगी। भाग्य प्रतिशत-79

**कन्या** – पड़ोसी से समबन्ध में परेशानी होगी, कला, संगीत, मीडिया, पब्लिकेशन कार्य में उन्नति मिलेगी। भाग्य प्रतिशत-67

**तुला** – विदेश जाने का अवसर मिलेगा, विवाह हुआ है तो जीवन साथी के साथ घूमने जा सकते हैं, मिठाई, रत्न, रेस्टोरेंट, रेडीमेड गारमेंट व्यवसाय चलेगा। भाग्य प्रतिशत-70

**वृश्चिक** – मतभेद सम्भव है, सर्दी गर्मी से भी बचें, परिश्रम के अनुसार फल मिलने में मुश्किल होगी, ऑनलाइन कार्य लाभ देगा, प्रभावशाली लोगों से समबन्ध बनेंगे। भाग्य प्रतिशत-71

**धनु** – दान पुण्य का लाभ मिलेगा, धन का आगमन होगा, परिवार के सभी कार्य जिम्मेदारी से पूरे करेंगे, वर्चस्व भी बढ़ेगा। भाग्य प्रतिशत-71

**मकर** – मेहनत दिखेगी, ब्लड प्रेशर का ध्यान रखें, लोगों से अपना पैसा मिलने में समस्या आ सकती हैं, आपका भाषण लोगों को प्रेरित करेगा।

**कुंभ** – नौकरी में आपकी प्रतिद्वंदिता शुरू होगी, खर्चे बढ़ेंगे, विवाद करने वाले लोगों से दूरी बनाये, कुछ खरीदारी करेंगे, मन इधर उधर भटक सकता है। भाग्य प्रतिशत-58

**मीन** – रोग का निदान मिलेगा, मानसिक रूप से मजबूत रहेंगे, किसी से भावना भी कहेंगे, गर्भ में संतान, प्रेम समबन्ध मुश्किल से टिकेगा, व्यवसाय में लाभ होगा।



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# ट्रैक्टर की चपेट में आई साइकिल सवार छात्रा, हालत गंभीर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल।** थाना ऐंचौड़ा कम्बोह क्षेत्र में बुधवार को स्कूल से घर लौट रही कक्षा नौ की छात्रा साइकिल समेत ट्रैक्टर की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे में साइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। छात्रा को गंभीर हालत में मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।



थाना ऐंचौड़ा कम्बोह क्षेत्र के एक गांव निवासी बबलू की पुत्री प्रियंका जनता राष्ट्रीय इंटर कॉलेज, सतूपुरा में कक्षा नौ की छात्रा है। वह रोजाना साइकिल से स्कूल आती-जाती है। बुधवार को भी वह स्कूल की छुट्टी होने के बाद साइकिल से घर लौट रही थी। बताया गया कि सतूपुरा और ऐंचौड़ा कम्बोह के बीच सामने से आ रहे ट्रैक्टर की चपेट में उसकी साइकिल आ गई। ट्रैक्टर का पहिया साइकिल के ऊपर से उतर गया, जिससे साइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और प्रियंका गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद साथ चल रहे अन्य छात्र-छात्राओं ने ट्रैक्टर चालक को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर और चालक को कब्जे में ले लिया। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए और घायल छात्रा को आनन-फानन में मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर बताई है।

# वड़नगर से वाराणसी जा रही संकल्प यात्रा का चन्दौसी में जोरदार स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो







**चन्दौसी (मयंक सक्सेना)।** वड़नगर से वाराणसी तक निकाली जा रही भाजपा की संकल्प यात्रा बुधवार को चन्दौसी पहुंची। नगर में प्रवेश करते ही विभिन्न स्थानों पर भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। कई स्थानों पर कार्यकताओं ने यात्रा में शामिल लोगों को पुष्पमालाएं पहनाकर अभिनंदन किया। स्वागत के दौरान कार्यकताओं में उत्साह नजर आया और उन्होंने यात्रा के समर्थन में नारे लगाए। स्थानीय कार्यकताओं ने बताया कि यात्रा के माध्यम से संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने के साथ जनसंपर्क को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। यात्रा के स्वागत को लेकर नगर में विभिन्न स्थानों पर पहले से तैयारियां की गई थीं।

चन्दौसी में स्वागत कार्यक्रम के बाद यात्रा निर्धारित मार्ग से आगे के लिए रवाना हो गई। इस दौरान मंजू दिलेर, अंकित जैन, अंकुर अग्रवाल, गिरीश रतन, पंकजश्री, सतीश अरोरा, विपिन आहूजा, सुधीर मल्होत्रा, राजकुमार ठाकरे, अमन कोहली, शुभम अग्रवाल, रक्षारानी समेत भाजपा के स्थानीय पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। वहीं सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, राजकीय आईटीआई चन्दौसी के प्रधानाचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह पाल, पंकज कुमार, दिलीप चौरसिया, विवेक कुमार, सुधाकर मिश्रा, संजीव कुमार सक्सेना तथा आईटीआई बबराला, संभल और राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज का स्टाफ भी मौजूद रहा।

# मिशन शक्ति और पॉक्सो जागरूकता अभियान में बच्चों को बताए सुरक्षा के अधिकार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** राजकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय भुलावई में बुधवार को विशेष मिशन शक्ति एवं पॉक्सो जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, बच्चों के अधिकार, पॉक्सो अधिनियम और साइबर अपराध से बचाव की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अवधेश कुमार सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव संजीव कुमार सिंह, पैनल लॉयर्स, मिशन शक्ति प्रभारी डॉ. रुकम पाल सिंह समेत पुलिस और विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम मौजूद रही।

**150 छात्र-छात्राओं को कानून, साइबर अपराध और हेल्पलाइन की दी जानकारी**



करीब 150 छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने सहभागिता की।

अधिकारियों ने बच्चों को किसी भी आपात स्थिति में सहायता के लिए 1090, 181, 112, 1930 और 1098 हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। बच्चों ने विभिन्न विषयों पर सवाल पूछे, जिनका अधिकारियों ने जवाब दिया।

# वेतन भुगतान की मांग को लेकर एसएम कॉलेज में शिक्षकों-कर्मचारियों का धरना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** एसएम कॉलेज में वेतन भुगतान में हो रही देरी के विरोध में बुधवार को शिक्षकों और कर्मचारियों ने धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने कॉलेज प्रशासन से लंबित वेतन का शीघ्र भुगतान कराने और समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की।

**एक अक्टूबर से अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी, प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन**



धरने के दौरान प्रदर्शनकारियों ने कहा कि नियमित रूप से कार्य करने के बावजूद समय पर वेतन नहीं मिलने से आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई।प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि मांगों पर जल्द सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो एक अक्तूबर से अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। वेतन भुगतान की समस्या का समाधान होने तक आंदोलन जारी रखने की बात कही गई।

# गौसे पाक के झंडा मुबारक पर उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल।** बुधवार को नगर के नगर के मोहल्ला फतेहल्लाह सराय स्थित दरगाह गौस पाक के झंडे पर आयोजित किए दो दिवसीय उर्स के मौके पर शानो शौकत के साथ 17 वीं शरीफ का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में आकर अकीदतमंदों ने हाजिरी देकर अपनी अकीदत का नजराना पेश किया। दरगाह गौसे पाक रहमतुल्ला अलैह के झंडे पर परंपरागत रूप से 17 वीं शरीफ पर लगने वाले दो दिवसीय उर्स के आखिरी दिन हजारों की तादाद में आकर अकीदतमंदों ने गौसे पाक के झंडे पर हाजिरी दी और मन्नते मांगकर ल नजराना पेश किया। दूसरी तरफ मिलाद के साथ लंगर व कुरान ख्वानी का भी आयोजन किया गया। उर्स कमेटी व दरगाह के सदर मोहम्मद ताबिश खान ने बताया कि सैकड़ो साल से गौस पाक के झंडे पर उर्स शरीफ होता चला आ रहा है और उसमें सम्भल के अलावा दूर-दराज से जायरीन आकर हाजिरी देते हैं और उर्स के मौके पर 2 दिन तक लंगर चलता है जो सभी के लिए होता है। गुरुवार की सुबह कुल शरीफ का समापन किया गया इस मौके पर नबील अहमद, अनवर, शहजाद, जावेद जफर, शहरोज, सरताज, अकील अहमद, आदि काफी लोग मौजूद रहे।



# टेलीकॉम की दुकान में लगी भीषण आग,लाखों का सामान जलकर राख

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**असमोली (संभल)।** थाना असमोली क्षेत्र के मढ़न अड्डे पर मंगलवार देर रात फिरोज टेलीकॉम की दुकान में अचानक आग लग गई। आग की लपटें और धुआं निकलता देखकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और दमकल टीम ने बिजली की आपूर्ति बंद कराने के बाद कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। हादसे में दुकान में रखा एसी, फ्रिज, कूलर, बैटरियां, इन्वर्टर, फर्नीचर सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर राख हो गया। दुकान स्वामी ने आग से लाखों रुपये का नुकसान होने की बात कही है।मढ़न अड्डे पर रतूपुरा निवासी मौ. आकिल की फिरोज टेलीकॉम के नाम से दुकान है। मंगलवार शाम को वह रोजाना की तरह दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे। देर रात करीब 12 बजे आसपास के लोगों ने दुकान से धुआं निकलते देखा। कुछ ही देर में धुआं तेज हो गया और दुकान के अंदर से आग की लपटें दिखाई देने लगीं। आग लगने की जानकारी मिलते ही लोगों ने तत्काल दुकान स्वामी और पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही डायल-112 पुलिस के साथ मढ़न चौकी प्रभारी अनुज चौहान पुलिस टीम लेकर मौके पर पहुंचे।



# बारिश से बर्बाद फसल को लेकर भाकियू ने मांगा 25 हजार रुपये प्रति बीघा मुआवजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** बेमौसम और भारी बारिश से फसलों को हुए नुकसान को लेकर भारतीय किसान यूनियन (महाशक्ति) ने प्रदेश सरकार से किसानों को राहत देने की मांग की है। संगठन के पदाधिकारियों ने तहसील अध्यक्ष नीरेश यादव के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी चंदौसी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।




ज्ञापन में कहा गया कि जनपद में हुई भारी बारिश से किसानों की फसलें बर्बाद हो गई हैं। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। किसान संगठन ने बारिश से बर्बाद हुई फसलों के लिए किसानों को 25 हजार रुपये प्रति बीघा की दर से मुआवजा देने की मांग की। इसके अलावा जिलाधिकारी सम्भल को तत्काल आवश्यक कदम उठाने के निर्देश जारी करने और प्राकृतिक आपदा को देखते हुए प्रदेश के किसानों के घरेलू बिजली कनेक्शनों के बकाया बिल माफ करने की मांग भी की गई।

**आयोजन** रंगों में उभरा सपनों का भारत, छात्राओं ने दिखाई कल्पनाशक्ति

# रंगोली में सजे विकसित भारत के सपने, चित्रों में दिखी देश के उज्ज्वल भविष्य की तस्वीर भाषण प्रतियोगिता में छात्राओं ने रखा सशक्त और आत्मनिर्भर भारत का विजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल।** पंवासा विकासखंड की ग्राम पंचायत ठाठी स्थित एनपीएस इंटर कॉलेज में बुधवार को मेरे सपनों का भारत विषय पर चित्रकला, भाषण और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साह और उमंग के साथ प्रतिभाग करते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय परिसर में रंग-बिरंगी रंगोलियों और आकर्षक चित्रों ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा।

छात्राओं ने अपनी कलाकृतियों के माध्यम से विकसित, समृद्ध और सशक्त भारत की कल्पना को रंगों में उतारा। किसी चित्र में आधुनिक भारत की तस्वीर दिखाई दी तो किसी में शिक्षा, स्वच्छता, महिला सशक्तीकरण और आत्मनिर्भरता के संदेश उभरकर सामने आए। रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने विभिन्न रंगों और डिजाइनों का प्रयोग कर अपनी कल्पनाशक्ति का परिचय दिया। भाषण प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपने सपनों के भारत की तस्वीर शब्दों के माध्यम से प्रस्तुत की। उन्होंने शिक्षा को मजबूत बनाने, युवाओं के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराने और देश को आत्मनिर्भर बनाने पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं का उत्साह देखते ही बना। प्रतियोगिता में रीनू, अंजलि, माहिनू, स्वाति, तारावती, रिंकी, भावना, सुनीता और रेखा ने प्रतिभाग किया। विद्यालय के शिक्षकों और प्रबंधन ने छात्राओं की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेघपाल कुशवाह, प्रबंधक नेकपाल सिंह और प्रधानाचार्य राजबहादुर यादव समेत जसवीर सिंह, महेशपाल सिंह, नीतू यादव, प्रीति, ऊषा, राजकुमारी, अमरपाल सिंह, सत्यपाल सिंह, सतीश, श्रवण, अशोक और भुवनेश आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम ने छात्राओं को अपनी प्रतिभा और देश के प्रति अपने सपनों को रचनात्मक तरीके से व्यक्त करने का मंच प्रदान किया।




# कार्यालय नगर पालिका परिषद, चन्दौसी (सम्भल)

पत्रांक-184/जलकलनि0/2026-27 दिनांक 30.09.2026

## अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

समस्त अधिकृत विक्रेताओं/पंजीकृत फर्मों/जल निगम के पंजीकृत ठेकेदारों/समूहों को सूचित किया जाता है कि 15वॉं वित्त आयोग टाइड ग्रान्ट शुल्क के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद चन्दौसी के जलकल विभाग के द्वारा कराये जाने वाले कार्यों की अल्पकालीन ई-निविदा दिनांक 03.10.2026 से दिनांक 12.10.2026 को सायं 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिए न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा की शर्तों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें।

| क्र0सं0 | नगर पालिका / NPP Stage | ठेकेदार / Vender Stage | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | | 03.10.2026 10:00 am | 12/10/2026 2:00 pm |
| 2 | | Tender Download | 03.10.2026 11:00 am | 12.10.2026 2:00 pm |
| 3 | | Bid Submission | 03.10.2026 12:00 pm | 12.10.2026 3:00 pm |
| 4 | Closing of Bid Submission | | | 12.10.2026 3:00 pm |
| 5 | Technical Bid Opening | | 13.10.2026 12:00 pm | |
| 6 | Financial Bid Opening | | to be notified | |

नोटः- वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्तें तथा बिडिंग डॉक्यूमेंट्स ऑनलाइन देखे जा सकते हैं। ई-निविदा में कोई भी संशोधन/परिमार्जन/परिवर्तन की सूचना को वेबसाइट पर ही अपलोड किया जायेगा। संशोधित ई-निविदा ही मान्य होगी।

(सत्येन्द्र प्रकाश)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, चन्दौसी।

(लता वार्ष्णेय)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, चन्दौसी।

# अवैध मिट्टी खनन पर रोक और बर्बाद फसलों का मुआवजा दिलाने की मांग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**डिबाई (केपी सिंह चौहान)**। भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रपुत्र के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे। किसान नेताओं ने असमय लगातार हुई बारिश से बर्बाद हुई धान सहित अन्य फसलों का किसानों को उचित मुआवजा दिलाने तथा तहसील क्षेत्र में बड़े पैमाने पर चल रहे कथित अवैध मिट्टी खनन पर तत्काल रोक लगाने की मांग

## किसान यूनियन ने एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

की। इसके साथ ही किसान यूनियन ने क्षेत्र में संचालित ओयो होटलों को बंद कराए जाने की मांग को लेकर भी एसडीएम के माध्यम से ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया कि लगातार हुई असमय बारिश



के कारण किसानों की धान एवं अन्य फसलों को भारी नुकसान हुआ है। फसल खराब होने से किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। किसान यूनियन ने मांग की कि सभी लेखपाल, कानूनगो, नायब तहसीलदार, तहसीलदार एवं उपजिलाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में मौके पर पहुंचकर बारिश से बर्बाद फसलों का निरीक्षण कराएं और प्रत्येक प्रभावित किसान को नियमानुसार उचित मुआवजा दिलाया जाए। किसान नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि तहसील क्षेत्र में मिट्टी खनन का कार्य बड़े पैमाने पर किए जाने से किसानों के खेत ऊंचे-नीचे और बंजर होने की स्थिति में पहुंच रहे हैं।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि रात के समय अधिकारियों की कथित निगरानी में मिट्टी खनन किए जाने तथा खेतों की मेड़ तोड़ने को लेकर किसानों में विवाद की स्थिति पैदा हो रही है। साथ ही रात के अंधेरे में ग्राम प्रधानों से कथित सांठ-गांठ कर सरकारी जमीन से मिट्टी उठाए जाने का आरोप भी लगाया गया है।

किसान यूनियन ने प्रशासन से मिट्टी खनन में शामिल लोगों के साथ-साथ यदि किसी अधिकारी अथवा कर्मचारी की मिलीभगत पाई जाती है तो उसके विरुद्ध भी कानूनी कार्यवाही किए जाने की मांग की। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि शीघ्र ही मिट्टी खनन पर प्रभावी रोक नहीं लगाई गई तो भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रपुत्र तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी जिम्मेदारी तहसील प्रशासन की होगी।

इसी क्रम में किसान यूनियन ने ओयो होटलों को बंद कराए जाने की मांग को लेकर भी एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

यूनियन पदाधिकारियों ने प्रशासन से इस संबंध में नियमानुसार जांच कर आवश्यक कार्यवाही किए जाने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रपुत्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित गजेन्द्र शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरस्वरूप शर्मा, राष्ट्रीय संगठन मंत्री अरविंद, राष्ट्रीय सचिव नरेश शर्मा, इंद्रपाल, प्रदेश अध्यक्ष युवा ठाकुर ललित राघव, जिला अध्यक्ष बुलंदशहर शिवकुमार राघव, तहसील अध्यक्ष पप्पू गाजी, नगर अध्यक्ष डिबाई फिरोज गाजी, राजेश कुमार, संजीव शर्मा, शुभम राघव, डॉ. दिनेश राघव, लक्ष्मी नारायण शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अरविंद शर्मा, मुकेश कौशिक, शालू राघव, मदन भारद्वाज और दिलशाद खां सहित बड़ी संख्या में किसान यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

# चन्दयाना में कच्चे रास्ते से ग्रामीण परेशान, सड़क नहीं बनी तो बोर्ड परीक्षा का बहिष्कार की चेतावनी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर**। नरसेना क्षेत्र के गांव. चन्दयाना में घूंगरावली मार्ग की हालत बदहाल होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ग्रामीणों का कहना है कि मार्ग पूरी तरह कच्चा और गड्ढों से भरा हुआ है, जिसके चलते लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया है ग्रामीणों के मुताबिक इसी रास्ते पर प्राचीन मंदिर भी स्थित है, जहां आसपास के गांवों से श्रद्धालु आते-जाते हैं। वहीं स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों को भी रोजाना इसी मार्ग से गुजरना पड़ता है रास्ते में कीचड़ और गड्ढों के कारण बच्चों की स्कूल ड्रेस



तक खराब हो जाती है ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों से सड़क निर्माण की मांग की जा चुकी है, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि विधायक, सांसद, जिला पंचायत और ब्लॉक स्तर के जनप्रतिनिधियों ने भी उनकी समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही रास्ते का निर्माण नहीं कराया गया तो वे बोर्ड परीक्षा के बहिष्कार का निर्णय लेने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द मार्ग का निर्माण कराने की मांग की।

# शादी का झांसा देकर युवती से किया रेप, गर्भवती युवती ने कराया मामला दर्ज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर** । औरंगाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव की एक युवती के साथ युवक ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। गर्भवती हो जाने पर शादी से

- त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को भेजा जेल
- युवती को भेजा मैडिकल परीक्षण एवं बयान कराने

मुकर गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को बंदी बना कर जेल भेज दिया। पीड़िता को मैडिकल परीक्षण कराने और मजिस्ट्रेट के सम्मुख बयान दर्ज कराने भेजा गया है।

थाना क्षेत्र के गांव पैमपुर में उन्नीस



वर्षीय एक युवती की बहिन गांव सराय छबीला में व्याही थी। सराय छबीला निवासी एक युवक जो कि उसकी बहिन का रिश्ते में देवर लगता था पैमपुर में आता रहता था। आरोप है कि युवक ने युवती को बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने शुरू कर दिए। युवती के गर्भवती हो जाने पर युवक शादी से मुकर गया। बताया जाता है कि गांव में मामले का निपटारा करने की नीयत से पंचायत भी हुई थी लेकिन युवक टस से मस नहीं हुआ और शादी करने से पल्ला झाड़ लिया। पीड़िता ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई। मामला दर्ज करते ही पुलिस ने कुछ ही घंटों में आरोपी युवक सोनू पुत्र राजेन्द्र लोधी निवासी ग्राम सराय छबीला कोतवाली देहात जनपद बुलंदशहर को चरौरा बंबे के नजदीक से बंदी बनाकर जेल भेज दिया। पीड़िता को मैडिकल परीक्षण कराने एवं मजिस्ट्रेट के सम्मुख बयान दर्ज कराने भेजा गया है। पुलिस टीम में थाना प्रभारी सुखवीर सिंह, लखावटी चौकी इंचार्ज रामेश्वर दयाल शर्मा हैड कांस्टेबल प्रवीण मलिक शामिल रहे। अभियुक्त औरंगाबाद नवीन मंडी में ईलना निवासी एक आढ़ती की दुकान पर काम करता बताया जाता है जिसकी उम्र लगभग 21 वर्ष बताई जा रही है।

# उद्योग व्यापार बंधु की बैठक में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था पर मंथन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर**। पुलिस लाइन सभागार में बुधवार को उद्योग व्यापार बंधु की जिला स्तरीय मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभिषेक प्रताप अजेय ने की बैठक में विभिन्न औद्योगिक



क्षेत्रों से जुड़े उद्यमियों, उद्योग संगठनों के प्रतिनिधियों और संबंधित विभागों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। एएसपी नगर ने औद्योगिक इकाइयों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

वहीं शहर में ई-रिक्शा के कारण लगने वाले जाम और यातायात व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए इसके अलावा साइबर अपराध, धोखाधड़ी और औद्योगिक सुरक्षा से जुड़े मामलों पर भी दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में एएसपी/सीओ नगर प्रेमसुख दरिया, सीओ यातायात अनिल कुमार शाही समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सपा में गौरव अधाना समेत कई लोगों ने ग्रहण की सदस्यता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर**। समाजवादी पार्टी द्वारा




आयोजित सदस्यता ग्रहण समारोह में राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान गौरव अधाना और उनके साथियों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मतलूब अली ने की, जबकि संचालन युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव कोमल गुर्जर ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजकुमार भाटी ने 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर सपा की सरकार बनने का दावा किया उन्होंने प्रदेश सरकार पर विकास और कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए। महिलाओं और नाबालिग बच्चियों के खिलाफ अपराधों को लेकर भी उन्होंने सरकार पर निशाना साधा। सदस्यता ग्रहण समारोह में हिमायत अली, अन्नू चौधरी, हाजी अख्तर, प्रेमवीर यादव, जाकिर उर्फ बबलू, शकिल अहमद, रामकुमार यादव, समिता जाटव, भारत सिंह गुर्जर, संजीव सिरोही, फिरे सिंह प्रजापति, जय सिंह प्रजापति, शिवम जाटव, रोहित जाटव, रियाजुद्दीन अल्वी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान में सफाई मित्रों का सम्मान, प्रशस्ति पत्र व वर्दी का किया वितरण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर**। शासन के निर्देशानुसार संचालित स्वच्छता ही सेवा-2026 एवं सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत





बुधवार, 30 सितंबर को नगर पालिका परिषद शिकारपुर में विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका में कार्यरत सफाई प्रभारी, समस्त कार्यवाहक सफाई नायक एवं सफाई मित्रों को स्वच्छता अभियान में निरंतर उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

नगर पालिका परिषद शिकारपुर की अध्यक्ष राजबाला देवी एवं अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह ने सफाई मित्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी ने कहा कि सफाई मित्र स्वच्छ भारत मिशन की मजबूत नींव हैं। नगर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने में उनका योगदान बेहद महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम के दौरान सफाई मित्रों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इनमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, आयुष्मान भारत, ठअटअरळए योजना, ई-श्रम कार्ड, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम आवास योजना, उज्ज्वला योजना एवं पीएम स्वनिधि योजना सहित अन्य योजनाएं शामिल रहीं। साथ ही NAMASTE योजना के अंतर्गत सुरक्षा उपकरण एवं ढढए किट के उपयोग की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर सभी सफाई मित्रों को वर्दी का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में सफाई मित्रों की गरिमामय उपस्थिति रही। समारोह का समापन नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लिए निरंतर समर्पण और सेवा भाव से कार्य करने के संकल्प के साथ हुआ।

# रामलीला स्टेज का भूमिपूजन कर हुआ महोत्सव का शुभारंभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। चार अक्टूबर से शुरू होने वाले रामलीला आयोजन का, बुधवार को स्टेज निर्माण हेतु भूमि पूजन करके शुभारंभ किया गया। पूजा अर्चना के उपरांत गणमान्य लोगों ने

## चार अक्टूबर से होगा रामलीला मंचन स्थानीय कलाकारों द्वारा किया जायेगा अभिनय

परम पिता परमेश्वर से श्री राम लीला अभिनय आयोजन को सफल एवं सार्थक बनाने के लिए प्रार्थना की।

श्री राम लीला अभिनय मंडल के तत्वावधान में प्राचीन नागेश्वर मंदिर परिसर स्थित रामलीला मैदान में आयोजित होने जा रहे रामलीला



महोत्सव हेतु स्टेज निर्माण कार्य बुधवार को प्रारंभ किया गया। भूमि पूजन करके हवन किया गया। पूजा अर्चना नागेश्वर मंदिर के पुजारी आचार्य अविनाश शास्त्री ने संपन्न कराई। राम लीला अभिनय मंडल अध्यक्ष योगेश कुमार अग्रवाल संरक्षक राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल उर्फ रज्जू आढ़ती, कैलाश कुमार अग्रवाल डायरेक्टर पुनीत सिंघल नितिन सिंघल राजीव कौशल मोहित अग्रवाल मिक्की,चेतन कंसल हेमंत गुप्ता नवनीत गुप्ता हरेंद्र लोधी टीटू सर्राफ संजय सिंघल ध्रुव कुमार सिंघल विशाल अग्रवाल नवीन कुमार अग्रवाल, नितिन सिंघल अनुज सिंघल मनोज गुप्ता कैलाश सोनी, इंद्रजीत सिंह जोशी, आदि अनेक लोग मौजूद रहे।

सभी ने इस आयोजन को सफल एवं सार्थक बनाने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। विदित हो कि विगत वर्षों की भांति श्री राम लीला अभिनय मंडल के तत्वावधान में स्थानीय कलाकारों द्वारा श्री राम लीला का अभिनय 4 अक्टूबर से शुरू किया जायेगा जो कि 21अक्टूबर तक प्रतिदिन होगा। मंडल डायरेक्टर पुनीत सिंघल के नेतृत्व में स्थानीय युवा कलाकार अभिनय को सजीव बनाने के लिए रिहर्सल कर पसीना बहा रहे हैं। स्वर्गीय लाला केदारनाथ की तीसरी व चौथी पीढ़ी भी इस आयोजन को सफल बनाने हेतु दिन रात एक करने में जुटी हुई है।

# 25 हजार के इनामी अभियुक्त साबिर को अहमदगढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर**। थाना अहमदगढ़ पुलिस ने जगदीशपुर गांव में हुई मारपीट की घटना के मामले में फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त शाबिर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी की गिरफ्तारी पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था।

पुलिस के मुताबिक, 27 जुलाई 2026 को ग्राम जगदीशपुर में मारपीट की घटना हुई थी, जिसमें एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। मामले में थाना अहमदगढ़ पर मुकदमा अपराध संख्या 257/26 के तहत धारा 352, 109(1) और 103(1) बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में एक आरोपी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है, जबकि शाबिर घटना के बाद से फरार चल रहा था।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शाबिर पुत्र




आशिक अली, निवासी विवेक विहार, झिलमिल कॉलोनी दिल्ली, हाल पता ईदगाह के पास गली नंबर-6, वजीर चौक, शहीद नगर, गाजियाबाद है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष वरुण शर्मा, उपनिरीक्षक जीत सिंह, उपनिरीक्षक रंजीत सिंह तथा कांस्टेबल रोहित कुमार, हेमंत किशोर, विपिन भदोरिया और ललित ठेनुआ शामिल रहे।

# चार साल का बच्चा खेलते-खेलते हुआ लापता, पुलिस ने 2 घंटे में सकुशल बरामद किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर** । थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला रुकनसराय से खेलते-खेलते लापता हुए चार वर्षीय बच्चे को पुलिस ने महज दो घंटे में सकुशल बरामद कर लिया। परिजनों ने बच्चे के लापता होने की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद थाना प्रभारी निरीक्षक सुजीत कुमार उपाध्याय ने तत्काल पुलिस टीम गठित कर बच्चे की तलाश शुरू कराई।



पुलिस टीम ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और लगातार तलाश करते हुए बच्चे को चौकी खुर्जा गेट के पास से सकुशल बरामद कर लिया। इसके बाद बच्चे को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बच्चे के सकुशल मिलने पर परिजनों ने कोतवाली नगर पुलिस का आभार जताते हुए पुलिस टीम की सराहना की। यह कार्रवाई ऑपरेशन मुस्कान के तहत की गई।

# निष्ठापूर्ण सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुई सफाई मित्र शांति देवी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर**। नगर पालिका परिषद, शिकारपुर में बुधवार को नियमित सफाई मित्र श्रीमती शांति देवी के सेवानिवृत्त होने पर विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। लंबे समय तक नगर की स्वच्छता व्यवस्था में

## पालिका कार्यालय में आयोजित हुआ सम्मान समारोह, अध्यक्ष राजबाला देवी ने पुष्पमाला पहनाकर किया सम्मानित

निष्ठा और समर्पण के साथ सेवाएं देने के लिए पालिका परिवार ने उनका आभार व्यक्त किया। समारोह में नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष राजबाला देवी ने शांति देवी को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की



कामना की। इस दौरान उन्हें भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का चित्र स्मृति-चिह्न के रूप में भेंट किया गया। मिष्ठान वितरण कर उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि शांति देवी ने अपने सेवाकाल के दौरान स्वच्छता व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनका समर्पण और कार्य के प्रति निष्ठा अन्य कर्मचारियों के लिए भी प्रेरणादायी है। इस अवसर पर श्रीमती शांति देवी को उनके भविष्य निधि (पीएफ) खाते में संचित धनराशि का ब्याज सहित भुगतान संबंधी पत्र भी प्रदान किया गया।

समारोह में पालिका परिवार के कर्मचारियों ने शांति देवी के सुखमय, स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम के अंत में पालिका परिवार की ओर से उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।

**आयोजन** — कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे भावना नागपाल व डॉ बसंत गोयल द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

# सैडस आफ इंडिया द्वारा गोल्डन ग्रेश फैशन शो व श्रवण/श्रवणी पुरस्कार समारोह का किया आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर**। देश में एक तरफ जहां कुछ वृद्ध लोगों को उनके कुछ बच्चे घर से निकाल देते हैं और

## वृद्धाश्रम के लोगों ने फैशन शो प्रतियोगिता में लिया भाग जिन्हें पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित

उन्हें अपने साथ घर में रखना पसंद नहीं करते। जिन्हें वृद्ध आश्रम में रहने को मजबूर होना पड़ता है। ऐसे में सेडस ऑफ इंडिया संस्था द्वारा



वृद्ध लोगों के लिए हाथ बढ़ाकर उनकी मदद करने का संकल्प लिया है। जिन्होंने वृद्ध लोगों को एक प्रतियोगिता में शामिल कर उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित करने का कार्यक्रम रखा गया।

बता दें कि सैडस आफ इंडिया द्वारा गोल्डन ग्रेश फैशन शो व श्रवण/श्रवणी पुरस्कार समारोह का किया आयोजन,कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे भावना नागपाल व डॉ बसंत गोयल द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ, वृद्धाश्रम के लोगों ने फैशन शो प्रतियोगिता में लिया भाग जिन्हें पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित। जिसमें फैशन शो, अवार्ड वितरण, डांस की प्रतियोगिता कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों व आयोजकों द्वारा फैशन शो में प्रतिभागी वृद्धाश्रम में रहने वाले लोगों व समाजहित में कार्य कर रहे लोगों को श्रवण व श्रवणी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में कौन-कौन शामिल रहे। -कार्यक्रम में मुख्य रूप से सविता अरोरा, राखी तंवर, भावना नागपाल, बसंत गोयल , गौरव धवल ,नीलम मिश्रा, ममता सिंह, सपना शमी,मोहित नागर, शिवानी शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने अपर पुलिस अधीक्षक को नवरात्रि व आगामी पर्वों पर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर**। नवरात्रि, करवा चौथ एवं दीपावली सहित आगामी पर्वों को देखते हुए भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने व्यापारियों एवं आमजन की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और बाजारों की सुविधाओं को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर आवश्यक व्यवस्थाएं कराने की मांग की है।जिला अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने कहा कि 11 अक्टूबर से नवरात्रि प्रारंभ हो रही है। पर्वों के दौरान बाजारों में भीड़ बढ़ने के कारण पुलिस गश्त एवं सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाना आवश्यक है। शोभायात्राओं एवं धार्मिक आयोजनों के दौरान यातायात सुचारु रखा जाए तथा सड़कों पर मंच या अन्य संरचनाओं के कारण आवागमन बाधित न हो।उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में देवीपुरा प्रथम क्षेत्र में नवरात्रि के दौरान सड़क पर मंच लगाए जाने से करीब दो दिन तक




आवागमन एवं व्यापार प्रभावित हुआ था। भविष्य में ऐसी स्थिति न बने, इसके लिए आयोजकों को अनुमति देते समय यातायात व्यवस्था का ध्यान रखा जाए। नरेंद्र चौधरी आनंद गुप्ता रमन शर्मा ने डीजे एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर निर्धारित ध्वनि सीमा और समय-सीमा का कड़ाई से पालन कराने की मांग की।

सुंदर सिंह चौधरी गुफरान गाजी ने बताया कि पिछले वर्ष अंसारी रोड से गर्ग हॉस्पिटल तक अत्यधिक तेज आवाज में डीजे के कारण दुकानों में सामान एवं शोरूम की डमी गिरने जैसी स्थिति बनी थी तथा अस्पतालों में भर्ती मरीजों को भी परेशानी हुई थी।

## नाम परिवर्तन सूचना

पहले मेरा नाम mohd Saleem S/0 Abdul Hamid था और अब मेरा नाम Mohammad Saleem Ansari S/0 Abdul Hamid निवासी गुरूसगंज काली नदी रोड बुलंदशहर है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# भागवत कथा के पंचम दिवस उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** रजनी विहार कॉलोनी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से कथा का श्रवण किया। कथा वाचक पं. जयप्रकाश शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया। उन्होंने सकटासुर उद्धार, बकासुर उद्धार, पूतना वध, गोपाष्टमी पर गाय चराने, बृज में माखन चोरी तथा गिरिराज महाराज की महिमा एवं पूजन का प्रसंग सुनाया। कथा के दौरान श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।





इस अवसर पर मुख्य यजमान देवेन्द्र सिंह शिशोदिया, गजेन्द्र सिंह तोमर, सुनील कुमार शिशोदिया, रामभूल राघव, मनोज तोमर, संदीप तोमर, कुलदीप तोमर, राजकुमार हलवाई, मंजू सिंह, मोहिनी, कांति, देवी, सरिता, सुनीता देवी, मधु सिंह, मूर्ति देवी, आशा देवी, रेणुलता तोमर, बबीता तोमर, मिथलेश देवी, नर्मदा तोमर, लता, मीना, सुषमा राघव, विमला देवी आदि मौजूद रहे। व्यवस्था में नरेश बृजवासी व राजेश शर्मा का सहयोग रहा।

# अंतरराष्ट्रीय सुरक्षित गर्भपात दिवस एवं विश्व गर्भनिरोधक दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़ ।** सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग, हापुड़ द्वारा अंतरराष्ट्रीय सुरक्षित गर्भपात दिवस एवं विश्व गर्भनिरोधक दिवस के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC), पिलखुवा, हापुड़ में सामूहिक एकजुटता और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में बाधाओं को दूर करना विषय पर जागरूकता एवं शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग (OBG) द्वारा प्रो. (डॉ.) आर. पिरामिला, प्राचार्य, सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग के मार्गदर्शन में तथा श्री एन. वर्धराजन, महाप्रबंधक, सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सहयोग एवं समन्वय से किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भनिरोध, अनियोजित गर्भधारण की रोकथाम, सुरक्षित एवं सम्मानजनक गर्भपात देखभाल, गर्भपात के बाद की देखभाल तथा समय पर साक्ष्य-आधारित प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम में प्रो. (डॉ.) आर. पिरामिला, प्राचार्य, सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग; डॉ. प्रियंका दुबे तथा डॉ. अंकिता भारद्वाज, प्रभारी, पीएचसी पिलखुवा की गरिमामयी उपस्थिति रही।





कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. नसीमा खातून, एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, ओबीजी विभाग के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सुरक्षित गर्भपात दिवस एवं विश्व गर्भनिरोधक दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं तक समान एवं समय पर पहुंच सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न जानकारीपूर्ण एवं संवादात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं। इनमें स्वागत गीत, गर्भनिरोध एवं सुरक्षित गर्भपात पर स्वास्थ्य वार्ता, जागरूकता नाटक, मिथक एवं तथ्य पर संवादात्मक सत्र, त्वरित प्रश्नोत्तरी तथा जागरूकता शपथ शामिल रहे। इन गतिविधियों में बी.एससी. नर्सिंग सातवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

सभा को संबोधित करते हुए प्रो. (डॉ.) आर. पिरामिला, प्राचार्य, सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने गर्भनिरोध एवं सुरक्षित गर्भपात के विषय पर जानकारीपूर्ण वक्तव्य दिया। उन्होंने सूचित गर्भनिरोधक विकल्पों के चयन, अनियोजित गर्भधारण की रोकथाम, समय पर सुरक्षित एवं कानूनी गर्भपात सेवाएं प्राप्त करने तथा योग्य स्वास्थ्यकर्मियों से उचित गर्भपात-पश्चात देखभाल लेने के महत्व को समझाया।

उन्होंने प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं में गोपनीयता, सम्मानजनक संवाद, व्यक्तिगत अधिकारों तथा साक्ष्य-आधारित जानकारी के महत्व को भी रेखांकित किया। साथ ही, गर्भनिरोध एवं गर्भपात से संबंधित मिथकों, सामाजिक कलंक और गलत सूचनाओं को दूर करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने जागरूकता एवं समय पर स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व को रेखांकित करते हुए संदेश दिया–समय पर जागरूकता सुरक्षित मातृत्व का आधार है। जागरूकता अभियान के अंतर्गत बी.एससी. नर्सिंग सातवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने एक प्रभावशाली जागरूकता नाटक प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में आने वाली चुनौतियों एवं असमानताओं को प्रदर्शित किया गया। विशेष रूप से युवा विवाहित महिलाओं, गर्भवती महिलाओं एवं प्रसवोत्तर माताओं के बीच आवश्यक गर्भनिरोधक सेवाओं के प्रति जागरूकता और उनकी उपलब्धता के महत्व को प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से सूचित निर्णय लेने, समय पर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करने और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं तक समान पहुंच का संदेश दिया।

# सेवा संकल्प अभियान : ग्राम नवादा में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को विकास खण्ड-हापुड़ के ग्राम नवादा में मियावाकी वृक्षारोपण हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण व एचडीएफसी बैंक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य

> **भाजपा सांसद, चेयरमैन, जिलाध्यक्ष व एचपीडीए वीसी ने किया वृक्षारोपण**
> **पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण बहुत जरूरी:सांसद,चेयरमैन**

अतिथि,जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

बुधवार को ग्राम नवादा में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ भाजपा सांसद अरूण चन्द्र प्रकाश गोविल,जिला पंचायत चेयरमैन रेखा नागर,जिलाध्यक्ष कविता माधरे व हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष मुकेश चन्द्र द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिसके उपरांत उनके द्वारा विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में सांसद व जिला पंचायत चेयरमैन रेखा नागर ने कहा कि वृक्षारोपण केवल पौधे लगाने का कार्य नहीं,बल्कि आने वाली पीढि?ों के लिए स्वच्छ,हरित एवं सुरक्षित पर्यावरण की नींव रखने का संकल्प है। पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण बहुत जरूरी है। बताया गया कि जनपद में बुधवार को





1.पूठ बांगर 2.करीमपुर 3.सैदपुर,सालाहाबाद 4.चित्तौड़ा मोहिउद्दीनपुर 5.किरावली बांगर 6.बरारी, देवली 7.सिकन्दरपुर,8.अठसैनी 9.बहापुर ठेरा 10.सरावनी,मिजार्पुर 11.माधापुर मौजमपुर 12.खागोई सहसपुरा 13.मौ0पुर खुडलिया 14. पीरनगर 15.दत्तियाना 16.भरना 17.वैठ 18.मुरादपुर 19. बासतपुर 20.बझैडा कंला 21.सुखदेवपुर 22.छिजारसी 23.सिखेडा 24.खेरपुर खैराबाद 25.भूडि?ा 26.असौडा 27. अयादनगर जनूब 28.उपैडा 29.भमैडा 30. वझीलापुर 31.नवादा 32.रघुनाथपुर 33.हाजीपुर उदयपुर 34. कस्तला कासमाबाद 35.श्यामनगर 36.सराबा में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया।

# डीएम ने संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की समीक्षा कर दिये निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी कविता मीना की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य, नगर पालिका, पंचायती राज, शिक्षा,बाल विकास एवं अन्य संबंधित विभागों के कार्यों की समीक्षा की। जिलाधिकारी कविता मीना ने निर्देशित किया कि संचारी रोगों की रोकथाम हेतु फॉगिंग,एंटी लार्वा छिड़काव एवं नालियों की सफाई युद्धस्तर पर कराई जाए।आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर दस्तक अभियान के तहत बुखार के रोगियों की सूची बनाएं तथा जागरूकता फैलाएं। सभी अस्पतालों में बेड, दवाइयां एवं जांच की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जलभराव वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर तत्काल जल निकासी व जल भराव के कारणों का स्थायी निस्तारण किया जाए। स्कूलों में बच्चों को संचारी रोगों से बचाव हेतु जागरूक किया जाए।



उन्होंने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें।

# धौलाना तहसील के धरने में पहुंचे सीएम चौहान, केंद्र सरकार पर साधा निशाना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा/धौलाना।** तहसील परिसर में पिछले कई दिनों से चल रहे धरना-प्रदर्शन में आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सीएम चौहान पहुंचे और अपने विचार रखे। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि जनता का ध्यान मूलभूत मुद्दों से हटाने के लिए उसे आपस में लड़ाकर उलझाए रखने का प्रयास किया जा रहा है।

सीएम चौहान ने कहा कि जनता को अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, स्कूल, अस्पताल और अन्य बुनियादी सुविधाओं जैसे मुद्दों पर सवाल उठाने चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि समाज के विभिन्न वर्गों के बीच विवाद पैदा कर जनता का ध्यान इन मुद्दों से भटकाया जाता है। उन्होंने कहा कि किसान और जवान भी परेशान हैं।




धरने में सीएम चौहान के साथ जाहरवीर मेला समिति के सदस्य अतुल तोमर, मुकेश तोमर, दिनेश तोमर, देवेंद्र तोमर, राहुल तोमर, पंकज तोमर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सीएम योगी से पीड़ित परिवार को मिलाकर,आर्थिक सहायता की मांग की थी

# विधायक ने स्व.गौरव त्यागी के परिजनों को सौंपा 5 लाख का चेक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर।** जनपद के गांव ग्राम मोहम्मदपुर आजमपुर निवासी स्व.गौरव त्यागी के परिजनों को गढ़ विधायक ने मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से प्राप्त पांच लाख रुपए का चेक देकर अर्थिक सहायता दी। बुधवार को गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर आजमपुर में विधायक हरेंद्र चौधरी गांव पहुंचे और हाल ही में दिवंगत हुए गौरव त्यागी के शोकाकुल परिजनों से भेंट की। इस दौरान विधायक ने मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से स्वीकृत 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक परिजनों को सौंपा और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में वह और पूरी सरकार परिवार के साथ खड़ी है। विधायक हरेंद्र चौधरी ने बताया कि गत 27 सितंबर को वह पीड़ित परिजनों को लेकर लखनऊ गए थे,जहां उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनकी भेंट कराई और परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए सहायता का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत सहायता स्वीकृत की। विधायक ने मानवीय सहायता के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया और कहा कि भाजपा सरकार में पीड़ितों की मदद सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस मौके पर गांव के कई गणमान्य लोग और कार्यकर्ता मौजूद रहे।





# विद्यालयों में विद्यार्थियों को पॉक्सो अधिनियम के प्रति किया जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजय कुमार सिंह प्रथम के निर्देशन में पॉक्सो अधिनियम, 2012 के प्रावधानों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक एवं संवेदनशील बनाने हेतु विशेष जागरूकता अभियान जारी हैं।

जनपद के विभिन्न विद्यालयों में न्यायिक अधिकारियों द्वारा विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है, जिसमें बुधवार को न्यायिक अधिकारी, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय साधना सिंह द्वारा कंपोजिट विद्यालय सबली हापुड़ में छात्र-छात्राओं को बताया गया कि पॉक्सो अधिनियम, 2012 के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु का प्रत्येक व्यक्ति बच्चा है तथा नाबालिग की सहमति कानूनन मान्य नहीं होती है। न्यायिक अधिकारियों ने विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं असुरक्षित स्पर्श, लैंगिक अपराधों से बचाव,ऑनलाइन एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित प्रयोग,साइबर उत्पीडन, बाल विवाह,शिकायत करने की प्रक्रिया तथा पीड़ित बच्चे की पहचान गोपनीय रखे जाने के कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया गया कि किसी भी प्रकार की असहज स्थिति,दबाव,धमकी अथवा अनुचित व्यवहार को छिपाएँ नहीं,बल्कि तत्काल अपने माता-पिता,शिक्षक अथवा किसी विश्वसनीय व्यक्ति को इसकी जानकारी दें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में कार्यरत पी0एल0वी0 गौरव सहगल,साक्षी,निशाव अनुज ने उक्त कार्यक्रमों को ने बताया कि इस अभियान का प्रथम चरण एक अक्टूबर तक संचालित है। बच्चों की सुरक्षा समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सामूहिक जिम्मेदारी है।




# स्वर्गीय जगदीश सिंह की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** स्वर्गीय जगदीश सिंह की पुण्यतिथि पर परिजनों और शुभचिंतकों ने उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया। इस दौरान अमजद अली ने कहा कि उन्हें दुनिया से विदा हुए काफी समय बीत गया है, लेकिन उनकी यादें आज भी परिवार के लोगों के दिलों में जीवंत हैं। उनके द्वारा दिए गए संस्कार, शिक्षा और सीख आज भी परिवार के सदस्यों के जीवन में मार्गदर्शन का काम कर रहे हैं। अन्य वक्ताओ ने कहा कि स्वर्गीय जगदीश सिंह एक सरल, मिलनसार और नेक इंसान थे। उनके व्यक्तित्व और व्यवहार को लोग आज भी याद करते हैं। पुण्यतिथि के अवसर पर उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। परिजनों ने कहा कि उनके आदर्श और विचार हमेशा परिवार के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। इस दौरान उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



# सेवा संकल्प अभियान : भाजपा जिलाध्यक्ष ने प्रदर्शनी का फीता काटकर किया शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** गत 17 सितंबर 2026 से 17 अक्टूबर 2026 तक चल रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जनपद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। अभियान के तहत धौलाना में ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। सेवा संकल्प कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाया जा रहा है।

बुधवार को सेवा संकल्प अभियान के जिला अध्यक्ष भाजपा कविता माधरे द्वारा हापुड़ नगर पालिका परिषद हापुड़ में आयोजित जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। जिसे देखने काफी संख्या में लोग भी पहुंचे।






### जनपद के गांव भैना सदरपुर में किया महायज्ञ

सेवा संकल्प अभियान के तहत ही ग्राम भैना सदरपुर में महायज्ञ भी आयोजित किया गया। उपस्थित लोगों ने महायज्ञ में पूर्ण आहुति दी।

# 25 वार्डों में लगेंगे ओटीएस कैंप, बकायेदारों को मिलेगा ब्याज में शत-प्रतिशत छूट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** नगर पालिका परिषद पिलखुवा द्वारा गृहकर एवं जलकर/सीवर के बकायेदारों को एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) का लाभ दिलाने के लिए नगर के 25 वार्डों में कैंप लगाए जाएंगे। शासन के निर्देश पर 15 अगस्त 2026 से लागू योजना में बकाया धनराशि पर देय ब्याज में शत-प्रतिशत छूट दी जा रही है।पालिका द्वारा योजना के प्रचार-प्रसार के साथ लोगों को जागरूक किया जा रहा है। निर्धारित रोस्टर के अनुसार कैंपों का आयोजन एक अक्टूबर से शुरू होगा। प्रथम चरण में एक अक्टूबर को आर्यनगर और शुक्लान क्षेत्र में कैंप लगाए जाएंगे। आर्यनगर में अंबेडकर धर्मशाला तथा शुक्लान में रविदास मंदिर को कैंप स्थल बनाया गया है। पालिकाध्यक्ष विभु बंसल ने नगरवासियों से कैंप में पहुंचकर अपने बकाये का विवरण प्राप्त करने और ओटीएस योजना का लाभ उठाकर बकाया धनराशि का निस्तारण कराने की अपील की है।



# जीएस के डीन पद पर हुआ बदलाव, डॉ. दक्षा आमोंकर का किया स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** जीएस विश्वविद्यालय के मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में





डीन पद पर हुए बदलाव के बाद स्वागत एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में निवर्तमान डीन प्रो. डॉ. प्रदीप गर्ग को संस्थान के विकास में उनके योगदान के लिए सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। वहीं प्रो. डॉ. दक्षा आमोंकर के नई डीन की जिम्मेदारी संभालने पर उनका अभिनंदन किया गया।

जीएस हॉस्पिटल के ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में प्रो. चांसलर डॉ. अंकित शर्मा, प्रो. वाइस चांसलर डॉ. रूपाली शर्मा, सीईओ डॉ. नेहा जी शर्मा और डायरेक्टर जीएस आयुर्वेद सोनाली शर्मा मौजूद रहीं। प्रो. डॉ. मधुबाला गौर ने स्वागत संबोधन दिया। वाइस चांसलर प्रो. डॉ. यतिश अग्रवाल ने डॉ. प्रदीप गर्ग के कार्यकाल की स्मृतियां साझा कीं।

नई डीन डॉ. दक्षा आमोंकर ने कहा कि मेडिकल कॉलेज की शैक्षणिक गतिविधियों, चिकित्सा सेवाओं और अनुसंधान को गति देने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। उन्होंने टीम भावना के साथ कार्य करने पर जोर दिया। समारोह में मेडिकल सुप्रिंटेंडेंट डॉ. शरद गोयल सहित विभिन्न विभागों के चिकित्सक, विभागाध्यक्ष और कर्मचारी मौजूद रहे।

### निरीक्षण | महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों की ड्यूटी रोटेशन के आधार पर लगाने के आदेश दिये

# डीआईजी ने हापुड़ कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र कलानिधि नैथानी द्वारा हापुड़ कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया गया। महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों की ड्यूटी रोटेशन के आधार पर लगाने के आदेश दिये। डीआईजी ने शस्त्रों की अच्छी जानकारी रखने पर निरीक्षक अशोक कुमार को

> **डीआईजी ने शस्त्रों की अच्छी जानकारी रखने पर उप निरीक्षक को किया पुरस्कृत**

पुरस्कृत किया। बुधवार को डीआईजी कलानिधि नैथानी ने हापुड़ पहुंचकर हापुड़ कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने थाना परिसर,मैस, बैरक,थाना कार्यालय,मालखाना,शस्त्रागार,मिशन शक्ति केंद्र और साइबर हेल्प डेस्क का जायजा लिया। इसके साथ ही विवेचकवार लंबित विवेचनाओं और शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की भी समीक्षा की गई। डीआईजी ने मिशन शक्ति के कार्यों और महिला संबंधी शिकायतों के निस्तारण को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। वहीं मिशन शक्ति के खराब पर्यवेक्षण को लेकर क्षेत्राधिकारी नगर को चेतावनी देते हुए सीओ और थाना प्रभारी को मिशन शक्ति केंद्र के कार्यों का नियमित पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला पुलिसकर्मियों और अन्य पुलिसकर्मियों की ड्यूटी रोटेशन के आधार पर लगाने के आदेश दिए। साथ ही लंबे समय से एक ही स्थान या एक ही लेपर्ड पर ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों का ड्यूटी रोस्टर बदलने के निर्देश दिए।





डीआईजी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पासपोर्ट और चरित्र सत्यापन के लिए लोगों को अनावश्यक रूप से थाने न बुलाया जाए। संबंधित उपनिरीक्षक और बीट पुलिसकर्मी मौके पर जाकर सत्यापन करें और सत्यापन की प्रक्रिया निर्धारित समय में पूरी करें।

उन्होंने छह महीने से अधिक समय से लंबित विवेचनाओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने,शस्त्रों की साफ-सफाई और रखरखाव पर विशेष ध्यान देने,थानों पर पुराने और खराब सामान के निस्तारण, माल मुकदमाती के निस्तारण में तेजी,रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण और सरकारी वाहनों के बेहतर रखरखाव के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रहरियों से संवाद कर उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप उपहार भी दिए गए।

वहीं अभिलेखों के बेहतर रखरखाव और विश्लेषण के लिए निरीक्षक अशोक कुमार तथा शस्त्रों की अच्छी जानकारी रखने के लिए उपनिरीक्षक चेतन चौहान को पुरस्कृत किया गया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक कुँवर ज्ञानंजय सिंह,अपर पुलिस अधीक्षक महेश कुमार,क्षेत्राधिकारी हापुड़ नगर सहित जनपदीय पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# डीपीएस सिविल लाइंस में बच्चों को बताया पोक्सो अधिनियम का महत्व

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलीगढ़ की जागरूकता पहल के तहत दिल्ली पब्लिक स्कूल सिविल लाइंस में यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण पोक्सो अधिनियम, 2012 को लेकर जागरूकता एवं ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बाल सुरक्षा से जुड़े कानूनी प्रावधानों, उनके अधिकारों और सुरक्षित व्यवहार के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में संसाधन व्यक्ति के रूप में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट, अलीगढ़ श्रीमती प्रतिभा सक्सेना ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए पोक्सो अधिनियम के उद्देश्यों और महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों की सुरक्षा, व्यक्तिगत गरिमा एवं सम्मान की रक्षा और किसी भी प्रकार के अनुचित व्यवहार के प्रति सजग रहने की आवश्यकता बताई। संवाद सत्र के दौरान विद्यार्थियों को समझाया गया कि किसी भी असहज अथवा अनुचित स्थिति को नजरअंदाज न करें और आवश्यकता पड़ने पर विश्वसनीय अभिभावक, शिक्षक



अथवा संबंधित सक्षम प्राधिकारी को इसकी जानकारी दें। साथ ही बच्चों को अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करते हुए सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण में शिक्षा प्राप्त करने के महत्व पर भी चर्चा की गई।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विषय से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के साथ संवादात्मक रूप से अपनी जिज्ञासाएं भी साझा कीं। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में कानूनी जागरूकता बढ़ाने के साथ उन्हें अपने प्रति होने वाले अनुचित व्यवहार को पहचानने, उसके संबंध में आवाज उठाने और उपलब्ध विधिक सहायता के प्रति जागरूक करना रहा।

विद्यालय प्रबंधन ने इस महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम के लिए श्रीमती प्रतिभा सक्सेना एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलीगढ़ के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यालय की ओर से कहा गया कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम बच्चों को अपने अधिकारों के प्रति सजग बनाने और उनके लिए सुरक्षित, सम्मानजनक एवं जागरूक वातावरण तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# अलीगढ़ में बीज बुकिंग अटकी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** रबी सीजन 2026-27 के लिए सरकारी कृषि बीज पर अनुदान लेने की ऑनलाइन बुकिंग प्रक्रिया नेटवर्क की समस्या के कारण रुक गई है। अलीगढ़ के सभी ब्लॉकों के किसान परेशान हैं। किसानों का कहना है कि पिछले एक हफ्ते से सरसों, गेहूं, जौ, चना, मटर और मसूर जैसी फसलों के बीज की बुकिंग नहीं हो पा रही है। इससे उन्हें डर है कि वे अनुदानित बीज से वंचित रह जाएंगे।



कृषि विभाग के अनुसार, गेहूं और जौ के लिए पहले चरण की बुकिंग की आखिरी तारीख 30 सितंबर 2026 है। ई-लॉटरी 1 अक्टूबर को होगी। दलहनी फसलों के लिए बुकिंग की तारीखें अलग-अलग हैं। किसानों ने कृषि विभाग से मांग की है कि नेटवर्क की समस्या को तुरंत ठीक किया जाए और बुकिंग प्रक्रिया को फिर से शुरू किया जाए। उन्होंने यह भी कहा है कि अगर जरूरत पड़े तो अंतिम तारीख बढ़ाई जाए। विभाग को बुकिंग व्यवस्था की निगरानी भी बढ़ानी चाहिए।

# लुईसा सोल्स गर्ल्स स्कूल में छात्राओं को पॉक्सो अधिनियम की दी गई जानकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** बच्चों की सुरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से लुईसा सोल्स गर्ल्स स्कूल, तहसील तिराहा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पैरा लीगल वॉलंटियर्स सत्यप्रकाश गोयल सईदा खातून, नीरजा सिन्हा अजय कुमार एवं सोनम सिंह ने छात्र-छात्राओं को पॉक्सो अधिनियम, 2012 के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी देते हुए सुरक्षित एवं असुरक्षित स्पर्श के प्रति जागरूक किया। पीएलवी ने छात्र-छात्राओं को गुड टच और बैड टच के बीच अंतर सरल एवं सहज तरीके से समझाया। उन्हें बताया गया कि यदि किसी व्यक्ति का व्यवहार, स्पर्श या बातचीत उन्हें असहज महसूस कराए तो ऐसी स्थिति को नजरअंदाज न करें और तत्काल अपने माता-पिता, शिक्षक, अभिभावक या किसी विश्वसनीय वयस्क को इसकी जानकारी दें।



कार्यक्रम में पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण, शिकायत एवं सहायता प्राप्त करने के अधिकार तथा किसी घटना की जानकारी होने पर उचित माध्यम से सूचना देने के संबंध में भी जागरूक किया गया। छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों परिस्थितियों में सतर्क रहने तथा अपनी निजी जानकारी और व्यक्तिगत सीमाओं की सुरक्षा के प्रति सचेत किया गया।

# रेजिन आर्ट में विद्यार्थियों ने तराशा अपनी कलात्मकता का हुनर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** कला केवल रंगों और आकृतियों का मेल नहीं, बल्कि आत्मा की वह अभिव्यक्ति है जो साधारण को भी असाधारण बना देती है। मंगलायतन विश्वविद्यालय के विजुअल एंड परफॉर्मिंग आर्ट विभाग द्वारा आयोजित पांच दिवसीय रेजिन आर्ट कार्यशाला का बुधवार को भावपूर्ण समापन हुआ। समारोह की शुरूआत ज्ञान और कला की अधिष्ठात्री मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। पांच दिनों तक चले इस कलात्मक आयोजन में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, लगन और कला के प्रति समर्पण का बेजोड़ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई रेजिन आर्ट की अद्भुत डिजाइनों और कलाकृतियों को देखकर उपस्थित अतिथि व कलाप्रेमी अभिभूत हो गए। मुख्य अतिथि प्रख्यात कलाविद डा. चित्रलेखा सिंह ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि कला का सफर अनादि काल से चला आ रहा है। उन्होंने प्राचीन कला से लेकर



आधुनिक रेजिन आर्ट तक के सफर को भारतीय परंपराओं व सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ते हुए बड़े ही मार्मिक और हृदयस्पर्शी ढंग से रेखांकित किया। कुलपति प्रो. पीके दशोरा ने कहा कि कला का क्षेत्र असीम और व्यापक है। जीवन का ऐसा कोई कोना नहीं जहां कला की उपस्थिति न हो। कला केवल देखने या लिखने तक सीमित नहीं है, यह विचारों के संप्रेषण और आनंद की पराकाष्ठा है। विद्यार्थियों को अपने समय के एक-एक क्षण का सही उपयोग करना चाहिए और सामने आए हर अवसर को सहर्ष स्वीकार कर जीवन में हमेशा सर्वश्रेष्ठ करने की ओर कदम बढ़ाना चाहिए। कुलसचिव कमांडर मनोज के. ने कहा कि कला विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उनमें रचनात्मक सोच जगाने का एक सशक्त माध्यम है। इस प्रकार के व्यावहारिक व हुनर आधारित आयोजनों से छात्रों की प्रतिभा निखरती है। कार्यशाला में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। विभागाध्यक्ष प्रो. देवाशीष चक्रवर्ती ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस कलात्मक यात्रा में डा. पूनम रानी, अजय सिंह राठौर, विलास पालके, उदय सिंह कुशवाह सहित विद्यार्थियों का सहयोग रहा। संचालन याशिका गुप्ता ने किया।

# केशव सेवा धाम सिंघारपुर का वार्षिकोत्सव शुक्रवार 2 अक्टूबर को

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** केशव सेवा धाम सिंघारपुर मथुरा रोड समिति की ओर से सेवा, शिक्षा, संसकार, स्वावलम्बन वार्षिकोत्सव शुक्रवार 2 अकटूबर को संघ मुख्य अतिथि जिला प्रचारक रामलला होंगे तथा आनंतवीर दास महारज चद्रोदय मंदिर अक्षय पात्र, वृन्दावन मुख्य अतिथि नवीन कुमार अग्रवाल नारयण इंटरनेशनल, नोएडा एवं कार्यक्रम अध्यक्ष आरएसएस के इन्मणि पाठक होंगे।



बड़ी धूमधाम और उतसाह के साथ मनाया जायेगा। यह जानकारी समिमि के अध्यक्ष श्याम नारायण अग्रवाल ने एक पत्रकार वार्ता में दी।

पत्रकार वार्ता में मौजूद कार्यक्रम संयोजक अनूप गुपता सीए एवं जय प्रकाश सारस्वत ने बताया कि केशव धाम समिति की ओर से 2 अक्टूबर को वार्षिकोंत्सव मनाया जायेगा। जिसमें भाजपा के पूर्व संगठन मंत्री एवं वर्तमान में वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक

कार्यक्रम में पूर्वोत्तर के असम, त्रिपुरा, मिजोरम, नागालेंड के बच्चों द्वारा अपनी भारतीय संस्कृति के विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। वर्तमान में छात्रावास 58 बच्चे रह रहे हैं। 2 अक्टूबर को सांय 4:30 से रात्रि भोजन तक रहेगा। पत्रकार वार्ता के दौरान श्रीमती गीतिका भूपेन्द्र शर्मा, राजनारायण सिंह, अनुपमा, मुकेश कुमार वार्णेय आदि मौजूद थे।

# क्लॉथ मर्चेंट्स एसोसिएशन का वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न, वरिष्ठ व्यापारियों का सम्मान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** दि अलीगढ़ क्लॉथ मर्चेंट्स एसोसिएशन का वार्षिक अधिवेशन मंगलवार 29 सितंबर 2026 को शाम पांच बजे आगरा रोड स्थित स्थानीय सभागार में हवन के साथ शुरू हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर प्रशांत सिंघल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में खजान सिंह एवं गिरीश अरोरा मौजूद रहे। गणेश पूजन के उपरांत एसोसिएशन के विभिन्न क्षेत्रों के वरिष्ठ व्यापारियों को सम्मानित किया गया।सचिव दिलीप कुमार गुप्ता ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर सभी व्यापारियों का आभार व्यक्त किया, जबकि कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार अग्रवाल ने आय-व्यय का लेखा-जोखा रखा। विशिष्ट अतिथियों ने सुझाव दिया कि एसोसिएशन द्वारा अनाथ कन्याओं के विवाह एवं प्राकृतिक आपदा राहत के लिए फंड दान किया जाए।महापौर प्रशांत सिंघल ने कहा कि जिन मकान-दुकानों पर वर्षों से ताला लगा है, उन पर हाउस टैक्स नहीं लगेगा, इसके लिए नगर निगम में एफिडेविट जमा करना होगा।अध्यक्ष पवन बजाज ने सभी का आभार व्यक्त किया। सभा में तय किया गया कि सभी कपड़ा व्यापारी अपने आसपास सफाई का विशेष ध्यान रखेंगे और सड़क पर कूड़ा नहीं डालेंगे। संरक्षक बल्देवराज अरोरा और डॉ. संजय सिंघल ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में पूर्व सचिव कौशल किशोर वार्ष्णेय, पूर्व कोषाध्यक्ष मनोज वार्ष्णेय, उपाध्यक्ष अरुण बंसल, राकेश जैन, सह सचिव सचिन वार्ष्णेय, जगदीश चंद्र वार्ष्णेय, घनश्याम छाबड़ा, इकबाल सिंह लीडर, अटल वार्ष्णेय, दीपक अग्रवाल सहित करीब 200 व्यापारी मौजूद रहे। अंत में सभी ने रात्रि भोज का आनंद लिया।



# दूषित पानी के विरोध में किसानों का प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** ग्राम भगौसा के किसानों की समस्याओं को लेकर बेरोजगार मजदूर किसान यूनियन (बीएमकेयू) ने बुधवार को तहसील अध्यक्ष



हरीश कुमार के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। राजा महेंद्र प्रताप सिंह पार्क में सभा के बाद किसानों ने कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकालकर जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. किशोर सिंह और प्रदेश अध्यक्ष कैलाश बाबू चौहान ने आरोप लगाया कि काली नदी किनारे संचालित फैक्ट्रियों से निकलने वाले दूषित पानी और गैस से खेतों की फसल, भूमि तथा ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। किसानों ने हाथों में धान की बालियां और कथित दूषित पानी की शीशियां लेकर प्रदर्शन किया। ज्ञापन में फैक्ट्रियों की जांच कर कार्रवाई, बर्बाद फसलों का मुआवजा, भगौसा-छर्रा मार्ग पर काली नदी पर पुल तथा गांव में प्राथमिक चिकित्सालय बनवाने की मांग की गई। किसानों ने चेतावनी दी कि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर किशोर सिंह कैलाश बाबू चौहान प्रदेश अध्यक्ष बेरोजगार मजदूर किसान यूनियन मंगल सैनी मंडल अध्यक्ष तरुण आर्य बबलू प्रधान अनमोल सिंगल सुनील शर्मा हरीश कुमार तहसील अध्यक्ष मधु अरोड़ा चंदन सिंह महेंद्र सिंह नेम सिंह कालीचरण खेमकरण सिंह संजीव कुमार जादौन

# भारतीय ज्ञान परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं स्मृति ग्रंथ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** मंगलायतन विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट एंड कॉमर्स के एमबीए विद्यार्थियों के लिए सामाजिक विज्ञान और समाज में स्मृति ग्रंथों की प्रासंगिकता विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा, सामाजिक मूल्यों तथा प्राचीन स्मृति साहित्य की आधुनिक समाज और प्रबंधन के संदर्भ में उपयोगिता से परिचित कराना था।म



मुख्य वक्ता प्रो. उमेश होलानी ने बताया कि स्मृति ग्रंथ भारतीय ज्ञान परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जिनमें सामाजिक व्यवस्था, कर्तव्य, नैतिकता, आचार-विचार, न्याय, पारिवारिक एवं सामाजिक दायित्वों से संबंधित विचार मिलते हैं। विद्यार्थियों को यह समझाया गया कि इन ग्रंथों का अध्ययन केवल ऐतिहासिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि सामाजिक विज्ञान, नेतृत्व, नैतिक निर्णय, संगठनात्मक व्यवहार और सामाजिक उत्तरदायित्व के संदर्भ में भी किया जा सकता है। व्याख्यान में विशेष रूप से प्रबंधन में नैतिकता, नेतृत्व के सिद्धांत, निर्णय लेने की प्रक्रिया, सामाजिक उत्तरदायित्व, मानवीय मूल्यों और संगठन में व्यवहार जैसे विषयों से स्मृति साहित्य के संभावित संबंधों पर चर्चा की गई। विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि प्राचीन भारतीय विचारों को आधुनिक प्रबंधन सिद्धांतों के साथ जोड़ते समय उनके ऐतिहासिक और सामाजिक संदर्भ को समझना आवश्यक है। व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों ने विषय से संबंधित प्रश्न पूछे और सक्रिय सहभागिता की। आयोजन में डीन एफएमसी प्रो. राजीव शर्मा, विभागाध्यक्ष प्रो. अनुराग शाक्या का सहयोग रहा। समन्वयक डा. नियति शर्मा, डा. उन्नति जादौन, डा. तहा नकवी द्वारा किया गया।

# रालोद नेता रणवीर दहिया ने की बैठक, कार्यकर्ताओं से एकजुट होने का आह्वान

बुलन्द संदेश संवाददाता

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** सिवालखास विधानसभा क्षेत्र के पिठलोकर स्थित पिठलोकर पब्लिक स्कूल में रालोद कार्यकताओं की बैठक हुई। बैठक में

**पिठलोकर में हुई बैठक, संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनाव की तैयारियों पर हुई चर्चा**



आगामी स्थानीय निकाय चुनाव और संगठन को मजबूत करने को लेकर चर्चा की गई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ने की, जबकि संचालन शहजाद प्रधान ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए रालोद के पूर्व प्रदेश महासचिव रणवीर दहिया ने कहा कि रालोद हमेशा किसानों, युवाओं और आमजन के हितों के लिए संघर्ष करती रही है। उन्होंने कार्यकताओं से संगठन को मजबूत करने के लिए एकजुट होकर काम करने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

रणवीर दहिया ने कहा कि कार्यकर्ता पूरी मेहनत और लगन के साथ संगठन के लिए काम करें। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए की सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से जुटने का आह्वान किया।

इस मौके पर रवि भारत चिकारा, इरफान, गुरमीत, सुरेंद्र, रजनीत, मास्टर प्रधान, गोपाल, शैलेंद्र, हरतरत, गुल्लू सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# शादी अनुदान योजना में 45 लाभार्थी लाभान्वित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के तहत लाभार्थियों को निरंतर लाभान्वित किया जा रहा है। सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को विधायक कोल अनिल पाराशर ने गठबंधन फार्म हाउस में लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। शादी अनुदान योजना के तहत 45 लाभार्थियों को 20-20 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। वहीं, कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के तहत 50 प्रशिक्षणार्थियों को ओ-लेवल एवं ट्रिपल-सी प्रशिक्षण से लाभान्वित किया गया। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी इनाक्षी गुप्ता ने बताया कि शादी अनुदान योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 85.60 लाख रुपये की सहायता राशि से 428 पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिया जा चुका है। 300 नए लाभार्थियों के बैंक खातों में जल्द ही सहायता राशि हस्तांतरित की जाएगी। उन्होंने बताया कि




लक्ष्य के अनुरूप 87 आवेदन पत्र प्रक्रिया में हैं। जांच पूर्ण होने के बाद पात्रता के आधार पर इन आवेदकों को भी योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। विभाग द्वारा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जा रही है।

# केंद्र सरकार ने 12 वर्षों में लोकतंत्र की नींव को खोखला करने का षड्यंत्र किया : मल्लिकार्जुन खड़गे

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) की बैठक पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में सोनिया गांधी, लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत समेत वर्किंग कमेटी के सदस्य मौजूद रहे। बैठक में मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला।



बैठक में मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, फिर से कांग्रेस के कंधों पर अंग्रेजी राज की तरह ही भारत के लोकतंत्र और संविधान को बचाने की ऐतिहासिक जिम्मेदारी है। अंग्रेजों से हमने वोट का हक छीनकर लिया था। आज उसी हक को बचाने के लिए फिर लड़ना पड़ रहा है। हमारे पुरखों ने जिस मजबूत लोकतंत्र की नींव अपने त्याग और बलिदानों से रखी थी, लोकतंत्र की उस नींव को केंद्र सरकार ने 12 वर्षों में षड्यंत्रकारी तरीके से खोखला कर दिया है। उन्होंने आगे कहा, साजिश के साथ लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए जा रहे हैं और मुख्य चुनाव आयुक्त केंद्र सरकार की कठपुतली बन गया है। यह भारतीय लोकतंत्र की उस सोच और भावना के विपरीत है, जिसके तहत यह तय किया गया कि हर योग्य नागरिक का वोट सुरक्षित हो और हर वोट की निष्पक्ष गिनती हो। बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर ने 15 जून 1949 को संविधान सभा में कहा था, लोकतंत्र में मताधिकार सबसे बुनियादी चीज है।

**सम्मान समारोह** कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया गया

# हर कीमत पर लड़ी जाएगी व्यापारी मान सम्मान सुरक्षा की लड़ाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** उधोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उ प्र अलीगढ़ के विराट व्यापारी महा-सम्मेलन व सम्मान समारोह जुपिटर लॉज नुमाइश मैदान अलीगढ़ में हजारों व्यापारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी प्रदेश अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल ने घोषणा की फूड एक्ट की विसंगतियों के विरोध में होगा बड़ा आंदोलन जब तक खेती में डालने वाली रासायनिक खाद व कीटनाशक के मानक तय नहीं होंगे व्यापारियों का सैंपल भरना गलत है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के नाम पर कॉमर्शियल के नाम पर तोड़ी जा रही व्यापारियों की दुकान व मकान को रेगुलर करने के लिए कानून लाये सरकार बुलडोजर का इस्तेमाल अपराधियों के लिए हो ना कि व्यापारी के लिए।

लगातार बढ़ रहे जीएसटी के बाद भी व्यापारियों को मानवीय भूल पर व आईटीसी मिलन के नाम पर नोटिस भेज कर कार्यालय में बुला कर व्यापारी उत्पीड़न को समाप्त करने की व्यवस्था की जाए



व्यापारियों पर नया थोपा जा रहा यूपीआई टैक्स को तुरंत समाप्त करें सरकार केंद्र सरकार द्वारा व्यापारियों से सभी लेनदेन बैंक से कराए जाने के प्रयास किया जा रहे हैं नगद लेनदेन के लिए इनकम टैक्स मै 20000 से ऊपर पर पाबंदी है इसलिए केंद्र सरकार सरकार व प्राइवेट बैंकों को सातों दिन खोलने की व्यवस्था करें। मुख्य अतिथि महापौर प्रशांत सिंहल ने भी व्यापारियों को संबोधित किया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने सभी व्यापारियों को साईवर क्राईम से वचने के उपाय बताते हुए कहा कि व्यापारी वर्ग ही सबसे ज्यादा साइबर क्राइम की चपेट में आता है इसलिए सभी व्यापारी जागरूक रहकर साइबर क्राइम जैसे फ्रॉड से बचें।

उन्होंने अपनी उपस्थिति में साइबर क्राइम से बचाव के लिए सभी व्यापारियों को टेम्पलेट भी वटवाए।

पुलिस अधीक्षक नगर ने भी सभी व्यापारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि व्यापारी सतर्कता के साथ अपना व्यापार करें अलीगढ़ पुलिस आपके साथ है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अमित सर्राफ, अलीगढ़ मंडल अध्यक्ष विष्णु भैया, प्रमोद कुमार सिंह, संगठन मंत्री हरिकिशन अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, अरुन गोयल, विकास वार्ष्णेय, शर्मिला वार्ष्णेय, महिला संगीता वार्ष्णेय, राहुल वार्ष्णेय, योगेश सरकार, अजय लिथो, विवेक प्रताप सिंह, पकंज साईंराम गौडा, मुकेश गुप्ता एडवोकेट, कौशल सिंह, राकेश वार्ष्णेय जिलाध्यक्ष उधोग मंच, राहुल अग्रवाल, युवा जिलाध्यक्ष सन्तोष वार्ष्णेय, यह युवा महानगर अध्यक्ष रोहित सिंह, राहुल कनक महानगर अध्यक्ष उधोग मंच, मुनेश पाल सिंह,रंजना वार्ष्णेय महिला जिलाध्यक्ष, प्रिया सिंह चौहान,रति लवानिया महिला महानगर चौयरमैन,कुसुम लता, ज्योति गुप्ता, जिला महामंत्री अनिल वसंल, राकेश लीडर उपस्थिति रही।

# एसएसपी ने किया पीएसी ग्राउंड का किया निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की



सीधी भर्ती-2025 के तहत शारीरिक दक्षता परीक्षा 1 अक्टूबर 2026 से शुरू होनी है। इसको लेकर मंगलवार 30 सितंबर को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अलीगढ़ ने 45 वीं वाहिनी पीएसी में तैयारियों का जायजा लिया।एसएसपी ने दौड़ ग्राउंड, रनिंग ट्रैक एवं अन्य आवश्यक उपकरणों का निरीक्षण किया और परीक्षा की तैयारियों की जानकारी ली। व्यवस्थाओं को परखने के लिए डेमो रनिंग भी कराई गई।एसएसपी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों की सुविधा, पारदर्शिता और सुचारु संचालन के लिए सभी व्यवस्थाएं पुख्ता रखी जाएं।इस मौके पर एसपी ट्रैफिक प्रवीन कुमार यादव सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# बीएसए ने चार खंड शिक्षा अधिकारियों को दिया अतिरिक्त चार्ज,विकास कुमार को छजलैट का अतिरिक्त प्रभार मिला

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** बेसिक शिक्षा विभाग में चार खंड शिक्षा अधिकारियों पर अतिरिक्त प्रभार दिया गया है । विकास कुमार को छजलैट का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है विकास कुमार काफी समय तक छजलैट मैं अपनी सेवा दे चुके हैं व्यवहार कुशल एवं इमानदार श्री विकास कुमार की कार्यशाली निष्पक्ष है' जानकारी के अनुसार बीएसए अमित कुमार सिंह ने भूपेश दिनकर को डिलारी का खंड शिक्षा अधिकारी बनाया है और ठाकुरद्वारा का अतिरिक्त चार्ज दिया है।राजेश कुमार को मूंढापांडे का बीईओ नियुक्त किया है और उन पर भगतपुर टांडा की अतिरिक्त जिम्मेदारी है। विकास कुमार बिलारी के खंड शिक्षा अधिकारी हैं और छजलैट का अतिरिक्त प्रभार है।

त्रिलोकी नाथ कुंदरकी के खंड शिक्षा अधिकारी नियुक्त किए गए हैं और मुरादाबाद ग्रामीण का अतिरिक्त चार्ज दिया है। बीएसए अमित सिंह का कहना है कि कई बार सूचनाओं को एकत्रित करने में देरी और निरीक्षण में समस्याएं आती हैं। इसी के चलते यह है फेर बदल किया गया है ।

# त्यागी समाज के प्रमुख लोगों ने लखनऊ पहुंचकर सपा मुखिया एवं पूर्व मुख्य मंत्री अखिलेश यादव से की मुलाकात

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर (नासिर मंसूरी)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से गाजियाबाद, मेरठ, गढ़, हापुड़, बिजनौर, अयोध्या, मुजफ्फरनगर, संभल और अमरोहा के त्यागी समाज के प्रमुख लोगों ने पूर्व मंत्री एवं विधायक कमाल अख्तर के साथ समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में भेंट की। इस मौके पर त्यागी समाज ने सर्वसम्मति से संकल्प लिया कि अखिलेश यादव को 2027 में मुख्यमंत्री बनाएंगे। समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए त्यागी-भूमिहार समाज के लोग दिनरात एक कर मेहनत करेंगे। त्यागी समाज के प्रतिनिधिमंडल को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के गिनेचुने दिन रह गये हैं। 2027 विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार आ रही है। समाजवादी पार्टी की सरकार में त्यागी समाज के लोगों को न्याय और सम्मान मिलेगा। उन्होंने सभी से समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने में सहयोग की अपील की। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में जनता दुःखी और परेशान है। भाजपा ने चुनाव आयोग की साख को बट्टा लगा दिया। चुनाव आयोग का काम निष्पक्ष मतदान का होता है। मतदाता ज्यादा से ज्यादा बने लेकिन चुनाव आयोग वोट काटने के काम में लग गया। उन्होंने कहा कि भाजपा फर्जी पार्टी है। उनके किये गये सभी काम फर्जी हैं। सरकार को निष्पक्ष होना चाहिए। लेकिन भाजपा सरकार निष्पक्ष नहीं है।





अखिलेश यादव से मुलाकात करने वाले प्रमुख लोगों में मुरादनगर से सपा के गाज़ियाबाद ज़िला महासचिव नितिन त्यागी, गाजियाबाद से मनीषा त्यागी, बीडीसी श्रवण त्यागी, प्रधान काकड़ा बिजेन्द्र त्यागी, बिरेन्द्र त्यागी निवाड़ी, शेखी त्यागी, गौरव त्यागी, मयूर त्यागी, शुभम त्यागी, मोहित त्यागी, जनमजय त्यागी, राज सिंह, शोकीन त्यागी, आकिल त्यागी, अश्वनी त्यागी, कपिल त्यागी, मधु त्यागी, प्रवेश त्यागी, हर्शित त्यागी, अजय त्यागी, प्रवीण राज त्यागी, अफजल मलिक आदि शामिल रहे।

# एक महिला अधिवक्ता की न्याय की पुकार क्या आज अधिवक्ता भी अपने ही चैंबर में सुरक्षित नहीं है ?

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** मैं पारुल सक्सेना, अधिवक्ता, गाजियाबाद न्यायालय में पिछले लगभग 17 वर्षों से चैंबर नंबर 380/378 से प्रैक्टिस कर रही हूँ। मैं अपने पति प्रदीप सक्सेना, अधिवक्ता, के साथ भी प्रैक्टिस कर रही हूँ। आज जब मैं गाजियाबाद कोर्ट पहुँची तो मैंने देखा कि मेरे चैंबर से मेरा नाम हटा दिया गया था। मैंने अपने पति को फोन करके पूछा तो उन्होंने कहा कि उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं है। इसके बाद मैंने माननीय अध्यक्ष जी से बात की। उन्होंने मुझे अपना नाम पुनः लिखवाने के लिए कहा।जब मैं अपना नाम दोबारा लिखवा रही थी, मेरे पति की घनिष्ठ जूनियर लॉयर चंचल ने मेरे पति को फोन कर के बताया उसी के बाद मेरे पति का फोन आया। मेरे कथन के अनुसार, उन्होंने मुझे धमकी दी कि यदि मैंने ऐसा किया तो इसका अंजाम अच्छा नहीं होगा उन्होने कहा वह अपने माता-पिता को भेजकर मुझे पिटवा देंगे।इसके कुछ ही समय बाद उनके माता-पिता ,तथा अन्य लोग वहाँ पहुँचे। चंचल ने मुझे रउ/रळ के मुकदमे मैं फसाने की धमकी दी तथा सबने मेरे साथ मार पिटाई शुरू कर दी गई, मुझे चैंबर से खींचकर बाहर निकाला गया, मेरा मोबाइल फोन छीन लिया गया और मेरे साथ बुरी तरह दुर्व्यवहार किया गया। मेरे कपड़े फाड़े गए और मुझे निर्वस्त्र करने का प्रयास किया गया। मेरे साथ मारपीट की गई तथा मेरे ऊपर धारदार वस्तु/हथियार से हमला किया गया ,इस घटना में मुझे गंभीर चोटें आई हैं। अगर साथी अधिवक्ता मुझे बचाने नहीं आते तो मेरी जान जा सकती थी ।घटना से संबंधित फोटो, वीडियो एवं अन्य साक्ष्य उपलब्ध हैं। मुझे फसाने हेतु मेरे उपर शशि प्रभा सक्सेना व चंचल द्वारा झूठी शिकायत दर्ज की गई । मैं जिस समय अपना मेडिकल करा रही थी । मैं एक महिला अधिवक्ता हूँ। मेरा काम लोगों को कानून के माध्यम से न्याय दिलाने में सहायता करना है। लेकिन आज मैं स्वयं न्याय की चौखट पर खड़ी होकर यह पूछने को मजबूर हूँ 'जब एक महिला अधिवक्ता अपने ही चैंबर में सुरक्षित नहीं है, तो आम महिला अपने अधिकारों और सुरक्षा के लिए किसके पास जाए?

# नगर निगम ने मेरठ रोड पर लगाया 25 फीट का त्रिशूल, बना आकर्षण का केंद्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** नगर निगम लगातार जहां शहर में विकास के कार्यों को कर रहा है 'आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की प्लानिंग के

**शिव मंदिर को जाने वाले प्रमुख मेरठ रोड तिराहे पर नगर निगम ने बनाई शंकर भगवान की पेंटिंग**

अनुसार मेरठ रोड तिराहे पर विकास के साथ-साथ सौंदर्य करण पर भी विशेष ध्यान दे रहा है।

क्षेत्रफल लगभग 831 स्क्वायर मीटर है जिस पर राहगिरियों की बैठने की व्यवस्था के लिए बेंच भी लगवाई जा रही है बेहतर प्रकाश व्यवस्था भी की गई है चारों तरफ ग्रिल का कार्य कराया गया है इसी के साथ इंटरलॉकिंग भी लगाई गई है धूल ना उड़े विशेष ध्यान रखा गया है 'मेरठ से गाजियाबाद शहर की ओर तथा आनंद विहार और अप्सरा बॉर्डर जाने वाले मार्ग, फैलाई ओवर के नीचे जंक्शन नंबर दो बनाया गया है जिसका क्षेत्रफल लगभग 1600 स्क्वायर मीटर है जिसमें चारों तरफ ग्रिल लगाने का कार्य पूर्ण हो चुका है भव्य रूप से शिव शक्ति का स्वरूप बनाया गया है इस जंक्शन से जुड़ा हुआ मार्ग भगवान शिव मंदिर दूधेश्वर नाथ को जाता है इसीलिए उसको पूर्ण रूप से भगवान शंकर जी की पेंटिंग बनाकर सुसज्जित किया जा रहा है ।









धूल ना उड़े इसके लिए विशेष रूप से इंटरलॉकिंग टाइल लगाई गई है तथा लाइटिंग भी की गई है ' 25 फीट का विशाल त्रिशूल भी बनाया गया है जो की आकर्षण का केंद्र बन रहा है त्रिशूल रात्रि में और अधिक सुंदर दिखाई देगा जिसके लिए रंग बिरंगी लाइटिंग भी की जाएगी, लगभग 1 करोड़ में दोनों जंक्शन बनाए गए हैं' आकर्षक गाजियाबाद नगर निगम द्वारा उक्त स्थल को भगवान शिव की पेंटिंग से सुसज्जित किया गया है।

मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी द्वारा बताया गया कि मेरठ रोड फ्लाई ओवर के नीचे के दोनों स्थल काफी समय से पूर्ण रूप से अव्यवस्थित थे ट्रैफिक के चलने से धूल भी उड़ाती थी जिसको देखते हुए उक्त क्षेत्र को धूल मुक्त किया गया है तथा राहगिरियों के लिए बैठने की व्यवस्था भी की गई है।

# आई.टी.एस डेन्टल कॉलेज में मरीजों के लिए नि:शुल्क डेन्चर शिविर का आयोजन किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** दिल्ली मेरठ रोड पर असालत नगर के निकट स्थित आई.टी.एस. डेन्टल कॉलेज के प्रोस्थोडोंटिक्स ने जीपब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग के सहयोग से दिनांक 24 एवं 30 सितंबर, 2026 को डेन्चर शिविर ह्यह्यमुस्कानः एक पहल तक पहुंचने के लिएह्यह्य का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद एवं वरिष्ठ नागरिकों को निशुल्क कृत्रिम दांत (डेन्चर) की सुविधा प्रदान करना था। इस पहल के तहत मरीजों को दो दिन के भीतर 104 मरीजों को डेन्चर प्रदान किया गया। आई.टी.एस. - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ. आर.पी. चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा की प्रेरणा से इस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामीण और शहरी स्थानों के आये मरीजों की मुफ्त में मौखिक जांच की गयी और दंत चिकित्सकों द्वारा सभी को मौखिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया गया। इसके अलावा बुजुर्ग मरीजों को बताया गया कि डेन्चर कई व्यक्तियों के आत्मविश्वास को बहाल करने और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इस सफल निशुल्क डेन्चर शिविर के आयोजन के लिये सभी मरीजों ने आई.टी.एस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ. आर.पी. चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

# डायट में बुधवार को सक्षम समर्थ एवं दक्ष मॉड्यूल प्रशिक्षण का हुआ समापन : प्रतिभागियों को बांटे प्रमाण पत्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) कांठ में बुधवार को राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा विकसित सक्षम समर्थ एवं दक्ष माड्यूल पर प्रशिक्षण के 19 में बैच का आयोजन प्राचार्य डायट दिनेश कुमार यादव के निर्देशन में कराया गया। प्रशिक्षण प्रभारी अनिल कुमार यादव द्वारा बताया गया की सक्षम माड्यूल परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक को एवं समर्थ माड्यूल उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालय के प्रधानाध्यापकों तथा दक्ष माड्यूल माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य हेतु विकसित किया गया है जिसमें प्रधानाध्यापकों के शैक्षिक दायित्व, वित्तीय दायित्व, अन्य विभागों से संबंध, स्व जागरूकता एवं मानसिक स्वास्थ्य तथा तनाव प्रबंधन जैसे विषयों पर सत्रों का आयोजन किया गया । संदर्भ दाता के रूप में डायट प्रवक्ता शशि वाला, आशुतोष त्यागी, शीतल कुमार, द्वारा 19 में प्रशिक्षण बैच में प्रतिभागियों को इन सभी विषयों पर पढ़ाया गया तथा मंडलीय मनोविज्ञान केंद्र से मनोवैज्ञानिक कुमार मंगलम सारस्वत द्वारा तनाव प्रबंधन पर व्याख्यान दिया गया 19 वें बैच के समापन के अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ प्रवक्ता हेमेंद्र कुमार सिंह के द्वारा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया तथा प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया।

# डीएम के निरीक्षण में जिला अस्पताल की "खुली पोल

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जिला अस्पताल में खांसी का सिरप एमरॉक्सिल उपलब्ध नहीं है। इसके बावजूद डॉक्टर यह दवा पर्चे पर लिख रहे हैं। इससे मरीजों को भटकना पड़ा रहा है' डीएम अनुनय झा ने जिला अस्पताल में व्यवस्थाओं का जायजा लिया तो यह बात सामने आई। उन्होंने डिस्पेंसरी में दवा का स्टॉक और इनडेंट तक चेक किया। पाया गया कि दवा का ऑर्डर कर रखा है। डॉक्टरों को निर्देश दिए कि जो दवा अस्पताल में केवल वही पर्चे पर लिखें। इसके बाद डीएम ने अस्पताल परिसर में शौचालय की स्थिति देखी तो दिव्यांग शौचालय बंद मिला। उन्होंने ठीक कराने के निर्देश संबंधित स्टाफ को दिए। साथ ही डीएम ने कहा कि नगर निगम के कर्मचारी दिन में तीन बार जिला अस्पताल से कूड़ा हटाएंगे। इसके बाद डीएम ने सर्जरी वार्ड का जायजा लिया।

वहां महिला वार्ड में पुरुष मरीज भर्ती मिले और पुरुष वार्ड में महिला मरीज थीं। उन्होंने चिकित्साधीक्षक को निर्देश दिए कि महिलाओं का वार्ड अलग रहे। इसमें पुरुष मरीज भर्ती न हों। निरीक्षण के दौरान डीएम ने एनआरसी व साफ-सफाई को सराहा जिला अस्पताल में पोषण पुनर्वास केंद्र, रसोई व साफ-सफाई की व्यवस्था पर डीएम ने अस्पताल प्रशासन की सराहना की। उन्होंने रसोई में जाकर देखा कि मरीजों को वितरित होने वाला खाना किस तरह बनाया जा रहा है। पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कुपोषित बच्चों की माताओं से खान-पान व अन्य सुविधाओं के बारे में पूछा। डीएम ने एसआईसी से कहा कि अस्पताल में सुविधाओं के लिए रोगी कल्याण निधि से हर संभव सहायता दें।

# "सबकी योजना सबका विकास" शासन के निर्देश पर गांधी जयंती को "ग्राम पंचायत स्तर पर रिफार्म उत्सव" के रूप में मनाया जाएगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** गांधी जयंती को ग्राम पंचायत स्तर पर रिफार्म उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। इस दौरान ग्राम स्तर पर अधिकारी ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर कार्यक्रम कराएंगे। इस मामले में सी बीडीओ और एडीओ को तैयारी करने के लिए निर्देश दिए गए हैं।सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी ने सभी बीडीओ और एडीओं को पत्र जारी कर गांधी जयंती पर सभी ग्राम स्तर पर रिफार्म उत्सव मनाने के निर्देश दिए हैं। बताया गया है कि केंद्र सरकार ने नागरिक केंद्रित सुधारों एवं विभिन्न जन कल्याणकारी पहलों के संबंध में जन-जागरूकता, जनभागीदारी के निर्देश दिए हैं।इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए रिफॉर्म उत्सव को" सबकी योजना सबका विकास" के साथ करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम सभाओं का आयोजन कर नागरिकों के साथ विभिन्न सुधारात्मक पहलों पर संवाद, उनके लाभों की जानकारी और आवश्यक कार्यों की जानकारी दी जाएगी। इस मामले में ग्राम सभाओं के कार्यक्रम की जानकारी लघु वीडियो और फोटो के माध्यम से दी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### गांधी जयंती पर गाजियाबाद में 2 अक्टूबर को 5 किमी वॉकरेस प्रतियोगिता, महिला-पुरुष खिलाड़ी ले सकेंगे भाग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** राम मिलन क्रीड़ाधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया कि निदेशक, खेल निदेशालय उ०प्र०, लखनऊ द्वारा दिये गय आदेशों के अनुपालन में जिला खेल कार्यालय, गाजियाबाद द्वारा सॉई उपवन पार्क में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की जयन्ती के उपलक्ष्य में दिनांक 02 अक्टूबर 2026 को प्रातः 06.00 बजे से पुरूष एवं महिला (05 कि0मी0) ओपेन वर्ग में पैदलचाल (वॉकरेस) प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है, जिसमें जनपद के स्कूल,कॉलेज, स्टेडियम व संस्था आदि के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में प्रविष्टि निःशुल्क होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक महिला,पुरुष खिलाड़ी पैदलचाल (वॉकरेस) प्रतियोगिता से पूर्व प्रातः 05.30 बजे स्टेडियम में अपनी निःशुल्क प्रविष्टि करा लें। अधिक जानकारी हेतु श्री पुनीत कुमार एथलेटिक्स अंशकालिक प्रशिक्षक के मो0नं0 9927013082 पर सम्पर्क कर सकतें है।

### अखिल भारतीय बिश्नोई "रेल कर्मचारी संघ का चतुर्थ वार्षिक सम्मेलन हरिद्वार " में दो एवं 3 अक्टूबर को होगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** अखिल भारतीय बिश्नोई रेल कर्मचारी संघ के चतुर्थ वार्षिक दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन विश्नोई बाड़ा भीमगोड़ा हरिद्वार मे 2,3 अक्टूबर 2026 को किया जायेगा 'जिसमे 2अक्टूबर रात्रि जागरण तथा 3 अक्टूबर को मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा' उत्तराखंड सरकार के केबिनेट मंत्री मदन कौशिक मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे, एम्स ऋषिकेश के नर्सिंग अधिकारी ढोलाराम विशिष्ट अतिथि होंगे' सानिध्य स्वामी प्रणवानंद महाराज, आचार्य कृष्णानन्द महाराज का रहेगा ' यह जानकारी बुधवार को राहुल विश्नोई जाखड़ (उपाध्यक्ष अखिल भारतीय विश्नोई रेल कर्मचारी संघ) ने दी है ।




### निर्यातकों के लिए "स्मार्ट ट्रेड फाइनेंस विषय पर जागरूकता" संगोष्ठी का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) की ओर से होटल हॉलिडे रिजेंसी में निर्यातकों के लिए स्मार्ट ट्रेड फाइनेंस विषय पर जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें निर्यातकों को व्यापार वित्त की प्रक्रिया सरल बनाने, वित्तीय सहायता तक बेहतर पहुंच और आधुनिक वित्तीय विकल्पों की जानकारी दी गई।संगोष्ठी में एक्सपोर्ट फैक्टरिंग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने इसकी कार्यप्रणाली, सामान्य अग्रिम वित्तपोषण दर, जोखिम कवरेज, लागत और अलग-अलग निर्यात बाजारों में इसकी उपयोगिता समझाई। निर्यात कारोबार में आने वाली सामान्य वित्तीय समस्याओं और उनके व्यावहारिक समाधान पर भी चर्चा हुई। तकनीकी सत्र में क्रेडलिक्स के हेड ऑफ सेल्स एंड ग्रोथ मानसवी गोयल, एम 1-एनएक्सटी के वाइस प्रेसिडेंट-सेल्स प्रतीक कुमार और आईएफएससीए के मैनेजर सैमुअल वेस्ली ने निर्यात वित्तपोषण से जुड़े पहलुओं की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने प्रश्नोत्तर सत्र में निर्यातकों के सवालों के जवाब भी दिए। ईपीसीएच अध्यक्ष नीरज खन्ना ने कहा कि वैश्विक व्यापार के मौजूदा दौर में वित्तीय संसाधनों तक आसान पहुंच और प्रभावी कार्यशील पूंजी प्रबंधन जरूरी है। एक्सपोर्ट फैक्टरिंग से नकदी प्रवाह बेहतर करने और भुगतान जोखिम घटाने में मदद मिल सकती है।

### लाइन पर पेड़ों की कटाई के कारण बृहस्पतिवार को सुबह 11 से 3 तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी: सचिन रस्तोगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** बृहस्पतिवार को (आज) सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक , 33/11 KV विद्युत उपकेंद्र कांठ और रसूलपुर को पोषित किए जाने वाली 33 KV लाइन पर पेड़ों की कटाई -छँटाई का काम किया जाएगा जिससे कि भविष्य में उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके इस कारण सभी 11 KV पोषक की भी विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी ,विद्युत उपकेंद्र से पोषित सभी सम्मानित उपभोक्ताओं और किसान बन्धुओं की विद्युत आपूर्ति भी बाधित रहेगीअसुविधा के लिए खेद है, आमजन से सहयोग अपेक्षित है। यह जानकारी आज देर शाम उपखंड अधिकारी कांठ सचिन रस्तोगी ने दी है।

**समारोह** — शिविर का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मधुकर प्रिय जी द्वारा स्काउट ध्वज फहराकर किया गया था

# इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल प्रताप विहार गाजियाबाद, में आयोजित तीन दिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर को उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में समापन हुआ। शिविर का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मधुकर प्रिय जी द्वारा स्काउट ध्वज फहराकर किया गया था।

शिविर में उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एवं गाइड, जिला संस्था गाजियाबाद से आए जिला स्काउट प्रशिक्षक श्री राजदेव यादव द्वारा विद्यार्थियों को स्काउटिंग के विभिन्न उपयोगी कौशलों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में स्काउट-गाइड का इतिहास, गाँठें एवं बंधन, प्राथमिक चिकित्सा, तंबू निर्माण तथा विषम परिस्थितियों में जीवन जीने की कला का प्रशिक्षण प्रमुख रहा।





समापन समारोह में विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों की वेशभूषा, संस्कृति एवं खान-पान को प्रस्तुत करते हुए ह्वमिनी इंडिया, अखंड भारत एवं अनेकता में एकताह्व की सुंदर एवं आकर्षक झलक प्रस्तुत की। बिहार, दिल्ली, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गोवा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा एवं जम्मू-कश्मीर की प्रस्तुतियों ने शिविर को विशेष आकर्षण प्रदान किया। शिविर निरीक्षण निर्णायक समिति द्वारा विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों एवं गतिविधियों का निरीक्षण किया गया। मूल्यांकन में गोवा प्रदेश ने प्रथम, तथा महाराष्ट्र प्रदेश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक समिति में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मधुकर प्रिय जी तथा तुषार सर, संदीप सर, राहुल सर ,रोहित सर और यशिका मैम ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मधुकर प्रिय जी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए शिविर निरीक्षण के परिणाम की घोषणा की। उन्होंने निर्णायक समिति, विद्यालय परिवार, मुख्य अतिथि श्री प्रियंक जोशी सर (सेक्रेटरी).इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल प्रताप विहार गाजियाबाद तथा जिला संस्था गाजियाबाद से आए श्री राजदेव यादव के प्रति शिविर को सफल बनाने हेतु आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मनिर्भरता, सेवा-भावना, सहयोग, नेतृत्व क्षमता एवं आत्मविश्वास का विकास हुआ। विद्यार्थियों के उत्साह, उमंग और शानदार प्रस्तुतियों के साथ यह प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक एवं यादगार रूप में संपन्न हुआ।


Life-Line Education
Your Dream, Our Mission
International University of Kyrgyzstan
ISM
1993
IUK
INTERNATIONAL UNIVERSITY OF KYRGYZSTAN
Doctor Banne Ka Sapna Ab Bhi Possible Hai!
Uzbekistan में Seat Capping / Admission की परेशानी?
अब Kyrgyzstan में IUK एक विकल्प
अगर Uzbekistan में admission या seat capping की वजह से आपकी परेशानी आ रही है, तो परेशानी होने की बिल्कुल जरूरत नहीं!
अपने Doctor बनने के सपने को पूरा करने के लिए Kyrgyzstan में सही university का चुनाव एक विकल्प हो सकता है।
ADMISSIONS FOR MBBS ABROAD
World Class Medical Education (6 Years)
Globally Recognized Degree (NMC / WHO Approved)
Safe & Friendly Environment
Indian Food & Comfortable Hostel
Easy Admission Process
Our Office:
802, A Block, Naurang House, New Delhi 110001
Call / WhatsApp:
8770478972, 75350004848 , 8979571393
Website: www.lifelineeducation.in
Right Guidance Today... Bright Future Tomorrow...